संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शनिवार, 12 अप्रैल 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 19 अंक: 99 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


हरियाणा भाजपा प्रभारी सतीश पूनिया ने की अमित शाह से मुलाकात।

# मैं काशी का हूं और काशी मेरी है : प्रधानमंत्री

● वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 3900 करोड़ की 44 परियोजनाओं का किया शिलान्यास और लोकार्पण, मेहंदीगंज में आयोजित जनसभा को प्रधानमंत्री ने किया संबोधित

**विकास पर बल**

● पीएम मोदी ने 3900 करोड़ रुपये की 44 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया






**टीम एक्शन इंडिया**
**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे। काशीवासियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने 3900 करोड़ रुपये की 44 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मेहंदीगंज में आयोजित विशाल जनसभा में पीएम ने भोजपुरी में भी काशीवासियों से संवाद किया। अपने संबोधन में उन्होंने बार-बार काशी के प्रति अपने गहरे लगाव को दोहराया। उन्होंने कहा कि "काशी मेरी है और मैं काशी का हूं"।

**जौने काशी के स्वयं महादेव चलावेलन...**
प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में काशी के बदलते स्वरूप पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में काशी ने विकास की नई गति पकड़ी है। उन्होंने कहा कि काशी अब केवल पुरातन नहीं, बल्कि प्रगतिशील भी है। इसने आधुनिकता को अपनाया है, विरासत को संजोया है और भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए मजबूत कदम उठाए हैं। पीएम ने काशी को पूर्वांचल के आर्थिक नक्शे का केंद्र बताया और कहा, जौने काशी के स्वयं महादेव चलावेलन, आज उहे काशी पूर्वांचल के विकास के रथ के खींचत हौ। उन्होंने काशी की सांस्कृतिक धरोहर और आधुनिक बुनियादी ढांचे के सामंजस्य को भारत के विकास का एक अनूठा मॉडल करार दिया।

**3900 करोड़ की 44 परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास**
पीएम ने काशी और पूर्वांचल के लिए 3900 करोड़ रुपये की 44 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इनमें कनेक्टिविटी को मजबूत करने वाले इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स, गांव-गांव तक नल से जल पहुंचाने की योजनाएं, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार और खेल के क्षेत्र में नई पहल शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं पूर्वांचल को विकसित बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगी। काशी के हर निवासी को इन योजनाओं से लाभ मिलेगा। इन परियोजनाओं में लाल बहादुर शास्त्री एयरपोर्ट के विस्तार, भिखारीपुर और मंडुआडीह में फ्लाईओवर और बनारस-सारनाथ को जोड़ने वाला नया पुल जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स शामिल हैं।

**अब इलाज के लिए न जमीन बेचनी पड़ेगी, न कर्ज लेना पड़ेगा**
प्रधानमंत्री ने आयुष्मान वय वंदना कार्ड का भी वितरण किया, जिनमें दिनेश कुमार रावत, राजेंद्र प्रसाद और दुर्गावती शामिल थे। इस योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। पीएम ने कहा कि आज बुजुर्गों के चेहरों पर संतोष का भाव मेरे लिए इस योजना की सबसे बड़ी सफलता है। अब इलाज के लिए न जमीन बेचनी पड़ेगी, न कर्ज लेना पड़ेगा। आपके इलाज का खर्च अब सरकार उठाएगी। उन्होंने बताया कि काशी में अब तक 50 हजार आयुष्मान वय वंदना कार्ड वितरित किए जा चुके हैं, जिससे हजारों परिवारों को राहत मिली है।

**जीआई टैग से मिलेगी काशी की कला को वैश्विक पहचान**
प्रधानमंत्री ने रमेश कुमार, अनिल कुमार और छिद्दु को जीआई पंजीकृत प्रमाणपत्र सौंपे। उन्होंने बताया कि वाराणसी और आसपास के क्षेत्रों के 30 से अधिक उत्पादों को जीआई टैग प्रदान किया गया है, जिनमें तबला, शहनाई, ठंडई, लाल भरुआ मिर्च, लाल पेड़ा और तिरंगा बर्फी शामिल हैं। पीएम ने कहा कि जीआई टैग केवल एक प्रमाणपत्र नहीं, बल्कि हमारी मिट्टी की पहचान का पासपोर्ट है।

## 'भारत आज दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश'



**पीएम** ने बनास डेयरी के पशुपालकों को 106 करोड़ रुपये की बोनस राशि हस्तांतरित की। उन्होंने इसे पशुपालकों की मेहनत का पुरस्कार बताया और कहा कि ये कोई उपहार नहीं, बल्कि आपकी तपस्या का फल है। बनास डेयरी ने काशी में हजारों परिवारों की आर्थिक स्थिति को बदला है, खासकर महिलाओं को सशक्त बनाकर। पीएम ने कहा कि पूर्वांचल की अनेक बहनें अब लखपति दीदी बन चुकी हैं। पहले गुजारे की चिंता थी, अब उनके कदम खुशहाली की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारत आज दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है, जिसमें पिछले 10 वर्षों में 65 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। बनास डेयरी काशी संकुल 1 लाख किसानों से दूध संग्रह कर रहा है और गीर गायों का वितरण कर पशुपालकों को सशक्त बना रहा है।

**इन्फ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी से काशी की मिली नई रफ्तार**
प्रधानमंत्री ने वाराणसी और आसपास के क्षेत्रों में कनेक्टिविटी पर जोर देते हुए बताया कि पिछले 10 वर्षों में इस क्षेत्र में 45 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। इनमें फुलवरिया फ्लाईओवर, रिंगरोड, और गाजीपुर, जौनपुर, मिजार्पुर जैसे क्षेत्रों को जोड़ने वाले चौड़े रास्ते शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पहले छोटे-छोटे त्योहारों पर भी जाम लग जाता था। अब रास्ते चौड़े हुए हैं, समय बच रहा है। लाल बहादुर शास्त्री एयरपोर्ट के विस्तार के साथ-साथ 6 लेन का अंडरग्राउंड टनल, भिखारीपुर और मंडुआडीह में फ्लाईओवर और बनारस-सारनाथ को जोड़ने वाला नया पुल जैसे प्रोजेक्ट्स शुरू किए गए हैं।

### युवा मेडल चमकाकर देश का गौरव बढ़ाएंगे

**प्रधानमंत्री** ने काशी के युवाओं को खेल में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भारत 2036 में ओलंपिक की मेजबानी के लिए तैयार है और काशी के नौजवानों को अभी से मेहनत शुरू करनी होगी। काशी में नए स्टेडियम और स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स बनाए जा रहे हैं, ताकि युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण की सुविधा मिले। पीएम ने कहा कि काशी के युवा ओलंपिक में मेडल चमकाकर देश का गौरव बढ़ाएंगे।

## फास्ट न्यूज

### पद्म पुरस्कार के लिए शुरू हुई नामांकन की प्रक्रिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** गृह मंत्रालय (एमएचए) ने अगले वर्ष गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कार-2026 के लिए नामांकन और सिफारिशों की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और सिफारिश 31 जुलाई, 2025 तक की जा सकेगी। इन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन प्राप्त किया जाएगा। पद्म पुरस्कार में पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से एक हैं। 1954 में स्थापित इन पुरस्कारों की घोषणा हर साल गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर की जाती है। यह पुरस्कार विशिष्ट कार्य को मान्यता देने के लिए दिया जाता है। यह पुरस्कार कला, साहित्य और शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक मामले, सिविल सेवा, व्यापार और उद्योग आदि जैसे सभी क्षेत्रों और विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों और सेवा के लिए दिया जाता है। डॉक्टरों और वैज्ञानिकों को छोड़कर सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में काम करने वाले सरकारी कर्मचारी पद्म पुरस्कारों के लिए पात्र नहीं हैं। अधिकारियों ने बताया कि नरेंद्र मोदी सरकार 2014 से ही विभिन्न तरीकों से समाज में योगदान देने वाले कई गुमनाम नायकों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित कर रही है। नामांकन और अनुशंसाओं में उपर्युक्त पोर्टल पर उपलब्ध प्रारूप में सभी प्रासंगिक विवरण शामिल होने चाहिए। इस संबंध में विस्तृत जानकारी गृह मंत्रालय की वेबसाइट और पद्म पुरस्कार पोर्टल पर 'पुरस्कार और पदक' शीर्षक के अंतर्गत उपलब्ध है।

### औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर 2.9 प्रतिशत पर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारत की औद्योगिक उत्पादन वृद्धि फरवरी 2025 में घटकर छह महीने के निचले स्तर 2.9 प्रतिशत पर आ गई। इसका मुख्य कारण विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों का खराब प्रदर्शन है। सरकार की ओर से शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में इसकी पुष्टि की गई है। सरकार ने जनवरी 2025 के लिए औद्योगिक विकास दर के आंकड़े को भी संशोधित कर 5.2 प्रतिशत कर दिया है।

## तमिलनाडु में बीजेपी और एआईडीएमके में फिर गठबंधन



**साथ लड़ेंगे**

● एनईईटी और परिसीमन का मुद्दा ये (विपक्ष) लोग ध्यान भटकाने के लिए खड़ा कर रहे हैं: शाह

**टीम एक्शन इंडिया**
**चेन्नई:** तमिलनाडु में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा और एआईएडीएमके के बीच गठबंधन हो गया है। इसका एलान चेन्नई दौरे पर पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया है। चेन्नई में एआईएडीएमके नेता ई. के. पलानीस्वामी के साथ प्रेसवार्ता में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 'आज एआईएडीएमके और भाजपा के नेताओं ने मिलकर तय किया है कि आने वाला तमिलनाडु विधानसभा चुनाव एआईएडीएके, भाजपा और सभी साथी दल मिलकर एनडीए के रूप में एक साथ लड़ेंगे।'

**विपक्ष पर अमित शाह ने लगाए आरोप**
इस दौरान अमित शाह ने कहा- एनईईटी और परिसीमन का मुद्दा ये (विपक्ष) लोग ध्यान भटकाने के लिए खड़ा कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा- अन्नाद्रमुक की कोई शर्त और मांग नहीं है... अन्नाद्रमुक के आंतरिक मामलों में हमारा कोई हस्तक्षेप नहीं होगा... यह गठबंधन एनडीए और अन्नाद्रमुक दोनों के लिए फायदेमंद होने वाला है।

**पलानीस्वामी के नेतृत्व में लड़ेंगे चुनाव- अमित शाह**
तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए गठबंधन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 'ये चुनाव राष्ट्रीय स्तर पर पीएम मोदी के नेतृत्व में और राज्य स्तर पर एआईएडीएमके नेता एडप्पादी के. पलानीस्वामी के नेतृत्व में लड़े जाएंगे'। इस दौरान अमित शाह ने कहा, 'हम जनता के असली मुद्दों को लेकर जनता के बीच में जाएंगे और तमिलनाडु की जनता असली मुद्दों को जानती है और डीएमके से जवाब भी चाहती है।'

### देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10.87 अरब डॉलर बढ़कर 676.27 अरब डॉलर पर

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुंबई।** विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार पांचवें हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी दर्ज हुई है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार चार अप्रैल को समाप्त हफ्ते में 10.87 अरब डॉलर बढ़कर 676.27 अरब डॉलर पर पहुंच गया। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि चार अप्रैल को समाप्त हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10.87 अरब डॉलर बढ़कर 676.27 अरब डॉलर रहा।

## 11 वर्षों में बदला काशी का कलेवर: सीएम योगी



**आभार**

● परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास के लिए सीएम ने पीएम का जताया आभार

**टीम एक्शन इंडिया**
**वाराणसी।** महाकुंभ के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र काशी आगमन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को उनका आभार जताया। उन्होंने कहा कि विगत 11 वर्षों में प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में काशी का जो विकास हुआ है उस नई काशी को, उसके नए कलेवर को देखने के लिए पूरे देश के श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर किसी ने पिछले 11 वर्ष में बदलती हुई काशी को देखा है। यह वही काशी है, जो संकरी गलियों के लिए जानी जाती थी, अपने जाम के लिए जानी जाती थी। काशी शिक्षा का प्राचीन केंद्र रही है, लेकिन अस्त-व्यस्त पड़े शिक्षा के केंद्रों के साथ ही स्वास्थ्य के लिए, पर्यटन के लिए, कनेक्टिविटी के लिए पिछले 11 वर्षों में यहां 50000 करोड रुपए से अधिक की परियोजनाएं आई हैं। आज भी प्रधानमंत्री जी के कर कमलों से काशी में लगभग 4000 करोड़ की परियोजनाओं और लोकार्पण हो रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राधा-कृष्ण की लीलाओं से आच्छादित अंगवस्त्र पहनाकर और स्मृति चिन्ह के रूप में वाराणसी की जीआई टैग प्राप्त काष्ठकला से निर्मित कमल छत्र भेंट कर उनका स्वागत किया।

## रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना हुई बेमानी: राहुल



**केंद्र को घेरा**

● ईएलआई योजना का लाभ युवाओं को नहीं मिल पाने पर केंद्र सरकार की आलोचना की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन (ईएलआई) योजना का लाभ युवाओं को नहीं मिल पाने पर केंद्र सरकार की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि साल 2024 में इस मद में आवंटित 10 हजार करोड़ रुपये की राशि भी बिना उपयोग के वापस कर दी गई। इस तरह यह योजना बेमानी साबित हो रही है। राहुल गांधी ने आज एक बयान में कहा कि 2024 के चुनाव के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने हमारे युवाओं को रोजगार देने का वादा करते हुए बहुत धूमधाम से ईएलआई योजना की घोषणा की थी। इस योजना की घोषणा किए हुए लगभग एक साल हो गया है, सरकार ने इसे परिभाषित भी नहीं किया है और इसके लिए आवंटित 10 हजार करोड़ रुपये वापस कर दिए हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि केवल बड़े कॉरपोरेट्स पर ध्यान केंद्रित करके, निष्पक्ष व्यापार की बजाय कुछ खास व्यापारिक घरानों को बढ़ावा देकर, उत्पादन की बजाय असेंबली को प्राथमिकता देकर और स्वदेशी कौशल की उपेक्षा करके नौकरियां पैदा नहीं की जा सकतीं। तरीका एमएसएमई में बड़े पैमाने पर निवेश, निष्पक्ष बाजार जहां प्रतिस्पर्धा पनप सके, स्थानीय उत्पादन नेटवर्क के लिए समर्थन और सही कौशल से लैस युवाओं के माध्यम से है। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अत्यंत जोरशोर के साथ ईएलआई की घोषणा की लेकिन यह 10 हजार करोड़ की योजना कहां गायब हो गई?

## अमेरिका से करेंगे द्विपक्षीय व्यापार समझौता: जयशंकर



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ को लेकर भारत-अमेरिका के बीच हो रही व्यापार समझौता वार्ता पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बड़ा दावा किया। वैश्विक प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन (जीटीएस) में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि हम अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौता करने जा रहे हैं। पहले भी हमने ट्रंप प्रशासन से चार साल तक बात की थी, लेकिन यह सौदा नहीं हो पाया था। मगर अब हम पूरी तरह से तैयार हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि एक महीने में अमेरिकी प्रशासन में काफी बदलाव हुए हैं। इस बीच हमने वैचारिक रूप से एक समझौता किया है कि हम एक द्विपक्षीय व्यापार समझौता करेंगे।

## दूसरे परीक्षण में लॉन्ग रेंज ग्लाइड बम 'गौरव' ने लक्ष्य पर साधा सटीक निशाना



**उपयोगिता**

● ग्लाइड बम ने लॉन्ग व्हीलर द्वीप पर स्थापित लक्ष्य को बिल्कुल सटीकता से मारकर अपनी उपयोगिता साबित की

**टीम एक्शन इंडिया**
नई दिल्ली। भारतीय वायु सेना के सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान से लॉन्ग रेंज ग्लाइड बम (एलआरजीबी) गौरव अपने दूसरे परीक्षण में भी खरा उतरा है। ओडिशा के तट पर परीक्षण के दौरान ग्लाइड बम ने लॉन्ग व्हीलर द्वीप पर स्थापित लक्ष्य को बिल्कुल सटीकता से मारकर अपनी उपयोगिता साबित की। उड़ान की निगरानी डीआरडीओ के वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सफल उड़ान परीक्षण के लिए डीआरडीओ, भारतीय वायु सेना को बधाई दी। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने लॉन्ग रेंज ग्लाइड बम का पहला परीक्षण पिछले साल 14 अगस्त को किया था। डीआरडीओ ने लड़ाकू विमान एसयू-30 एमकेआई से 8-10 अप्रैल के दौरान लॉन्ग रेंज ग्लाइड बम (एलआरजीबी) 'गौरव' के सफल परीक्षण किए हैं। उड़ान परीक्षण के दौरान ग्लाइड बम ने लॉन्ग व्हीलर द्वीप पर स्थापित लक्ष्य को सटीक निशाना बनाया। एकीकृत परीक्षण रेंज में तैनात टेलीमेट्री और इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम के जरिए कैप्चर किया गया।

**बैठक की** मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम में अंतरराष्ट्रीय मानकों पर विकसित होने वाली ग्लोबल सिटी की साइट पर निवेशकों के साथ की बैठक

## हरियाणा के विकास में मील का पत्थर साबित होगी ग्लोबल सिटी: सैनी




**सुविधाएं**

● गुरुग्राम में एक हजार एकड़ में विकसित की जा रही ग्लोबल सिटी विकास परियोजना: सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सभी मानकों को ध्यान में रखते हुए गुरुग्राम में ग्लोबल सिटी विकसित की जाएगी। यह परियोजना हरियाणा के विकास में एक और मील का पत्थर साबित होगी। मुख्यमंत्री शुक्रवार को गुरुग्राम में ग्लोबल सिटी की साइट पर निवेशकों के साथ बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह, विधायक श्रीमती बिमला चौधरी, तेजपाल तंवर व मुकेश शर्मा भी मौजूद रहें।

**रोजगार के पांच लाख से अधिक अवसर होंगे सृजित**

नायब सिंह सैनी ने कहा कि एक लाख करोड़ रुपये से अधिक निवेश के साथ यह परियोजना लगभग 16 लाख लोगों के जीवन को प्रभावित करेगी। परियोजना के विकसित होने पर करीब पांच लाख रोजगार के नए अवसरों का सृजन होगा। एक हजार एकड़ पर विकसित की जा रही इस परियोजना में मिक्स यूज लैंड का प्रावधान किया गया है, जिसमें रिहायशी, व्यावसायिक, हॉस्पिटेलिटी व शैक्षणिक संस्थानों आदि के लिए भी विशेष स्थान रहेगा। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मानकों के हिसाब से विकसित की जा रही इस परियोजना का पहला चरण अगले साल के अंत तक निर्धारित टाइम लाइन अनुसार पूरा कर लिया जाएगा। परियोजना के पहले चरण में 587 एकड़ के क्षेत्रफल पर 940 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं।

**आधुनिक शहरों की तर्ज पर मिलेंगी सुविधाएं**
18 एकड़ में 350 मिलियन लीटर क्षमता का मास बैलेसिंग रिजर्वायर बनाया जाएगा, जोकि जल भंडारण के रूप में कार्य करेगा और इस सिटी की सुंदरता बढ़ाने के साथ साथ ग्लोबल सिटी के लिए सात दिनों का जल बैकअप भी प्रदान करेगा।

# समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने में ज्योतिबा फूले ने निभाई अग्रणी भूमिका: राजीव

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** नगर निगम के महापौर एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फूले की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके उनको नमन करते हुए युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे उनके आदर्शों व शिक्षाओं तथा संपूर्ण जीवन का अनुकरण कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका अदा करें। वे महात्मा फूले के जयंती समारोह में उपस्थित जनसमूह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। मुख्य आयोजन नई सब्जी मंडी चौक पर किया गया जहाँ पर प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद महात्मा ज्योतिबा फुले अमर रहें के नारे लगाए गए। राजीव जैन ने महात्मा ज्योतिबा फूले द्वारा अपने समय में किये गए कार्यों एवं उनके



सम्पूर्ण जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महात्मा फूले विरले संत एवं समाज सुधारक थे, जिनका पूरा जीवन समाज को समर्पित रहा। महात्मा फूले ने समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ जमकर आवाज बुलंद की। कुरीतियों को दूर करने के लिए संघर्ष किया और लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। विशेष रूप से उन्होंने समाज में व्याप्त महिलाओं की स्थिति को सुधारने के लिए संघर्ष किया। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों व शिक्षा के लिए लंबा संघर्ष किया, जिसके सुखद परिणाम भी सामने आये। उनका मानना था कि भावी पीढ़ी का निर्माण करने वाली

**राष्ट्र निर्माण**

**⏩ उनके आदर्शों व शिक्षाओं तथा संपूर्ण जीवन का अनुकरण कर रार्ष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका अदा करें**

माताओं-बहनों को शिक्षित किये बिना समाज व राष्ट्र की वास्तविक उन्नति नहीं हो सकती। जब इस कार्य के लिए उन्हें कोई महिला नहीं मिली तो उन्होंने अपनी पत्नी सावित्रीबाई फूले को शिक्षित कर एक शिक्षिका बनाया, ताकि वे महिलाओं को शिक्षित कर सकें। राजीव जैन ने कहा कि महात्मा फूले ने किसानों और श्रमिकों के कल्याण के लिए भी उल्लेखनीय प्रयास किया।

# दोस्त के साथ लौटते समय हादसा, एक की मौत दूसरा घायल

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: राई** थाना क्षेत्र के गांव जाखौली के पास तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने अनियंत्रित बाइक बिजली के पोल से जा टकराई। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने एक को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे को उपचार के बाद घर भेज दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। गांव खेवड़ा निवासी विजय ने बताया कि वह घरों में साफ-सफाई का काम करता है। गत 9 अप्रैल को वह अपनी बाइक पर अपने दोस्त दीपू के साथ बाइक पर सवार उसकी ससुराल गांव मनौली गए

**हादसा**

**⏩ घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने एक को मृत घोषित कर दिया**

थे। जब दोनों वापस लौट रहे थे तो गांव जाखौली के पास तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उनकी बाइक बिजली के खंभे से टकरा गई। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में दीपू (25) की मौके पर ही मौत हो गई। घायल विजय को अस्पताल में पहुंचाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। फिलहाल पुलिस ने दीपू के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

**उत्तर रेलवे**

**ई-खुली निविदा सूचना**

पत्र संख्या: 128-डब्लयू/269/निविदा सूचना/25-26/डब्लयू-ई/ टेंडर नं. 07 दिनांक 11.04.2025

मंडल अभियंता सम्पदा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यो के लिए खुली निविदा दिनांक 06.05.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | (ए) सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा-III के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/रेल भवन के कार्य क्षेत्र में रेल भवन में एक अतिरिक्त लिफ्ट का प्रावधान हेतु। |
| अनुमानित लागत | (ए) रुपये 17224427.64 |
| धरोहर राशि | (ए) रुपये 236100.00 |
| समापन अवधि | (ए) 06 महीने |

1. निविदा दिनांक 06.05.2025 को 15:00 बजे तक जमा की जा सकती है एवं तत्काल खोली जाएगी।

1100/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **संजू, पुत्र श्री दयाल, निवासी मेन बाजार बंबई वाली बड़ा कुंवा, बहादुरगढ़, हरियाणा** ने **FIR No. 029846/2023, U/s 411 IPC, पुलिस थाना निहाल विहार, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **संजू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **संजू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना निहाल विहार, दिल्ली** के अभियुक्त **संजू** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
सुश्री कोमल गर्ग
एल.डी. न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी – 03
कक्ष संख्या: 292,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/4518/OD/2025

# मौसम में बदलाव के चलते रूक-रूककर हुई बारिश में मंडी से लेकर खेत तक भीगा पीला सोना

**सोनीपत**

**दिल्ली-एनसीआर** क्षेत्र में सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ का असर किसान के खेत से लेकर मंडी में लाई गई गेहूं की फसल को लेकर चिंता बढ़ने लगी है। कई दिनों से प्रचंड गर्मी के बाद बृहस्पतिवार को देर शाम को रूक-रूककर हुई बारिश से मंडी में पीला सोना भीग गया। एजेंसी की तरफ से की हुई गेहूं की खरीद को बोरियों भी भीग गई। जिसकी वजह से किसानों को नुकसान झेलना पड़ा है। मंडी के साथ खेत में गेहूं की फसल में नमी का सामना किसानों को करना पड़ेगा। समाचार लिखे जाने तक देर रात तक तेज हवाएं व बूंदाबांदी होती रही। बता दें कि ऊपरी वायुमंडल की जेट धाराएं दक्षिणावर्त होने की वजह से अप्रैल माह में बैक-टू-बैक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहे है। अब एक बार फिर से प्रेरित चक्रवातीय सकुर्लेशन उत्तरी राजस्थान पर बना हुआ है। जिसकी वजह से बृहस्पतिवार देर शाम को आसमान में काले बादल छाए गए। और हल्की बूंदाबांदी भी हुई। मौसम विभाग के अनुमानों के अनुसार मौजूदा पश्चिमी विक्षोभ का असर 15 अप्रैल तक रहेगा। इसके बाद 16 अप्रैल, 19 अप्रैल व 21 अप्रैल को भी पश्चिमी विक्षोभ

**अनाज भीगा**

**⏩ वायुमंडल की जेट धाराएं दक्षिणावर्त होने की वजह से अप्रैल माह में बैक-टू-बैक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहे**

सक्रिय होने का अनुमान है। ऐसे में अप्रैल माह के अंत तक मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव बना रहेगा।

**किसानों की बढ़ी परेशानी, कटाई व कढ़ाई प्रक्रिया हुई प्रभावित** - बृहस्पतिवार देर शाम से लेकर रात तक रुक-रुक कर हुई बूंदाबांदी के कारण फसलों की कटाई व कढ़ाई में जुटे किसानों की टेंशन बढ़ गई है। बृहस्पतिवार को वातावरण में नमी और उमस बढ़ने से गेहूं की मशीनों से कटाई की प्रक्रिया प्रभावित रही। जिन किसानों ने हाथों से कटाई की थी, उनका गेहूं भी खेत में भीग गया। जिसके कारण कढ़ाई की प्रक्रिया प्रभावित रही।

**बारिश में भीगा गेहूं, खुले आसमान के नीचे किसानों को पीला सोना**- शहर के सोनीपत-खरखौदा सड़क मार्ग स्थित नई अनाज मंडी में बारिश में खुले में पड़ा गेहूं भीग गया। किसानों कहना है कि मजबूरन उन्हें खुले में गेहूं की फसल को उतारना पड़ रहा है। शैड के नीचे एजेंसी की तरफ से खरीदा गया गेहूं बोरियों में रखा हुआ है। मंडी में समय पर उठान न होने के चलते किसानों को परेशानी का सामना करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। वहीं एजेंसी की तरफ से भीगे गए गेहूं को बोरियों में डाला जा रहा है। मौजूदा समय में गेहूं भीग जाने के कारण उसका वजन भी बढ़ गया है। बाद में गेहूं के सूख जाने के बाद बोरियों में वजन को लेकर परेशानी सामने आयेगी।

**जिले की मंडियों में अब तक की जा चुकी है 38 हजार 806 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद**- रबी सीजन के तहत जिले में गेहूं की खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। अब तक जिले में कुल 38 हजार 806 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो चुकी है। इसमें से 3625 मीट्रिक टन गेहूं की लिफ्टिंग पूरी हो चुकी है और शेष लिफ्टिंग का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गेहूं की खरीद बताया कि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग , हरियाणा राज्य सहकारी आपूर्ति टन, हरियाणा वेयरहाउस कॉरपोरेशन (एचडब्ल्यूसी) के द्वारा 3875 मीट्रिक टन तथा भारतीय खाद्य निगम के द्वारा 247 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **केशव पुत्र** फूल चंद, **निवासी** D-503, जे.जे. कॉलोनी, एम.पी.के. नई दिल्ली, ने **FIR No. 388/22, Dt. 20.07.2022, U/S 33/58 Delhi Excise Act, पुलिस स्टेशन जैतपुर, दक्षिण–पूर्व जिला, नई दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **केशव** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **केशव** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 388/22, Dt. 20.07.2022, U/S 33/58 Delhi Excise Act, पुलिस स्टेशन जैतपुर, दक्षिण –पूर्व जिला, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **केशव** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.07.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री छवि बंसल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-II,
कमरा नं0 02, दक्षिण–पूर्व जिला,
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/4558/SE/2025
(Court Matter)

# पोपलेन मशीनों से चीरा जा रहा यमुना नदी का सीना, गौ-चरान की भूमि पर अवैध खनन करने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: जिले** में यमुना नदी से रेत का अवैध कारोबार करने का मामला संज्ञान में आया है। ग्रामीण ने डीजीपी हरियाणा सहित अन्य विभाग के अधिकारियों को शिकायत भेजकर गांव की पंचायती जमीन गौ-चरान भूमि पर मशीनों से अवैध खनन करने के आरोप की शिकायत भेजी है। शिकायत में पीड़ित ने सूचना के बाद मुरथल थाना पुलिस द्वारा कार्यवाही न करने व खनन कारोबारियों के साथ मिलीभगत करने का आरोप लगाया है। हालांकि मामले में थाना प्रभारी ने ग्रामीण द्वारा लगाएं आरोपों को निराधार बताया है। गांव मेंहदीपुर निवासी सत्यवान ने बताया कि गत 8 अप्रैल को वह अपने खेत में काम करने के लिए गया था। वहां जाकर देखा तो गांव की पंचायती जमीन जोकि गौ-चरान की भूमि है। उस पर अवैध खनन किया जा रहा है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि गांव में किसी कंपनी को ठेका दे रखा है। ठेके की जमीन से करीब आठ सौ, नो सौ मीटर की पंचायती जमीन पर कंपनी द्वारा अवैध खनन करने का

**शिकायत**

**⏩ अधिकारियों को शिकायत भेजकर गांव की पंचायती जमीन गौ-चरान भूमि पर मशीनों से अवैध खनन करने के आरोप की शिकायत भेजी है**

काम किया जा रहा है। वह अगले दिन 9 अप्रैल को फिर से खेत में पहुंचा। जहां उसने देखा कि उक्त जमीन पर आठ-नौ मशीनें यमुना नदी से पानी की गहराई से रेत निकालते हुए पाई गई। ग्रामीण ने बताया कि मशीनों द्वारा हर रोज करोड़ों रुपये कीमत की अवैध रेत को निकालने का कार्य प्रशासन की नाक तले किया जा रहा है। इस संबंध में डीजीपी हरियाणा, सोनीपत पुलिस आयुक्त, थाना प्रभारी मुरथल, माइनिंग विभाग सहित गुप्चर विभाग व पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड पंचकूला में अपनी शिकायत भेजकर अवैध रेत के कारोबार को बंद करवाने की गुहार लगाई है।

**मुरथल थाना पर लगाए धमकी देने के आरोप**- पीड़ित ने मामले को लेकर अलग-अलग विभागों में अपनी शिकायत को भेजा है। शिकायत में पीड़ित ने मुरथल थाना पुलिस पर मिलीभगत करने व उसे मामले को लेकर धमकी देने का आरोप लगाया है। आरोप है कि उसने यमुना नदी में हो रहे अवैध खनन के बारे में गत 9 अप्रैल को 11.23 बजे मुरथल थाने के सरकारी नंबर पर कॉल कर सूचना दी।

जिसमें कॉलर ने खुद को इंस्पेक्टर बातते हुए उसे धमकी देना शुरू कर दिया। कॉलर ने कहा कि वह खान पर किस लिए गया था। वह थाने में आ उसे वह बताता है।

**आरोप निराधार, शिकायतकर्ता के खिलाफ थाने में आ चुकी है शिकायत**- मामले को लेकर मुरथल थाना प्रभारी राजीव ने बताया कि उनके ऊपर लगाए आरोप निराधार है। समय-समय पर यमुना क्षेत्र में गश्त की जा रही है। अवैध तरीके से रेत निकालने वालों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जाती है।

## घर से सामने ई-रिक्शा चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र की लांडा कॉलोनी में घर के बाहर से ई-रिक्शा के चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। बिहार हाल में लांडा कॉलोनी निवासी आंदन कुमार ने बताया कि वह ई-रिक्शा चलाकर परिवार का गुजर-बसर करते है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 (2) (ii) Cr. P.C. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **चिमेज़ी हेनरी** पुत्र ऑकोली, **निवास** द्वारका, दिल्ली ने **FIR. No. 821/21 U/s 14 F. Act. थानाः तिलक नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **चिमेज़ी हेनरी** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **चिमेज़ी हेनरी** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR. No. 821/21 U/s 14 F. Act. थानाः तिलक नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **चिमेज़ी हेनरी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार डॉ. अनीजा बिश्नोई
जेएमएफसी-07 कमरा नं 289
तीस हज़ारी कोर्ट, दिल्ली

DP/4447/WD/2025
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 (2) (ii) Cr. P.C. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सनोज कुमार कार्यालयः** सी.बी.आर. प्रमोटर्स एण्ड डिवलेपर्स प्रा. लि. **निवास** ए-1 तीसरा तल, सेक्टर-10, नोएडा यू.पी. ने **CC.No. 541607/16 U/s 138 NI Act. थानाः कोतवाली, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सनोज कुमार** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सनोज कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC.No. 541607/16 U/s 138 NI Act. थानाः कोतवाली, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सनोज कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार देशना गोलेच्छा
जेएमएफसी (एनआई एक्ट)-07
कमरा नं 507, तीस हज़ारी कोर्ट, दिल्ली

DP/4495/N/2025
(Court Matter)

**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी हेतु सूचना**

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / माल भाड़ा, दिल्ली डिवीज़न, उत्तर रेलवे,** रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022 / टीसी(एफएम) / 10 / 04 दिनांक 13.06.2022, के अनुसार **दिल्ली मंडल के विभिन्न स्टेशनों से चलने वाली** निम्नलिखित ट्रेनों में **एसएलआर** के स्थान को **02 वर्षों** के पट्टे पर देने के लिए आईआरईपीएस के **ई-नीलामी** मॉडयूल के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जाती है:

| क्रम संख्या | ई-नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | एस्सेट्स जिनकी नीलामी की जानी है |
|---|---|---|
| 1. | 09.04.2025 को 10:30 बजे | 12015 (F1), 12050 (F1), 12459 (F1), 13430 (F1), 14087 (F1, F2, R1), 14089 (F1, F2, R1), 14303 (F1, F2, R1), 14316 (F2), 15035 (F2), 15060 (F1, R1), 22472 (F1, F2, R1), 54076 (F1, R1). |
| 2. | 11.04.2025 को 10:30 बजे | 12430 (F1), 12463 (F1), 12584 (F1), 12754 (F1), 12876 (F1), 14035 (F1, F2, R1), 14053 (R1), 14152 (F1), 14164 (F1), 14521 (F1, F2, R1), 14681 (F1), 20473 (F1, R1), 22168 (F1, F2), 22401 (F1), 22438 (F1). |

**महत्वपूर्ण सूचना: 1.** ई-नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को https://www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_centre.html. (e-Auction leasing section) पर जाने की सलाह दी जाती है।

**2.** निम्नलिखित एस्सेट्स जिन्हें पुनः संशोधित रिज़र्व प्राइस (RP) पर आमंत्रित किया जा रहा है: **a.** 22401 (F1). **b.** 54076 (F1, R1).

**3.** रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन निविदाओं / अनुबंधों को समाप्त करने का सम्पूर्ण अधिकार रखता है या इनके संबंध में किसी संशोधन अथवा अतिरिक्त नियमों और शर्तो के साथ इन निविदाओं अथवा अनुबंधों के बीच में ही समाप्त करने अथवा जारी रखने के संबंध में, जो की इन ट्रेनों के जारी रहने अथवा समाप्त होने कि स्थिति पर निर्भर करता है।

**1096/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**एक्शन इंडिया**

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्पलेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042

संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

मैं जो की प्रदीप पुत्र रामपत निवासी गांव महमूदपुर माजरा तहसील गन्नौर जिला सोनीपत ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र पवन मेरे वह मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है और अपनी मनमानी करता है मैं पवन को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल और संबंध विच्छेद करता हूं आज के बाद अगर कोई भी पवन से लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी वह मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

मै जोकि सुरेंद्र पुत्र रामसिंह निवासी गांव गुमड़, तहसील गन्नौर जिला सोनीपत का स्थाई निवासी हूं और अपने हल्फ से ब्यान करता हूं कि नैनसी मेरी सगी पुत्री है जोकि मेरे ओर मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है तथा अपनी मनमानी करती है। इस लिए मैं नैनसी को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं यदि आज के बाद वह कोई भी उचित या फिर अनुचित कार्य करती है या फिर किसी से कोई लेना-देना करती है तो उसकी वह स्वयं जिम्मेदार होगी आज के बाद हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# नरेला के एजुकेशनल हब के लिए 500 करोड़ का बजट: एलजी

### इस अवसर पर यूजी से पीएचडी तक के कुल 24,456 छात्रों को डिग्री प्रदान की गई

**दीक्षांत समारोह**

● दीक्षांत समारोह में कुल 110 पीएचडी प्राप्तकर्ताओं में 35 पुरुष और 75 महिलाएं शामिल हैं





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** उच्च शिक्षा हमारी प्राथमिकता में है। इसके मद्देनजर नरेला में प्रस्तावित एजुकेशनल हब के लिए इस साल के बजट में 500 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया गया है। दिल्ली के उपराज्यपाल एवं गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी (आईपीयू) के कुलाधिपति विनय कुमार सक्सेना ने शुक्रवार को यह बातें आईपी यूनिवर्सिटी के द्वारका कैंपस में आयोजित 17वें दीक्षांत समारोह में अध्यक्षीय भाषण में कही। इस अवसर पर यूजी से पीएचडी तक के कुल 24,456 छात्रों को डिग्री प्रदान की गई। 110 छात्रों को पीएचडी, 12 को एमफिल, 2,624 को मास्टर्स, 20,739 को बैचलर्स, 483 को एमबीबीएस, 488 को एमडी, एमएस एवं आयुर्वेद वाचस्पति की डिग्री दी गई। इनमें से 74 छात्रों को स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में कुल 110 पीएचडी प्राप्तकर्ताओं में 35 पुरुष और 75 महिलाएं शामिल हैं। इसके अलावा 73 मेडल विजेताओं में, 49 महिलाएं हैं। साथ ही यूनिवर्सिटी के द्वारा दिए गए विशेष पदक भी महिलाओं ने जीते। यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलसचिव रहे डॉ. बीपी जोशी की स्मृति में दिया जाने वाला एक स्वर्ण पदक रिया दुआ को दिया गया, सिद्धार्थ खिटोलिया अवार्ड मुस्कान गुप्ता ने प्राप्त किया और अशोक साहनी एवं सुमन साहनी अवार्ड क्रमशः टेक्नोलॉजी एवं मेडिसिन के फील्ड में उल्लेखनीय योगदान के लिए पूजा सुखीजा और हिमानी तोमर को दिया गया। डिग्री लेने वाले छात्रों को संबोधित करते हुए उपराज्यपाल सक्सेना ने कहा कि अब आपके कंधों पर पूरे समाज और राष्ट की जिम्मेदारी है। आपको संवेदनशील रहना होगा। जो शिक्षा किसी के जीवन में खुशी ना ला सके वो किसी काम की नहीं। मानवीय मूल्यों की पढ़ाई किताबों से संभव नहीं है। इतिहास इस बात का गवाह है कि एक मनुष्य पूरी दुनिया में परिवर्तन ला सकता है। अब दिल्ली सुरक्षित हाथों में है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि हमारी प्राथमिकता दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने की है। छात्रों का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि समाज के प्रति वे अपनी जिम्मेदारी को समझें।

## महिला समेत दो ड्रग्स तस्कर गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पश्चिमी जिले के मोती नगर इलाके में ड्रग्स का धंधा करने वाली एक महिला समेत दो ड्रग्स तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान रुखसाना और मोहम्मद मुस्लिम के रूप में हुई है। दोनों के कब्जे से पुलिस ने 14 किग्रा. गांजा बरामद किया है। पश्चिमी जिले के डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि मोती नगर एसएचओ वरुण दलाल की टीम को सूचना मिली कि इलाके में एक महिला तस्करी में लिप्त है। जानकारी जुटाने के बाद छापेमारी कर पुलिस टीम ने रुखसाना को पकड़ा। पूछताछ में रुखसाना ने बताया कि वह मोहम्मद मुस्लिम नामक व्यक्ति से गांजा खरीदती है। इसके आधार पर पुलिस टीम ने शिव बस्ती रेलवे लाइन के समीप मोहम्मद मुस्लिम को गांजे के साथ पकड़ा। दोनों के कब्जे से करीब 14 किग्रा. गांजा मिला। मोहम्मद मुस्लिम ने खुलासा किया कि पटेल नगर निवासी अनवर से वह गांजा लेता है।



बाबा साहेब आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में दिल्ली विधानसभा परिसर में शुक्रवार कोआयोजित कार्यक्रम में बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता और विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट व अन्य।

## विधानसभा में दिव्यांग बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

**नई दिल्ली**। दिल्ली विधानसभा में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती के उपलक्ष्य में दिव्यांग बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता मुख्य अतिथि और रविंदर सिंह इंद्राज (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन हमें संघर्ष, धैर्य और आत्मबल का पाठ पढ़ाता है। उन्होंने समाज को ज्ञान का अमृत दिया और स्वयं अपमान का जहर पी गए।

## सीएजी ऑडिट रिपोर्टों पर विधानसभा में हुई समीक्षा बैठक



**निर्देश दिए**

● विधानसभा अध्यक्ष ने 20 अप्रैल तक शराब की सप्लाई रेगुलेशन पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को विधानसभा में भारत के महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्टों पर एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने की। बैठक में विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, लोक लेखा समिति के अध्यक्ष अजय महावर, सरकारी उपक्रमों पर समिति के अध्यक्ष गजेंद्र ड्राल, अतिरिक्त मुख्य सचिव (वित्त) और दिल्ली की महालेखाकार रोली शुक्ला मालगे मौजूद रहीं। विधानसभा अध्यक्ष ने 20 अप्रैल तक शराब की सप्लाई और रेगुलेशन पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही विधानसभा अध्यक्ष ने 30 अप्रैल तक बाकी सभी कैग रिपोर्टों पर एक्शन टेकन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक को संबोधित करते हुए विजेंद्र गुप्ता ने ऑडिट टिप्पणियों पर समयबद्ध कार्रवाई के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने शासन में उत्तरदायित्व और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मजबूत तंत्र विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में उपस्थित समितियों और विभागीय अधिकारियों ने ऑडिट सिफारिशों के प्रभावी अनुपालन के लिए संस्थागत समन्वय को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक के दौरान महालेखा परीक्षक (ऑडिट), दिल्ली द्वारा नवीनतम ऑडिट रिपोर्टों की प्रमुख टिप्पणियों एवं निष्कर्षों पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई। इसके बाद ऑडिट पैरा मॉनिटरिंग सिस्टम (एपीएमएस) के क्रियान्वयन की स्थिति और दिल्ली विधानसभा के द्वितीय सत्र के दौरान प्रस्तुत रिपोर्टों से संबंधित "एक्शन टेकन नोट्स" पर व्यापक चर्चा हुई।

## तिब्बती युवा कांग्रेस ने चीनी दूतावास के बाहर किया प्रदर्शन

**इंसाफ की मांग**

● तुल्कु हंगकर दोरजे की संदिग्धावस्था में मौत के मामले में न्याय की मांग को लेकर किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली में तिब्बती युवा कांग्रेस के कार्यकताओं ने शुक्रवार को चीनी दूतावास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया, जहां उन्हें पुलिस ने हिरासत में ले लिया। यह विरोध प्रदर्शन धार्मिक नेता तुल्कु रिगजिन हंगकर दोरजे की संदिग्धावस्था में मौत के मामले में न्याय की मांग को लेकर किया गया। तुल्कु रिगजिन हंगकर दोरजे काफी समय से लापता थे। प्रदर्शनकारियों ने तुल्कु रिगजिन हंगकर दोरजे की संदिग्धावस्था में मौत पर न्याय की मांग करते हुए चीनी दूतावास के बाहर तोड़फोड़ भी की। इस दौरान उनके हाथो में तिब्बत के झंडे और तख्तियां पकड़े देखा गया। उल्लेखनीय है कि तिब्बती युवा कांग्रेस तिब्बती निर्वासित समुदाय में सबसे बड़े और सबसे सक्रिय गैर सरकारी संगठनों में से एक है। इसमें राजनीतिक सक्रियता, अंतरराष्ट्रीय मंचों पर तिब्बत की वकालत, सामाजिक सेवाएं और तिब्बती युवाओं में नेतृत्व कौशल विकसित करके उनका पोषण करने की विरासत है।



नजफगढ़-सुरखपुर रोड का स्थानीय विधायक नीलम कृष्ण पहलवान एवं अधिकारियों के साथ निरीक्षण करते दिल्ली के लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा

## रोहिणी डिपो में चार्जिंग पाइंट पर खड़ी डीटीसी बस में लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के रोहिणी बस डिपो में चार्जिंग पाइंट पर खड़ी डीटीसी बस में शुक्रवार सुबह अचानक आग लग गई। मामले की सूचना मिलते ही दमकल की तीन गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दमकलकर्मियों ने एक घंटे के भीतर आग पर काबू पाया। दमकलकर्मियों को बस में लगी बैटरी में लगी आग को बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। फिलहाल, घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। दमकल विभाग के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब 9.48 बजे सूचना मिली कि रोहिणी बस डिपो में आग लग गई है।

## फॉर्च्यूनर कार पर अंधाधुंध फायरिंग, एक की मौत



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बाहरी दिल्ली के पश्चिम विहार इलाके में शुक्रवार सुबह रिंग रोड पर एक फॉर्च्यूनर कार पर अज्ञात बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं। इस घटना में कार चला रहे व्यक्ति की मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। मृतक की पहचान राजकुमार दलाल (40) के रूप में हुई है। फिलहाल पश्चिम विहार ईस्ट थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। डीसीपी सचिन शर्मा ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 7:15 बजे पीसीआर को कॉल मिली कि एसबीआई कॉलोनी के सामने कई राउंड फायरिंग की गई है।

मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि बदमाशों ने फॉर्च्यूनर कार को निशाना बनाते हुए करीब 8 से 10 राउंड गोलियां चलाईं। घटना में गोली लगने से एक व्यक्ति घायल हुआ था, जिसे पुलिस ने तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। क्राइम के अलावा फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए।

अभी तक की जांच में पता चला है कि राजकुमार प्रॉपर्टी डीलर थे और उनका कार्यलय टिकरी कलां में था। शुक्रवार सुबह वह जिम जाने के लिए घर से निकले तभी बदमाशों ने उनकी कार पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं।

फिलहाल पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल कर बदमाशों की पहचान करने में जुटी हुई है।

### घर के बाहर टहल रहे युवक को बदमाशों ने मारी गोली

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** उत्तर पूर्वी दिल्ली के मुस्तफाबाद इलाके में गली में टहल रहे एक युवक को बदमाशों ने गोली मार दी। घायल युवक को परिवार वालों ने जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया और मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची दयालपुर थाना पुलिस ने घायल युवक के पिता के बयान पर हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। फिलहाल पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल कर बदमाशों की पहचान करने में जुटी हुई है।

## आप सरकार के समय स्कूलों में हुए निर्माण की विजिलेंस जांच के आदेश



**जांच बैठी**

● सरकारी स्कूलों की छतों से बारिश के समय कक्षों में पानी टपकने सहित कई शिकायत मिली

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** **लोक निर्माण विभाग** के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी सरकार के समय सरकारी स्कूलों में हुए निर्माण कार्यों की विजिलेंस जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आज पालम विधानसभा दौरे के दौरान सरकारी स्कूलों की छतों से बारिश के समय कक्षों में पानी टपकने सहित कई शिकायत मिली। इसके बाद विजिलेंस जांच के आदेश दिए गए। लोक निर्माण विभाग के मंत्री ने विधानसभा के सरकारी स्कूल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि स्कूल की प्रधानाचार्य ने बारिश के समय स्कूल की छत से कक्षाओं में पानी टपकने की शिकायत की। प्रधानाचार्य ने बताया कि बारिश के समय छात्रा कक्षाओं में पानी भरने की वजह से पढ़ाई नहीं कर पाते हैं। उन्होंने कहा कि दो साल पहले बनी स्कूल की छत बारिश के समय पानी टपकना गंभीर मामला है। निरीक्षण के दौरान स्कूल में कई खामियां देखने को मिली। इसलिए पिछली सरकार के समय स्कूलों में हुए निर्माण की विजिलेंस जांच के आदेश दिए गए हैं। लोक निर्माण विभाग के मंत्री आज स्थानीय विधायक कुलदीप सोलंकी के साथ पालम विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। दौरे के दौरान विधायक ने मंत्री को यहां की कई समस्याओं के बारे में बताया। इसके बाद मंत्री ने सभी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग के मंत्री ने कहा कि हर विधानसभा क्षेत्र की तरह पालम विधानसभा क्षेत्रों में भी सभी नालियां बंद हैं और सड़कों पर अतिक्रमण किया गया है।

## मेयर ने निगमायुक्त को हटाने के लिए गृह मंत्री को लिखा पत्र

**मांग**

● महापौर ने अश्विनी कुमार के स्थान पर एक उत्तरदायी निगमायुक्त की नियुक्ति की मांग की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के महापौर महेश कुमार खिची ने निगमायुक्त अश्विनी कुमार को हटाने के लिए शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है। महापौर ने अश्विनी कुमार के स्थान पर एक उत्तरदायी निगमायुक्त की नियुक्ति की मांग की है। महापौर ने पत्र में लिखा है कि निगमायुक्त सदन को बिना विश्वास में लिये जनता की कमर तोड़ने वाले टैक्स लगा रहे हैं और विभिन्न मामलों में फीस बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि निगमायुक्त का रवैया पूरी तरह से उदासीन और जनविरोधी है। महापौर ने कहा कि नागरिक सुविधाएं देने के लिए निगम के कार्यपालक अधिकारियों एवं विधायी संस्थाओं के प्रमुखों के साथ समन्वय एवं सहयोग आवश्यक है। खिची ने कहा कि जनता टैक्स के बोझ से परेशान है और निगमायुक्त ने जो वादे किए थे, वे पूरे नहीं किए। पत्र में उन्होंने यह भी लिखा है आयुक्त को तत्काल प्रभाव से पद से हटाया जाए।

## दिल्ली मंडल के रेल प्रबंधक ने कहा-कुलियों को प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण दिया जाएगा

**चिकित्सा**

● कार्य स्थितियों और समग्र कल्याण में सुधार के लिए रेलवे के प्रयासों का एक अनिवार्य हिस्सा है

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) पुष्पेश रमन त्रिपाठी ने शुक्रवार को कहा कि कुलियों को प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को लाभ होगा और साथ ही यह कुलियों के दैनिक जीवन में भी उपयोगी होगा। त्रिपाठी ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कुलियों से बातचीत की और उनकी समस्याओं का समाधान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/यात्री सेवाएं, स्टेशन निदेशक और दिल्ली मंडल के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। डीआरएम त्रिपाठी ने कहा कि सहायकों के साथ बातचीत उनकी कार्य स्थितियों और समग्र कल्याण में सुधार के लिए रेलवे के प्रयासों का एक अनिवार्य हिस्सा है। सहायकों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि वे स्टेशन पर यात्रियों के साथ संपर्क में सबसे आगे होते हैं और उन्हें यात्रियों के साथ विश्वास का माहौल बनाने का प्रयास करना चाहिए। सहायकों को प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण दिया जाएगा जिससे रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को लाभ होगा और साथ ही यह सहायकों के दैनिक जीवन में भी उपयोगी होगा। उत्तर रेलवे के अनुसार, इस बातचीत का उद्देश्य रेलवे प्रशासन और कुलियों के बीच संबंधों को मजबूत करना था। कुलियों की रेलवे स्टेशन के सुचारू संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। डीआरएम ने कुलियों के सुझावों को सुना और उन्हें उनके कल्याण के लिए रेलवे की प्रतिबद्धता का आश्वासन दिया। डीआरएम ने उनके विश्राम स्थलों पर सुविधाओं में सुधार सहित विभिन्न कल्याणकारी पहलों पर चर्चा की।

## पीईसी ने किया एग्रीवोल्टाइक्स साइट का दौरा, दिए निर्देश



**समीक्षा**

● पीएम कुसुम और पीएम सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना की समीक्षा की, जमीनी परिप्रेक्ष्य प्रदान किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सांसद डॉ. संजय जायसवाल की अध्यक्षता वाली पार्लियामेंट्री एस्टीमेट्स कमेटी (पीईसी) ने दिल्ली के नजफगढ़ के इस्सापुर में सनमास्टर एग्रीवोल्टाइक्स प्लांट का दौरा किया। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के सहयोग से नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) द्वारा आयोजित इस दौरे में दो प्रमुख योजनाओं पीएम-कुसुम और पीएम सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना के कार्यान्वयन की समीक्षा पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस दौरे में संसद सदस्यों और अधिकारियों को एग्रीवोल्टाइक्स तकनीक का जमीनी परिप्रेक्ष्य प्रदान किया गया, जो सौर ऊर्जा उत्पादन और कृषि खेती दोनों के लिए भूमि के दोहरे उपयोग की अनुमति देता है। प्रतिनिधिमंडल का स्वागत एमएनआरई के अतिरिक्त सचिव सुदीप जैन ने किया, जिन्होंने कृषि के लिए स्वच्छ, टिकाऊ ऊर्जा को बढ़ावा देने में पीएम-कुसुम के उद्देश्यों और प्रभाव पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कैसे यह योजना खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा दोनों को सुनिश्चित करते हुए ऊर्जा पहुंच को बढ़ाकर किसानों को सशक्त बनाती है। इस सत्र में ग्राउंड-माउंटेड सोलर सिस्टम और स्टिल्ट-आधारित एग्रीवोल्टाइक्स मॉडल के बीच तुलनात्मक विश्लेषण किया गया, जिसमें लागत-प्रभावशीलता और भूमि-उपयोग दक्षता के संदर्भ में प्रमुख लाभों पर प्रकाश डाला गया- जो पीएम-कुसुम विजन के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। प्लांट का दौरा करने के समय समिति के सदस्यों ने स्थानीय किसानों के साथ बातचीत भी की, जिससे उन्हें ग्रामीण आजीविका में सौर ऊर्जा की परिवर्तनकारी भूमिका के बारे में सीधी जानकारी मिली। पर्यावरण प्रतिबद्धता के तहत डॉ. संजय जायसवाल और समिति के सदस्यों ने "एक पेड़ मां के नाम" पहल के तहत पौधरोपण अभियान में भाग लिया। सदस्यों ने किसानों के साथ ट्रैक्टर की सवारी भी की, जिससे उनकी जमीनी स्तर पर भागीदारी और कृषि क्षेत्र की वास्तविकताओं को समझने की प्रतिबद्धता को बल मिला। डॉ. जायसवाल ने एमएनआरई और हितधारकों की उनके समन्वित प्रयासों और ऊर्जा और कृषि को समन्वित करने के लिए एग्रीवोल्टाइक्स की क्षमता की सराहना की।

उन्होंने ग्रामीण भारत में किसानों के लिए इसके मापनीयता और अधिकतम लाभ का पता लगाने के लिए आगे के अध्ययनों की सिफारिश की।

# हरियाणा को नशा मुक्त बनाने का लें संकल्प: सीएम

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने खेल परिसर फरीदाबाद से साइक्लोथॉन 2.0 यात्रा को गुरुग्राम के लिए किया रवाना

**आह्वान**

● नशा मुक्त हरियाणा बनाने की दिशा में और युवाओं में नशे के विरुद्ध जागरूकता पैदा करने में अहम भूमिका निभाएगी साइक्लोथॉन 2.0 झ मुख्यमंत्री, साइक्लोथॉन यात्रा के जरिए रखी जा रही मजबूत भविष्य की नींव





**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत और सशक्त भारत बनाने के विजन को साकार करने के लिए नशा मुक्त हरियाणा बनाना हमारा संकल्प है। इसके लिए सरकार के साथ-साथ युवाओं, अभिभावकों और सामाजिक संस्थाओं को साथ मिलकर नशे के खिलाफ लड़ाई लड़नी होगी। इसी उद्देश्य के साथ शुरू की गई ड्रग-फ्री हरियाणा साइक्लोथॉन 2.0 यात्रा प्रत्येक घर-परिवार को नशे से बचाने और प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री आज फरीदाबाद में ड्रग-फ्री हरियाणा साइक्लोथॉन 2.0 को झंडी दिखाकर रवाना करने के दौरान उपस्थितजन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर हाथ हिलाकर साइकिलिस्ट के जोश को दोगुना कर दिया।

## मिलकर लड़ें नशे के खिलाफ लड़ाई: सीएम सैनी

**मुख्यमंत्री** ने मंच से सभी बुजुर्गों, महिलाओं व नौजवानों, माता-पिता, शिक्षकों, सामाजिक संस्थाओं का आह्वान किया कि वे नशे के खिलाफ इस लड़ाई को मिलकर लड़ें। सामाजिक बदलाव की शुरूआत घर से होती है। घर में नशे के खिलाफ खुलकर बातचीत हो। जो बच्चे नशे के आदी हो चुके हैं, उन्हें गले लगाएं, धिक्कारें नहीं। अपने बच्चों से स्पष्ट संवाद करें, उन्हें समझाएं, डराएं नहीं, क्योंकि नशा केवल एक व्यक्ति की समस्या नहीं है, यह पूरे समाज के लिए चुनौती है और मिलकर ही इस चुनौती से निपटा जा सकता है। स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम हों, पंचायतें व शहरी स्थानीय निकाय भी इस मुद्दे पर गंभीरता से कार्य करें।

मुख्यमंत्री ने युवाओं से भी अपील की कि अपने जीवन को नशे से बचाएं और यदि कोई युवा नशे की गिरफ्त में चला गया है, तो उससे दूरी बनाने की बजाय उसका सहयोग करें, उसे सही रास्ते की ओर लाने का प्रयास करें।

**ड्रग्स की तस्करी पर लगाम के लिए बनाए कड़े कानून**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार नशा रोकने के प्रति पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। सरकार ने ड्रग्स की तस्करी पर लगाम लगाने के लिए कड़े कानून बनाए हैं। लेकिन कानून से भी बड़ा है जन-आंदोलन। यह साइकिल यात्रा उसी जन आंदोलन का हिस्सा है। जब लोग खुद जागरूक होंगे, तभी वे दूसरों को जागरूक करते हुए बदलाव सुनिश्चित करेंगे।

वर्ष 2023 से शुरू हुआ साइक्लोथॉन का कारवां

मुख्यमंत्री ने बताया कि इसी तरह की साइक्लोथॉन रैली वर्ष-2023 में भी पूरे प्रदेश में निकाली गई थी, जोकि 25 दिनों तक चली थी। उस रैली में एक लाख 77 हजार 200 साइकिलिस्ट जुड़े थे और 5 लाख 25 हजार से अधिक लोगों ने भागीदारी की थी। उसकी सफलता को देखते हुए साइक्लोथॉन 2.0 का आयोजन किया जा रहा है।

युवाओं को नशा न करने की शपथ दिलाई

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं को शपथ दिलाई कि सभी युवा आज प्रण लें कि वे जीवन में किसी प्रकार का नशा नहीं करेंगे और अन्य लोगों को भी नशा न करने के प्रति प्रेरित करेंगे। नशे के कारोबार की अगर उन्हें कहीं जानकारी मिलती है तो उसे हेल्पलाइन नंबर 90508-91508 व 1933 और मानस पोर्टल पर इसकी सूचना देंगे।

स्वास्थ्य विभाग को मिली दो नई एडवांस लाइफ

उन्होंने कहा कि यह यात्रा जिस सार्थक संदेश के साथ आगे बढ़ रही है और प्रत्येक गांव व शहर में इसके प्रति युवा शक्ति में जो उत्साह है, उससे स्पष्ट है कि नशे से बचने के प्रति जागरूकता लाने में यह महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि आज जब हम विकसित हरियाणा-विकसित भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। हमें हर उस स्थिति से लड़ना है, जो समाज को पीछे धकेलती है। उन्होंने कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है, जो सिर्फ व्यक्ति को नहीं बल्कि पूरे परिवार को खोखला करती है। यह एक सामाजिक, आर्थिक और मानसिक समस्या है। नशा हमारे युवाओं के भविष्य को अंधकार की ओर ले जाता है। इसी अंधकार को मिटाने के लिए सरकार ने यह जागरूकता यात्रा चलाई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह यात्रा नशा मुक्त हरियाणा-हमारा सपना, हमारा संकल्प को सार्थक बनाने की दिशा में तथा प्रदेश के लोगों खासकर युवाओं में नशे के विरुद्ध जागरूकता पैदा करने में सफल साबित होगी।

**हरियाणा से हुई नशे के खिलाफ अभियान की शुरूआत**

नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा जैसे प्रगतिशील, जुझारू और धाकड़ राज्य को नशा मुक्त बनाने के लिए गत 5 अप्रैल को हिसार से साइक्लोथॉन यात्रा का शुभारंभ हुआ था, जो भिवानी, चरखी दादरी, नारनौल, रेवाड़ी और पलवल होते हुए आज फरीदाबाद पहुंची है और आज यहां से गुरुग्राम के लिए रवाना होगी। आगामी 27 अप्रैल तक यह यात्रा पूरे प्रदेश का भ्रमण करके लोगों के बीच में जन जागरण कर नशा मुक्ति का संदेश फैलाने का काम करेगी। इस नशा मुक्त अभियान का संदेश फैलाने के लिए प्रदेश में लाखों लोगों ने पंजीकरण करवाया है।

**मुख्यमंत्री का साइकिलिस्ट से आह्वान, यह न देखें कि कितनी दूर जाना है, बल्कि देखें कि कितनी दूर आ गए हैं**

मुख्यमंत्री ने साइक्लोथॉन 2.0 में शामिल साइकिलिस्ट में जोश भरते हुए कहा कि इस यात्रा के माध्यम से नशे के खिलाफ जो बीड़ा उठाया है, वह बहुत ही नेक व सराहनीय कार्य है। इस यात्रा के दौरान आप यह न सोचें कि कितनी दूर जाना बाकी है, बल्कि इस बात पर ध्यान दें कि आप कितनी दूर आ गए हैं। यह सकारात्मक सोच आपको इस साइकिल रैली में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करेगी। इस दौरान उन्होंने नशा न करने व नशे से बचाव के लिए सभी को शपथ दिलाई।

**साइक्लोथॉन यात्रा के जरिए रखी जा रही मजबूत भविष्य की नींव**

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि जो युवा इस साइकिल यात्रा से जुड़ रहे हैं, वे आने वाली पीढ़ी के भविष्य की नींव को मजबूत कर रहे हैं। इस अभियान के माध्यम से जब एक बच्चा भी नशे से दूर होगा या एक भी परिवार टूटने से बचेगा या जब एक युवा अपने सपनों को पूरा करेगा, यह यात्रा की सफलता मानी जाएगी।

# 10 जिलों में आईएमटी होगी स्थापित: सीएम नायब सिंह सैनी



**मेक इन इंडिया**

मेक इन इंडिया के साथ मेक इन हरियाणा का भी सपना होगा साकार - मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/संजीव कौशिक**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार प्रदेश में आईएमटी खरखोदा की तरह 10 जिलों में आईएमटी स्थापित करेंगे। इससे मेक इन इंडिया के साथ मेक इन हरियाणा का भी सपना साकार होगा और प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। मुख्यमंत्री खरखौदा में निर्माणाधीन मारुति प्लांट के प्रगति कार्य की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि विकसित भारत की नींव मजबूत करने के लिए राज्य सरकार हर कदम पर उद्यमियों के साथ हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेक इन इंडिया और विकसित भारत के संकल्प को आईएमटी खरखोदा जैसे प्रोजेक्ट सिद्धि तक लेकर जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार उद्यमियों को ऑनलाइन आवेदन करने पर सभी प्रकार की एनओसी सिंगल विंडो के माध्यम से 15 दिन के अंदर जारी करेगी। इसमें अगर कुछ अड़चन आती भी है तो उन अड़चनों को दूर करते हुए प्रदेश सरकार 30 दिन में एनओसी जारी कर देगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा के लिए गर्व की बात है कि दुनिया का सबसे बड़ा कार उत्पादन प्लांट खरखोदा आईएमटी में स्थापित होने जा रहा है, जो पूरा होने पर साल में दस लाख कारों का उत्पादन करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को हिसार में महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट से फ्लाइट सेवाओं का शुभारंभ करने, यमुनानगर में 800 मेगावाट सुपर क्रिटिकल पावर प्लांट का शिलान्यास करने आ रहे हैं प्रधानमंत्री के आगमन से प्रदेश के विकास की गति और तेज होगी। इस अवसर पर उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह, सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल कौशिक, विधायक पवन खरखोदा, विधायक कृष्णा गहलावत, निखिल मदान, मेयर राजीव जैन सहित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# गर्मी पर सतर्क हुई सरकार, स्कूलों में तीन बार पानी पीने को बजेगी घंटी

**दिशा-निर्देश**

● निदेशालय की ओर से स्पष्ट हिदायत दी गई है कि विद्यार्थियों को धूप में नहीं बैठाया जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा में गर्मी इस समय पूरे चरम पर है। मौसम में हो रहे बदलाव और गर्मी के तेवरों को देखते हुए शिक्षा विभाग अलर्ट हो गया है। विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने ग्रीष्म ऋतु के दौरान विद्यार्थियों को लू और गर्मी की से बचाने के लिए शुक्रवार को निर्देश जारी किए हैं। गर्मी को देखते हुए विद्यालयों में दिन में तीन बार पानी पीने के लिए घंटे बजाई जाएगी। इसके साथ ही निदेशालय की ओर से स्पष्ट हिदायत दी गई है कि विद्यार्थियों को धूप में नहीं बैठाया जाएगा, यदि कहीं विद्यार्थी धूप में बैठे पाए जाते हैं तो संबंधित स्कूल मुखिया के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। निदेशालय की ओर से सभी जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारियों के साथ स्कूल मुखियाओं व प्रभारी को निर्देश जारी किए हैं कि ग्रीष्म ऋतु आरंभ हो चुकी है और गर्मी का प्रकोप बढ़ना शुरू हो गया है। गर्मी को देखते हुए किसी भी प्रकार का कार्यक्रम या आयोजन खुली धूप में नहीं किया जाएगा। विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए साफ पीने के पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। विद्यालयों में उपलब्ध रेडक्रॉस फंड में से लू से बचाव के लिए ओआरएस पैकेट की व्यवस्था की जाए, इसके लिए विद्यालय के रेडक्रॉस फंड से आवश्यकतानुसार राशि के उपयोग हेतु विद्यालय की एसएमसी को अधिकृत किया जाता है। निदेशालय की ओर से स्पष्ट हिदायत दी गई है कि विद्यार्थियों के साथ गर्मी से बचाव के उपायों बारे चर्चा की जाए तथा व्यापक जानकारी उपलब्ध कराई जाए। यही नहीं, स्थानीय स्तर पर आयुष विभाग से संपर्क किया जाए और किसी भी आपात स्थिति के संदर्भ में अस्पताल में संपर्क किया जाए तथा आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें।

# छात्राएं जीवन की चुनौतियों का संयम, धैर्य के साथ करें सामना- शिक्षा मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि छात्राओं को शिक्षा ग्रहण करने के उपरांत जीवन की चुनौतियों का संयम, धैर्य और विश्वास के साथ सामना करना चाहिए। उन्होंने आह्वान किया कि छात्राएं अंतरआत्मा की आवाज सुनकर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा आज रोहतक स्थित महिला राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्यातिथि छात्राओं व शिक्षकों को संबोधित कर रहे थे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि छात्राएं भारत की संस्कृति और सभ्यता से जुड़े महान विचारों के साथ विश्व कल्याण व विश्व शांति का संकल्प लेकर वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र तथा विश्व गुरू बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी स्वयं को आज के नागरिक मानते हुए समाज व देश के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का संकल्प लें। देश में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। देश की बेटी कल्पना चावला व सुनीता विलियम्स ने विश्व में भारत का लोहा मनवाया है। शिक्षा मंत्री ने विभिन्न विषयों में डिग्री प्राप्त करने वाली सभी 1232 छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. दर्शना ने सभी छात्राओं को डिग्रियों से अलंकृत किया। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा का महाविद्यालय परिसर पहुंचने पर एनसीसी की छात्राओं ने गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मान किया।

# हनीट्रैप केस में महिला वकील व एएसआई समेत चार गिरफ्तार

**काबू**

● एक डॉक्टर से छेड़छाड़ का झूठा केस दर्ज करने की धमकी देकर 10 लाख रुपये की मांग कर रहे थे

**टीम एक्शन इंडिया**
**पलवल।** सदर थाना पुलिस ने हनीट्रैप मामले में एक महिला वकील और एएसआई सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी एक डॉक्टर से छेड़छाड़ का झूठा केस दर्ज करने की धमकी देकर 10 लाख रुपये की मांग कर रहे थे। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई की। मामला बामनीखेड़ा-दीघोट मार्ग स्थित एक नर्सिंग होम के डॉ. बिजेंद्र सिंह की शिकायत पर सामने आया। एएसपी आयुष यादव ने शुक्रवार को बताया कि डॉक्टर को एक महिला का फोन आया। महिला ने खुद को एडवोकेट पूनम राव बताया। उसने डॉक्टर पर नर्सिंग होम में काम करने वाली लड़की से छेड़छाड़ का आरोप लगाया। महिला वकील ने डॉक्टर को ओमैक्स सिटी बुलाया। वहां उसने डॉक्टर को अपनी गाड़ी में बिठाकर 10 लाख रुपए की मांग की। धमकी दी कि पैसे नहीं देने पर छेड़छाड़ का केस दर्ज करवा देंगे और सोशल मीडिया पर बदनाम कर देंगे। बातचीत में रकम सात लाख रुपए तय हुई। डॉक्टर ने इस मामले की शिकायत सदर थाना प्रभारी एएसपी आयुष यादव से की। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों को 6.5 लाख रुपए लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। मौके से हस्ताक्षर किए गए नोट भी बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। डॉक्टर ने सदर थाना पुलिस इंचार्ज आईपीएस आयुष यादव को इस बारे में पूरी जानकारी दी। जिसके बाद इस बात को एसपी चंद्र मोहन के संज्ञान में लाया गया तो एसपी ने गठित की। टीम ने छह लाख रुपए के नोट हस्ताक्षर करने के बाद नंबर नोट कर लिए। उसके बाद पुलिस ने डॉक्टर और उनकी पत्नी को रुपए देने के लिए एडवोकेट पूनम के घर भेज दिया।

# स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन ने टीचर डायरी लिखने का किया विरोध

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार के राजकीय स्कूलों के शिक्षकों को रोजाना टीचर डायरी लिखने के आदेश का विरोध शुरू हो गया है। हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन (हसला) ने इसका विरोध जताते हुए सेकेंडरी शिक्षा निदेशक को एक पत्र लिखकर फैसले को वापस लेने की मांग की है। हसला के प्रदेशाध्यक्ष सतपाल सिंधु ने शुक्रवार को शिक्षा निदेशक को लिखे पत्र में एमआईएस पोर्टल पर शिक्षक डायरी लिखने के फैसले को अव्यावहारिक बताया। उन्होंने इस फैसले को वापस लेने और आगामी फैसलों से पहले शिक्षकों से सुझाव अनिवार्य रूप से लेने की मांग की है। सिंधु ने कहा कि एमआईएस पोर्टल पर शिक्षक डायरी का डिजिटलीकरण शैक्षिक ढांचे के लिए एक समृद्ध कदम नहीं माना जा सकता है क्योंकि यह केवल एक बेकार काम है, जिससे शिक्षकों, स्कूल प्रमुखों, जिला निगरानी अधिकारियों और यहां तक कि राज्य मुख्यालय अधिकारियों के लिए समय की बबार्दी होगी। यह डिजिटलीकरण से संबंधित कुछ अन्य असाइनमेंट की तरह एक निष्फल असाइनमेंट साबित होगा।

# विकास के नए आयाम करेंगे स्थापित: गौरव गौतम

**आयाम**

● स्वच्छता के साथ-साथ सौंदर्यीकरण में जिले को अव्वल बनाने के लिए वह संकल्पित है : गौरव

**टीम एक्शन इंडिया**
**पलवल।** हरियाणा सरकार में खेल, युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता और कानून एवं विधायी राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि मेरा पलवल मेरी प्राथमिकता है। पलवल के लोगों को सभी मूलभूत सुविधाएं मिले और स्वच्छता के साथ-साथ सौंदर्यीकरण में जिले को अव्वल बनाने के लिए वह संकल्पित है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रदेशभर की सडकों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री द्वारा पलवल की सडकों को लेकर 250 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है, इसलिए जिले की सभी सडकों को दुरुस्त किया जाए। आगामी छह महीनों में पलवल की कोई भी सडक टूटी हुई नजर नहीं आनी चाहिए। खेल मंत्री गौरव गौतम ने शुक्रवार को जिला सचिवालय स्थित सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। मंत्री गौरव गौतम ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मानसून के आगमन से पहले जिले के सभी ड्रेन की सफाई करना संबंधित विभाग के अधिकारी होना सुनिश्चति कर लें। बारिश के मौसम में पलवल की सडकों पर जलभराव नहीं होना चाहिए। बारिश होने के बाद 30 मिनट के अंदर आमजन को जलभराव की समस्या से निजात दिलवाने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारी कार्य करें। उन्होंने कहा कि शहर में सफाई व्यवस्था भी दुरुस्त की जाए। नगर परिषद के अधिकारी रात्रि में सफाई करवाने के कार्य को भी जल्द शुरू करवाएं। इस अवसर पर उन्होंने बिजली निगम के अधिकारियों को गर्मी के मौसम में सुचारु रूप से बिजली देना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को भी मच्छरों की रोकथाम को लेकर पलवल में फॉगिंग करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को फील्ड में उतरने के निर्देश देते हुए कहा कि वरिष्ठ अधिकारी दिन निर्धारित कर फील्ड में जाकर लोगों को दी जा रही मूलभूत सुविधाओं का जायजा लें। उन्होंने इसके लिए मॉनीटरिंग कमेटी बनाने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने मंत्री गौरव गौतम को आश्वासन दिया कि उनके द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों को गंभीरता से अमल में लाना सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष विपिन बैंसला, अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी, एसडीएम ज्योति, डीएमसी मनीषा शर्मा, एसडीएम गुरमीत सिंह, सीईओ जिला परिषद जितेंद्र कुमार व नगराधीश अप्रतिम सिंह सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# किसी निश्चित दुकान से पुस्तकें व ड्रेस खरीदने के लिए बाध्य न करें स्कूल प्रबंधन

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि प्रदेश के सभी मान्यता प्राप्त स्कूल प्रबंधन को राज्य सरकार के नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा। मंत्री ने कहा कि कोई भी स्कूल प्रबंधन किसी एक दुकान से पाठ्य पुस्तकें, स्टेशनरी, ड्रेस आदि खरीदने के लिए विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को बाध्य नहीं कर सकता।

शिक्षा मंत्री ने शुक्रवार को कहा कि इस सम्बन्ध में शिक्षा विभाग ने निर्देश जारी कर दिए गए हैं। शिक्षा मंत्री ढांडा ने कहा कि कोई भी स्कूल विद्यार्थियों की स्कूल ड्रेस पांच साल से पहले नहीं बदल सकता। इसके अलावा स्कूल की ओर सिफारिश की गई दुकानों से पाठ्य पुस्तक, अभ्यास पुस्तिका, लेखन सामग्री, जूते, जुराब व ड्रेस इत्यादि खरीदने के लिए कोई भी विद्यार्थी बाध? नहीं होगा। वह किसी भी दुकान से स्कूल सामग्री खरीद सकता है। उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों व मौलिक शिक्षा अधिकारियों को भी शिक्षा निदेशालय ने परिपत्र जारी किया गया है। शिक्षा मंत्री ने बताया कि फिर भी अगर किसी भी अभिभावक को दिक्कत है तो वे या दूरभाष संख्या 01725049810 संपर्क कर सकते हैं।

# पूंडरी हलके को मिली 26 खेल नर्सरियां, ग्रामीण क्षेत्रों से उभरेंगे खिलाड़ी: सतपाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**कैथल।** पूंडरी विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में शिक्षा व खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार पुरजोर प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में खेल विभाग की तरफ से ग्रामीण क्षेत्रों के उभरते खिलाडियों को निखारने के लिए पूंडरी हलके में सरकारी शिक्षण संस्थानों और ग्राम पंचायतों को कुल 26 खेल नर्सरियां प्रदान की हैं। इससे युवा प्रतिभाओं को मंच मिलेगा और वे अपनी प्रतिभा का संवार कर देश व प्रदेश का नाम रोशन कर सकेंगे। खेल नर्सरियां प्रदान करने पर विधायक जांबा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा खेल मंत्री गौरव गौतम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में मुख्यालय की ओर से पत्र जारी हुआ है। इस पत्र में हरियाणा प्रदेश में खोली गई खेल नर्सरी का जिक्र किया गया है। खेल विभाग की ओर से पंचायतों और सरकारी स्कूलों में खेल नर्सरियां खोली गई हैं। इनमें कबड्डी, जूडो, हॉकी, एथलेटिक्स, फुटबाल, वालीबाल, बॉक्सिंग, हैंडबॉल आदि खेल नर्सरी शामिल हैं। विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में खिलाड़ी सुविधाओं और योग्य प्रशिक्षकों के अभाव में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते थे, लेकिन भाजपा सरकार ने खिलाडि?ों को निखारने के लिए खेल नर्सरी आबंटित की हैं। खेल नर्सरी से निश्चित तौर पर खिलाडि?ों को प्रोत्साहन मिलेगा और भविष्य के चैंपियन तैयार करने में मील का पत्थर साबित होगा। हमारा प्रयास रहेगा कि इन खेल नर्सरियों के माध्यम से खेलों को जमीनी स्तर पर मजबूत किया जाए और हर युवा को अपनी प्रतिभा को दिखाने का अवसर पर मिले। उन्होंने युवाओं से भी आह्वान किया कि वे खेलों की ओर अग्रसर हों, जिससे आपका शरीर तो स्वस्थ रहेगा ही साथ में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के खेलों में भाग लेकर अपने साथ साथ अपने गांव व प्रदेश का नाम भी रोशन कर सकते हो।

# किसान क्रांति अब सड़कों पर नहीं, खेतों में हो रही है : कृषि मंत्री



**महाकुंभ**

● दिल्ली में आयोजित "किसान महाकुंभ 2025" में बोले कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि आज का किसान सड़कों पर नहीं, खेतों में चुपचाप अपने खेती की क्रांति कर रहा है। नवाचार, तकनीक और बाजार की समझ के साथ यह नई पीढ़ी खेती को नए मुकाम तक ले जा रही है। ये विचार कृषि मंत्री ने नई दिल्ली में आयोजित "किसान महाकुंभ 2025" में अपने सम्बोधन के दौरान व्यक्त किए। राणा ने पुरस्कार विजेता और प्रगतिशील किसानों को संबोधित करते हुए देश के युवा किसानों को भारत की कृषि क्रांति के असली नायक बताया। उन्होंने कहा कि यह धारणा गलत है कि सभी युवा खेती छोड़ रहे हैं। उन्होंने सामने बैठे किसानों की ओर इशारा करते हुए कहा कि ये युवा किसान सड़क पर नहीं दिखते, लेकिन खेत से लेकर ब्रांडिंग तक की पूरी वैल्यू चेन को समझते हैं और उसमें निपुणता दिखा रहे हैं। उन्होंने इस आशंका को भी नकारा कि यह किसानों की आखिरी पीढ़ी है। उन्होंने कहा कि ये आखिरी नहीं, बल्कि नए युग की पहली पीढ़ी है। नवाचार, वैल्यू एडिशन और ब्रांडिंग ही भविष्य के किसान के हथियार हैं और यह युवा पीढ़ी इन सभी हथियारों का आधुनिक तकनीक के साथ प्रयोग करना अच्छी तरह से जानती है। कृषि मंत्री ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए बताया कि हरियाणा देश का पहला राज्य बन गया है जहां 24 फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जा रही है। उन्होंने इसे किसानों के श्रम और सम्मान को समर्पित नीति बताया। उन्होंने वित्त वर्ष 2025-26 में कृषि बजट में 19.2% की बढ़ोतरी, बागवानी बजट में 95.5% और मत्स्य पालन क्षेत्र में 144.4% की वृद्धि को सरकार की कृषि समर्पित सोच का प्रमाण बताया। श्याम सिंह राणा ने बताया कि फलों और सब्जियों को खराब होने से रोकने और उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए राज्यभर में 140 पैक हाउस और कलेक्शन सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार चाहती है कि किसी किसान की उपज बर्बाद न हो और हर किसान को उसका उचित मूल्य मिले। उन्होंने जलवायु, क्षेत्र और जोत के आकार के अनुसार कृषि के स्थानीय मॉडल विकसित करने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि एक जैसे मॉडल सभी पर लागू नहीं होते। छोटे किसानों के लिए विशिष्ट और व्यावहारिक समाधान जरूरी हैं। उन्होंने कहा और नाबार्ड व बैंकों से ऐसे मॉडलों को

# देश विदेश में धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया भारतीय योग संस्थान का 59वां स्थापना दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : भारतीय योग संस्थान** पंजीकृत का 59 वां स्थापना दिवस पूरे भारतवर्ष ही नहीं, विदेशों में भी धूमधाम व पूरे उत्साह के साथ मनाया गया । संस्थान के अखिल भारतीय प्रधान योग रत्न देसराज गुप्ता और अखिल भारतीय महामंत्री ललित गुप्ता ने अपने संदेश में संस्थान के सभी साधक- साधिकाओं, कार्यकताओं, अधिकारियों, शुभचिंतकों को 59 वें स्थापना दिवस पर बधाई संदेश व शुभकामनाएं भेजी हैं । संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के प्रधान ओम प्रकाश ने योगाश्रम कुरुक्षेत्र से प्रदेश के सभी साधक-साधिकाओं को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए संस्थान के ईश्वरीय कार्य का निरंतर विस्तार करने का आह्वान किया और सभी की योग साधना में प्रगति की मंगल कामना की । संस्थान के प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार



ग्रोवर ने बताया कि कुरुक्षेत्र में योग साधना केन्द्रों पर स्थापना दिवस उल्लास पूर्वक मनाया गया। भीष्म योग जिला के देवीलाल पार्क में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार, संरक्षक हरिराम जोशी, जिला प्रधान सीमा सांगवान, हरि कृष्ण भारद्वाज, जगवीर सांगवान, रामस्वरूप चोपड़ा, गुलशन नारंग, नंद गोपाल बंटी, विजयलक्ष्मी, डॉ रणवीर सिंह इत्यादि उपस्थित रहे । कृष्ण योग जिला द्वारा जिंदल पार्क में आयोजित कार्यक्रम में जिला प्रधान देवी दयाल सैनी, सतीश शर्मा, रामकरण शर्मा, दीपक शर्मा इत्यादि उपस्थित रहे । रामकरण शर्मा का जन्मदिन वैदिक रीति से मनाया गया । खेड़ा पार्क में जिला मंत्री हेम सिंह राणा, जोन प्रधान मिथिलेश चौधरी, पुष्पा, मांगेराम, डिप्टी सिंह, मंजू रानी इत्यादि उपस्थित रहे । अर्जुन योग जिला के खेड़ा मंदिर धर्मशाला केंद्र पर मुख्य अतिथि इस्कॉन के सतपाल शर्मा, संस्थान के प्रांतीय प्रधान ओमप्रकाश, जिला प्रधान मनीराम सैनी, राजेश भट्ट, कमलजीत शर्मा, नीरज शर्मा, सूबेदार रविंद्र

**मंगलकामना**

**संस्थान के ईश्वरीय कार्य का निरंतर विस्तार करने का आह्वान किया और सभी की योग साधना में प्रगति की मंगल कामना की**

कौशिक, संतराम सैनी, हंसराज, ओम प्रकाश बाजवा, ईश्वर वर्मा इत्यादि तथा शिव मंदिर सेक्टर 5 में हरिराम जोशी, महेंद्र गुप्ता, भीमराज सैनी इत्यादि उपस्थित थे । जेनेसिस क्लासेस में सूबेदार रविंद्र कौशिक ने विद्यार्थियों के साथ भारतीय योग संस्थान का स्थापना दिवस मनाया । युधिष्ठिर जिला द्वारा 8 सेक्टर में प्रांतीय प्रधान ओम प्रकाश, इंजी. ए पी जैन, प्रधान सुमन तोमर, शिव कुमार, डॉ आर के पारिख, रेखा गोयल, रेनू जैन, कृष्णा, दयानंद, लाजपत गोयल, रमेश शर्मा, डॉ रणवीर, डॉ राजवीर, रीना तथा सेक्टर 5 में बरखा, रमणी, ओमी देवी, राजेश, रेखा, मधु, उमा इत्यादि ने स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया । कर्ण जिला के अंतर्गत महालक्ष्मी स्कूल में निशा सोरसी, तेजिंद्र, सीमा, आरती, पूजा, सोनिया इत्यादि सहित सभी ने स्थापना दिवस मनाया । प्रत्येक स्थान पर मुख्य अतिथियों ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला और केंद्र प्रमुखों ने संस्थान की स्थापना, उद्देश्यों एवं भावी योजनाओं तथा संस्थान के संस्थापक श्रद्धेय स्व. प्रकाश लाल के जीवन चरित्र बारे बताया । सभी ने श्रद्धेय स्व. प्रकाश लाल के प्रति श्रद्धा पूर्वक पुष्पांजलि अर्पित कर उनके दिखाये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया । हरियाणा के अन्य सभी जिलों व देश के लगभग सभी प्रांतो के साथ-साथ मॉरीशस, फिजी, यू के, यू एस ए, ऑस्ट्रेलिया, दुबई, चीन, ताइवान, इटली सहित अन्य कई देशों से भी स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाने के समाचार मिले हैं ।

# हकेवि में डिजिटल एवं सिक्योरिटी प्रिंटिंग पर व्याख्यान आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़ । हरियाणा केंद्रीय** विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अंतर्गत चल रहे प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी विभाग ने डिजिटल एवं सिक्योरिटी प्रिंटिंग विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने आयोजन के लिए विभाग को शुभकमनाएं प्रेषित की। व्याख्यान में गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के प्रो. अंजन कुमार बराल विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। हकेवि में स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डीन प्रो. विकास गर्ग ने ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों की ज्ञानवृद्धि के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। आयोजन में विशेषज्ञ प्रो. अंजन कुमार बराल ने प्रिंटिंग और पैकेजिंग टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), स्वचालन (ऑटोमेशन) तथा इंडस्ट्री 5.0 की भूमिका और बढ़ते महत्व पर चर्चा की। प्रो. बराल ने बताया कि कैसे ये तकनीकें डिजिटल एवं सिक्योरिटी प्रिंटिंग को और अधिक प्रभावशाली और भरोसेमंद बना रही हैं। व्याख्यान के दौरान प्रो. बराल ने सिक्योरिटी प्रिंटिंग के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि यह जालस-ाजी एवं नकली उत्पादों की रोकथाम में कैसे सहायक है। आयोजन में विद्यार्थियों ने विभिन्न डिजिटल एवं सिक्योरिटी प्रिंटिंग तकनीकों, उनके लाभों और उनके व्यावहारिक अनुप्रयोगों का विस्तृत विश्लेषण किया। विभाग के शिक्षक प्रभारी डॉ. शम्मी मेहरा ने आयोजन समिति के सभी सदस्यों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर श्री तरुण सिंह, डॉ. संदीप बूरा और श्री अनिल सहित अन्य शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# फ्रेट कॉरिडोर रेलवे लाईन के साथ-साथ नई रोड बनाने के लिए रेलवे से मिली मंजूरीः विज

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः हरियाणा के** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि रंगिया मंडी से जीटी रोड तक रेलवे फ्रेट कॉरिडोर लाइन के साथ-साथ नई रोड बनाने के लिए रेलवे से मंजूरी मिल चुकी है। इस रोड के बनने से वाहन चालकों को बड़ा फायदा मिलेगा और जीटी रोड से शहर आना-जाना बहुत आसान होगा। विज अपने आवास पर अम्बाला छावनी में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों को लेकर नगर परिषद अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने बताया कि नन्हेड़ा फ्लाईओवर के पास रंगिया मंडी से रोड जीटी रोड तक लगभग आधा किमी. लंबी नई रोड बनाने की योजना है। नगर परिषद ने नई रोड बनाने हेतु सर्वे किया था। सर्वे के उपरांत रेलवे से रोड निर्माण हेतु मंजूरी मांगी थी जोकि मिल चुकी है। नई रोड रंगिया



मंडी से जीटी रोड तक रेलवे फ्रेट कॉरिडोर लाइन के साथ-साथ बनेगी। समीक्षा बैठक के दौरान कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने सड़क निर्माण हेतु नगर परिषद अधिकारियों को रेलवे से बातचीत करने के दिशा-निर्देश ताकि इस कार्य को जल्द से जल्द प्रारंभ किया जा सके। बैठक के दौरान अम्बाला नगर निगम आयुक्त सचिन गुप्ता, एक्सईएन मनदीप सिंह, सचिव राजेश कुमार के साथ अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**बरसातों से पहले मुख्य नालों में व्यापक स्तर पर साफ-सफाई के निर्देश दिए**

कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने बरसातों से पहले अम्बाला छावनी के सभी प्रमुख नालों व नालियों में साफ-सफाई के दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुडगुडिया नाले में रेलवे लाइनों के पास सफाई कराई जाए। इसके अलावा नाले पर 12 क्रास रोड व कबाड़ी बाजार पुलिया को भी जल्द बनाया जाए। उन्होंने महेश नगर ड्रेन में सफाई तथा ड्रेन को पक्का करने का कार्य करने के निर्देश दिए।

# विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। स्थानीय राजकीय** महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को एचआईवी व एड्स एवं स्वास्थ्य संबंधी विषयों के प्रति जागरूक करना था। हेल्थ अवेयरनेस वीक के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह एवं रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ. पविता यादव द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना ही एक स्वस्थ और सुरक्षित समाज की नींव है। उन्होंने रेड रिबन क्लब द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

# सैनी सेवा ट्रस्ट ने देहरा गांव मे मनाई जयोतिबा फूले की जयंती



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**

**सैनी सेवा ट्रस्ट के** तत्वावधान मे शुक्रवार को खंड के गांव देहरा मे महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई गई। समारोह में ग्रामीणो ने ज्योतिबा फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धा से याद किया। इस मौके पर समारोह आयोजक सैनी ट्रस्ट की ओर से कई दिव्यांगों को ट्राई साइकिल भेंट की गई। जयंती समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए गांव के पूर्व सरपंच मामन छाछिया ने ज्योतिबा फुले के जीवन पर बारिकी से प्रकाश डालते हुए उन्हे 19वीं सदी का महान समाज सुधारक, विचारक और शिक्षाविद बताया। उन्होने बताया कि 11 अप्रैल 1827 को महाराष्ट्र के पुणे में जन्मे ज्योतिबा फुले ने अपना पूरा जीवन समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए सपर्पित कर दिया था। छाछिया ने बताया कि ज्योतिबा फुले ने समाज में व्याप्त जातिवाद, धार्मिक भेदभाव और छुआछूत आदि का जमकर विरोध किया।

## संक्षिप्त खबरें

### हैप्पी चाइल्ड स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया बैसाखी का पर्व



**गन्नौर। जीटी रोड** स्थित हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल में बैसाखी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत रंगारंग प्रस्तुतियों से हुई, जिसमें बच्चों ने पंजाबी गानों पर नृत्य कर सबका मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने भाषण के माध्यम से बैसाखी के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को बताया। नन्हें-मुन्ने बच्चे पंजाबी पोशाक में आकर्षण का केंद्र बने रहे। बच्चों द्वारा जलियांवाला बाग हत्याकांड पर आधारित नाट्य मंचन ने सभी को भावुक कर दिया। प्रबंधक सुनील नागपाल व प्राचार्या उषा मलिक ने बच्चों को बैसाखी के महत्व के बारे में बताया।

### गांव सांदल कलां में चलो गांव की ओर कार्यक्रम का आयोजन



**नेहरा। गन्नौर** विधानसभा के गांव सांदल कलां में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली के निर्देशानुसार चलो गांव की ओर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता आजाद सिंह नेहरा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने सर्वप्रथम बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात उन्होंने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और 14 अप्रैल को यमुनानगर में बाबा साहब की जयंती पर आयोजित प्रदेश स्तरीय समारोह में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। इस समारोह में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष श्रवण कौशिक ने की, जबकि विधानसभा संयोजक विकास त्यागी विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अमित सैनी, सरपंच बलबीर सिंह, पूर्व सरपंच राकेश कुमार, जरनेल सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

### एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने मेघावी छात्राओं को दिए एक्सीलेंस अवार्ड

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। एंटी करप्शन फाउंडेशन** ऑफ इंडिया द्वारा गवर्मेंट गर्ल्स मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रेलवे रोड में एक्सीलेंस स्टूडेंट अवॉर्ड समारोह का भव्य आयोजन नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर स्कूल की प्रत्येक कक्षा के टॉपर्स को स्टूडेंट एक्सीलेंस अवार्ड से ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि सच्चाई और ईमानदारी से पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी ही टॉप करते हैं। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन पूरे देश में सच्चाई और ईमानदारी का प्रचार प्रसार कर रहा है। स्कूल के प्रिंसिपल महिंद्र नरवाल को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्राइड प्रिंसिपल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। टॉपर्स छात्राओं जिनमें कक्षा छठी से रीत, सलोनी, जिया, सातवीं से शिवांगी, लक्ष्मी, रिया, आठवीं से खुशी, जागृति, प्रवीण, नौवीं से रागिनी, यशिका, संजना, ग्यारहवीं से सुचिता, तनीषा, ज्योति, काजल, अंजली, सलोनी, आरती, साक्षी, पायल, जानवी को एक्सीलेंस स्टूडेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

# 'लेने से पहले जानें' विषय पर सामुदायिक सेवा कार्यक्रम आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के इंटरडिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसेज स्कूल के फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग द्वारा ह्यमेडिकेशन मैटर्सः लेने से पहले जानेंह्य विषय पर केंद्रित सामुदायिक सेवा गतिविधि का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्थानीय संस्कार भारती डिग्री कॉलेज, महेंद्रगढ़ में आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने अपने संदेश में स्वास्थ्य और स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने इस सराहनीय पहल के लिए विभाग की प्रशंसा की। इस कार्यक्रम फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग की सहायक आचार्य डॉ. मनीषा पांडेय, डॉ. तरुण कुमार और डॉ. सुमित कुमार के नेतृत्व में आयोजित किया गया। डॉ. मनीषा पांडेय ने आत्म-चिकित्सा (सेल्फ-मेडिकेशन) के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने प्रतिभागियों को व्यावहारिक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर एम. फार्म के विद्यार्थियों अर्जुन रजक और रिया लूना ने कॉलेज की छात्राओं को आत्म-चिकित्सा के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया।

# हरियाणा फर्टिलाइजर्स, सीड्स एवं पेस्टीसाइड्स एसोसिएशन द्वारा की जा रही प्रदेश व्यापी हड़ताल हुई समाप्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः शुक्रवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल** बडौली और विधायक निखिल मदान बीज मार्केट पहुंचे। जहाँ उन्होंने जिला सोनीपत फर्टिलाइजर्स, सीड्स एवं पेस्टीसाइड्स एसोसिएशन द्वारा सरकार द्वारा लागू किये गए खाद, दवाई एवं कीटनाशक के नए अधिनियम के विरोध में की जा रही हड़ताल को खत्म करवाया। प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली ने कहा कि वो अगले सप्ताह में फर्टिलाइजर्स, सीड्स एवं पेस्टीसाइड्स एसोसिएशन की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ कराएँगे और नए कानून में से विक्रेता के खिलाफ जुमार्ना लगाने और सजा के प्रावधान को हटवाने का काम करेंगे। विधायक निखिल मदान ने कहा कि वो मौजूदा कानून में से विक्रेता के खिलाफ किए गए सजा के प्रावधान को हटाने से सहमत हैं और प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली के साथ



मिलकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात करेंगे और इस कानून में संशोधन करवायेंगे। मौके पर मौजूद एसोसिएशन के प्रधान संजय सिंगला ने बताया कि नए कानून में बीज व कीटनाशक दवाई को निम्नस्तर या अमानक पाए जाने पर निमार्ता और विक्रेता दोनों के खिलाफ जुमार्ना और सजा का प्रावधान किया गया है। इसे गैर-जमानती अपराध श्रेणी में रखा गया है, जो सरासर गलत है। बीज व कीटनाशक दवाई पैक करने या बनाने का लाइसेंस सरकार द्वारा ही दिया जाता है। उनकी यही माँग है कि इस प्रावधान को कानून में से हटाया जाये। आज जिला एसोसिएशन प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली और विधायक निखिल मदान के आश्वासन पर अपनी हड़ताल खत्म करते हैं। साथ ही पूरे प्रदेश में भी हड़ताल खत्म कर दी गई है। इस अवसर पर जिला सोनीपत फर्टिलाइजर सीड्स एवं पेस्टिसाइड एसोसिएशन प्रधान संजय सिंगला, जिला व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय वर्मा, सतवीर सोलंकी, अंकित मान ,नरेंद्र लाकड़ा ,तरुण खत्री, संत कुमार, बिट्टू दहिया, सतीश कौशिक, जोगेंद्र सैनी, पुनीत आंतिल, रण सिंह सैनी आदि लोग मौजूद रहे।

# हजारों श्रद्धालुओं की श्रद्धा का केंद्र बाबा जिंदानाथ में लगा विशाल मेला

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** गांव मोई माजरी स्थित बाबा जिंदा डेरे में शुक्रवार को चौदस के अवसर पर दो दिवसीय विशाल मेले का समापन मठाधीष बाबा बालक नाथ की देखरेख में हुआ। मेले में दूसरे दिन हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा जिंदा नाथ की समाधि पर माथा टेककर मन्नतें मांगी। वहीं मनोकामना पूरी होने पर श्रद्धालुओं ने प्रसाद के रूप में गुड़, दूध, झाड़ू, कंबल चढ़ाया। मान्यता है कि बाबा जिंदानाथ पर माथा टेकने से रसौली, मच्छ और पशुओं की बीमारियां दूर होती हैं। बाबा जिंदानाथ डेरे पर आने वाले श्रद्धालुओं को धूने से भभूत, काले डोरे आरोग्य व शांति



प्रदान करने के लिए आशीर्वाद स्वरूप दिए गए। मेले में आने वाले भक्तों के लिए डेरा की तरफ से आवागमन के लिए निशुल्क वाहनों की व्यवस्था की गई। इसके अलावा मेले में व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए महिला व पुरूष पुलिस बल की व्यवस्था भी की गई है। जाम की स्थिती से निपटने के लिए मेले में वाहनों को खड़ा करने के लिए अलग से पार्किंग की भी व्यवस्था की गई है।

# अपोलो इंटरनेशनल स्कूल में हनुमान जयंती व बैसाखी पर्व मनाया



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** बड़ी स्थित अपोलो इंटरनेशनल स्कूल में हनुमान जन्मोत्सव और बैसाखी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा आयोजित विशेष प्रार्थना सभा से हुई। इसमें हनुमान चालीसा, नृत्य, लघु नाटिका, भांगड़ा और पंजाबी गिद्दा की सुंदर प्रस्तुतियां दी गईं। छात्रों ने पारंपरिक पोशाकों में ढोलक की थाप पर रंगारंग कार्यक्रम पेश कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्राचार्या अनीता यादव ने छात्रों को संबोधित करते हुए हनुमान जी के बल, बुद्धि और विवेक से सीख लेने की प्रेरणा दी और किसानों को बैसाखी की शुभकामनाएं दीं।

# बसंत विहार में पाइपलाइन दबाने के नाम पर गली को चारों तरफ से तोड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** बसंत विहार एक्सटेंशन कालोनी में पानी की पाइपलाइन दबाने के नाम पर गली को चारों तरफ से तोड़ दिया गया है, जिससे वहां के निवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गली में जगह-जगह खोदाई होने से लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है। बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है, क्योंकि कीचड़ और गड्ढों के कारण चलना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पाइपलाइन दबाने के काम के दौरान न तो कोई वैकल्पिक रास्ता




छोड़ा गया और न ही समय पर काम पूरा किया जा रहा है। वहीं पानी की पाइपलाइन बिछाने के दौरान ठेकेदार ने लीकेज की जांच किये बिना गली में मिट्टी डाल कर छोड़ दिया। वहीं सीवर भी चौक हो गया। सुबह जब पानी की सप्लाई शुरू हुई तो मिट्टी से पानी निकलने लगा और गली में कीचड़ फैल गया। जिससे स्थानीय लोगों की गाड़ियां कीचड़ में फंस रही हैं, जिससे अब रोजाना आवाजाही एक बड़ी चुनौती बन गई है। कालोनीवासियों ने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया, लेकिन अभी तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। उन्होंने मांग की है कि काम में तेजी लाई जाए और रास्तों को जल्द से जल्द दुरुस्त किया जाए ताकि जनजीवन सामान्य हो सके। जनस्वास्थ्य विभाग के जेई बसंत का कहना है कि काम जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा, वहीं क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को ठीक करवा दिया जाएगा।

## संपादकीय

# बांग्लादेश के लिए घातक साबित होगा भारत का कूटनीतिक प्रहार

**एक पखवाड़ा** पहले बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने जब चीन जाकर राष्ट्रपति शी जिनपिंग को भारत के पूर्वोत्तर राज्यों से सटे लालमोनिरहाट में अपना एयरबेस बनाने का न्योता दिया था तो वे नहीं जानते थे कि वे कितना बड़ा दुःस्साहस कर रहे हैं। उन्होंने डीग हांकते हुए बांग्लादेश को भारत के इन सीमांत राज्यों का ह्यगार्जियनह्ल (संरक्षक) तक घोषित कर दिया। 26-29 मार्च के बीच चीन यात्रा के दौरान यूनुस ने बीजिंग में डींग हांकी कि 'नॉर्थ ईस्ट यानी भारत के सात राज्य लैंडलॉक्ड हैं, उनके पास समुद्र तक पहुँचने का रास्ता नहीं है। बांग्लादेश इस पूरे क्षेत्र के लिए समुद्र का एकमात्र संरक्षक है। यह चीन की अर्थव्यवस्था के लिए बड़ा अवसर हो सकता है।' इस दुःस्साहस भरे न्यौते से भारत का सतर्क होना स्वाभाविक था। सेवन सिस्टर्स और चिकन नेक के नाम से ख्यात भारत के ये सीमांत राज्य सामरिक दृष्टि से बेहद संवेदनशील हैं। बांग्लादेश का लालमोनिरहाट जिला भारत के सिलीगुड़ी कॉरिडोर के बेहद करीब है, इस कारण भारत का चिंतित होना जायज है। भारत के उत्तर-पूर्वी राज्य असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, नगालैंड, मिजोरम, त्रिपुरा और सिक्किम का सामूहिक रूप से बांग्लादेश के साथ 1,596 किमी. लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा, चीन के साथ 1,395 किमी, म्यांमार के साथ 1,640 और भूटान के साथ 455 किमी. तथा नेपाल के साथ 97 किमी सीमा है, लेकिन ये केवल 22 किमी की एक पट्टी के माध्यम से भारत के बाकी हिस्सों से जुड़े हैं, जिसे 'चिकन नेक' कॉरिडोर कहा जाता है। यह बेहद संकरा मार्ग है। इसके दक्षिण में बांग्लादेश और उत्तर में नेपाल, भूटान और चीन हैं। यह करीब 60 किमी. लंबा और 21 किमी. चौड़ा है। चिकन नेक कॉरिडोर ही पूर्वोतर राज्यों को देश के अन्य हिस्सों से जोड़ता है। काफी संकरा होने के कारण चीन, बांग्लादेश और पाकिस्तान की नजरें हमेशा से इस पर रही हैं। अगर बांग्लादेश के जरिए चीन यहाँ अपनी आर्थिक या सामरिक पकड़ बनाता है तो यह भारत के लिए सुरक्षा खतरा बन सकता है। कुछ दिनों की खामोशी के बाद भारत ने मंगलवार आधी रात अचानक बांग्लादेश के लिए ह्यट्रांसशिपमेंटह्ल यानी भारत के बंदरगाहों और हवाई अड्डों से कारोबार करने की सुविधा बंद कर उसकी आर्थिक रीढ़ पर जोरदार चोट की है। अंतरराष्ट्रीय जगत में इसे बांग्लादेश पर भारत का बड़ा कूटनीतिक आर्थिक प्रहार माना जा रहा है। भारत ने बांग्लादेश को यह सुविधा तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के साथ हुए ह्यट्रांसशिपमेंट एग्रीमेंटह्ल के तहत एक सर्कुलर से 29 जून 2020 को दी थी। यह सर्कुलर बांग्लादेश से तीसरे देशों को निर्यात कार्गो के ट्रांसशिपमेंट की अनुमति देता था, जो भारतीय बंदरगाहों और हवाई अड्डों के रास्ते भारतीय भूमि का उपयोग करता था, ताकि भूटान, नेपाल और म्यांमार जैसे देशों को बांग्लादेश का व्यापार हो सके। 8 अप्रैल को केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) पुराने सर्कुलर को रद्द कर दिया।

थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के प्रमुख अजय श्रीवास्तव का कहना है कि नए सर्कुलर के साथ, ट्रांसशिपमेंट व्यवस्था तुरंत प्रभाव से समाप्त कर दी गई है।

# जीवन जीने की कला सिखाते हैं राम भक्त हनुमान

संदीप सृजन

> "हनुमान जी का जीवन निस्वार्थ सेवा का प्रतीक है। उन्होंने कभी भी अपने लिए कुछ नहीं माँगा। चाहे वह सीता माता को ढूंढना हो, लक्ष्मण के लिए संजीवनी लाना हो, या राम की सेना की मदद करना हो, हनुमान जी ने हमेशा दूसरों की भलाई को प्राथमिकता दी। उनकी यह निस्वार्थता हमें सिखाती है कि जीवन का असली सुख दूसरों की मदद करने में है।
> आज के स्वार्थी युग में यह गुण और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। हम अक्सर अपने लाभ के बारे में सोचते हैं, लेकिन हनुमान जी हमें याद दिलाते हैं कि जब हम दूसरों के लिए कुछ करते हैं, तो वह न केवल समाज को बेहतर बनाता है, बल्कि हमें भी आंतरिक शांति देता है। उदाहरण के लिए, एक व्यक्ति जो जरूरतमंदों की मदद करता है, या एक स्वयंसेवक जो अपने समय को समाज सेवा में लगाता है"

**हनुमान** जी भारतीय संस्कृति और धर्म में एक अद्वितीय स्थान रखते हैं। रामायण के इस महान पात्र को न केवल एक शक्तिशाली योद्धा और भक्त के रूप में जाना जाता है, बल्कि वे एक ऐसे प्रेरक व्यक्तित्व भी हैं जो हमें जीवन जीने की कला सिखाते हैं। उनकी कहानियाँ, उनके गुण और उनका चरित्र हमें यह समझाते हैं कि जीवन की चुनौतियों का सामना कैसे करना चाहिए, अपने कर्तव्यों को कैसे निभाना चाहिए और एक संतुलित, सार्थक जीवन कैसे जीना चाहिए। हनुमान जी के जीवन से हमें जो शिक्षाएँ मिलती हैं, वे आज के आधुनिक युग में भी उतनी ही प्रासंगिक हैं जितनी प्राचीन काल में थीं।

**निष्ठा और समर्पण**

हनुमान जी का सबसे प्रमुख गुण है उनकी भगवान राम के प्रति अटूट निष्ठा और समर्पण। रामायण में हनुमान जी का हर कार्य इस बात का प्रमाण है कि वे अपने स्वामी की सेवा में पूर्णतः समर्पित थे। चाहे वह लंका में सीता माता की खोज हो, संजीवनी बूटी लाने का कठिन कार्य हो, या रावण की सेना से युद्ध करना हो, हनुमान जी ने कभी अपने कर्तव्य से मुँह नहीं मोड़ा। यह हमें सिखाता है कि जीवन में सफलता और संतुष्टि तभी मिलती है जब हम अपने लक्ष्यों, परिवार, और समाज के प्रति निष्ठावान रहते हैं।

आज के समय में, जहाँ लोग अक्सर स्वार्थ और तात्कालिक सुखों के पीछे भागते हैं, हनुमान जी का यह गुण हमें याद दिलाता है कि असली शक्ति और आनंद अपने कर्तव्यों को निभाने में है। उदाहरण के लिए, एक छात्र जो अपने अध्ययन के प्रति समर्पित रहता है, एक कर्मचारी जो अपने काम के प्रति निष्ठा रखता है, या एक माता-पिता जो अपने बच्चों की परवरिश में पूरी मेहनत करते हैं—ये सभी हनुमान जी की निष्ठा से प्रेरणा ले सकते हैं। जीवन में जब हम किसी उद्देश्य के प्रति समर्पित होते हैं, तो वह हमें एक दिशा देता है और हमारे कार्यों को सार्थक बनाता है।

**विनम्रता के साथ शक्ति**

हनुमान जी की शक्ति का कोई मुकाबला नहीं था। वे पहाड़ उठा सकते थे, समुद्र लाँघ सकते थे, और राक्षसों की विशाल सेनाओं को परास्त कर सकते थे। लेकिन उनकी सबसे बड़ी खासियत यह थी कि वे अपनी शक्ति का कभी अहंकार नहीं करते थे। वे हमेशा नम्र बने रहे और अपनी शक्ति का उपयोग केवल दूसरों की भलाई के लिए किया। सुंदरकांड में जब वे लंका पहुँचते हैं, तो वे अपनी शक्ति का प्रदर्शन करने के बजाय पहले स्थिति को समझते हैं और फिर उचित कदम उठाते हैं। यह हमें सिखाता है कि शक्ति तभी सार्थक है जब वह नम्रता के साथ हो। आज के समाज में लोग अक्सर अपनी सफलता, धन, या प्रभाव का दिखावा करते हैं, लेकिन हनुमान जी हमें बताते हैं कि असली ताकत वह है जो दूसरों की मदद के लिए इस्तेमाल की जाए। उदाहरण के तौर पर, एक नेता जो अपनी शक्ति का उपयोग जनता की सेवा के लिए करता है, या एक शिक्षक जो अपने ज्ञान को नम्रता से छात्रों तक पहुँचाता है, वे हनुमान जी के इस गुण को अपनाते हैं। हमारे जीवन में भी, चाहे हम कितने ही सफल क्यों न हों, नम्रता हमें जमीन से जोड़े रखती है और हमारे रिश्तों को मजबूत बनाती है।



**साहस और आत्मविश्वास**

हनुमान जी का जीवन साहस और आत्मविश्वास की मिसाल है। जब उन्हें लंका जाने का कार्य सौंपा गया, तो शुरू में वे संकोच में थे। लेकिन जामवंत के प्रोत्साहन से उन्होंने अपनी शक्ति को पहचाना और समुद्र को लाँघ कर लंका पहुँच गए। यह घटना हमें सिखाती है कि हमारे अंदर भी अपार संभावनाएँ छिपी हैं, बस हमें अपने आप पर विश्वास करने की जरूरत है। हनुमान जी ने यह भी दिखाया कि साहस का मतलब सिर्फ शारीरिक बल नहीं, बल्कि मन की दृढ़ता भी है।

आधुनिक जीवन में कई बार हम मुश्किलों से घबरा जाते हैं,चाहे वह नौकरी में असफलता हो, पारिवारिक समस्याएँ हों, या व्यक्तिगत चुनौतियाँ। हनुमान जी हमें प्रेरणा देते हैं कि हमें अपने डर को पीछे छोड़कर आगे बढ़ना चाहिए। उदाहरण के लिए, एक युवा जो नई नौकरी शुरू करने से डरता है, या एक उद्यमी जो व्यवसाय शुरू करने में हिचकिचाता है, वे हनुमान जी के साहस से सीख सकते हैं। आत्मविश्वास और साहस हमें न केवल मुश्किलों से लड़ने की ताकत देता है, बल्कि हमें बेहतर इंसान भी बनाता है।

**निस्वार्थ सेवा**

हनुमान जी का जीवन निस्वार्थ सेवा का प्रतीक है। उन्होंने कभी भी अपने लिए कुछ नहीं माँगा। चाहे वह सीता माता को ढूंढना हो, लक्ष्मण के लिए संजीवनी लाना हो, या राम की सेना की मदद करना हो, हनुमान जी ने हमेशा दूसरों की भलाई को प्राथमिकता दी। उनकी यह निस्वार्थता हमें सिखाती है कि जीवन का असली सुख दूसरों की मदद करने में है।

आज के स्वार्थी युग में यह गुण और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। हम अक्सर अपने लाभ के बारे में सोचते हैं, लेकिन हनुमान जी हमें याद दिलाते हैं कि जब हम दूसरों के लिए कुछ करते हैं, तो वह न केवल समाज को बेहतर बनाता है, बल्कि हमें भी आंतरिक शांति देता है। उदाहरण के लिए, एक व्यक्ति जो जरूरतमंदों की मदद करता है, या एक स्वयंसेवक जो अपने समय को समाज सेवा में लगाता है, वह हनुमान जी की इस शिक्षा को जीता है। हमारे छोटे-छोटे प्रयास, थोड़ा प्रोत्साहित करना, किसी की सहायता करना भी निस्वार्थ सेवा का हिस्सा बन सकते हैं।

**बुद्धिमत्ता और विवेक**

हनुमान जी केवल शक्तिशाली ही नहीं, बल्कि अत्यंत बुद्धिमान और विवेकशील भी थे। लंका में उन्होंने अपनी बुद्धि का परिचय तब दिया जब वे सीता माता से मिले और उन्हें राम का संदेश पहुँचाया। उन्होंने स्थिति को भाँपकर सही समय पर सही कदम उठाया। रावण के दरबार में भी उनकी बुद्धिमत्ता और वाक्पटुता देखने लायक थी। यह हमें सिखाता है कि जीवन में केवल शक्ति या साहस ही काफी नहीं, बल्कि बुद्धि और विवेक का होना भी जरूरी है। आज के समय में, जहाँ हमें हर दिन कई निर्णय लेने पड़ते हैं, हनुमान जी का यह गुण हमें सही और गलत के बीच चयन करने में मदद कर सकता है।

उदाहरण के तौर पर, एक व्यवसायी को अपने व्यापार में जोखिम और लाभ का आकलन करने के लिए विवेक चाहिए, या एक छात्र को अपनी पढ़ाई के लिए सही दिशा चुनने के लिए बुद्धि की जरूरत होती है। हनुमान जी हमें सिखाते हैं कि भावनाओं में बहने के बजाय सोच-समझकर कदम उठाना चाहिए। हनुमान जी के जीवन की ये शिक्षाएँ केवल धार्मिक या आध्यात्मिक संदर्भ तक सीमित नहीं हैं। आज के व्यस्त और तनावपूर्ण जीवन में ये हमें एक संतुलित और सकारात्मक दृष्टिकोण देती हैं। निष्ठा हमें अपने लक्ष्यों पर केंद्रित रखती है, नम्रता हमें अहंकार से बचाती है, साहस हमें चुनौतियों से लड़ने की ताकत देता है, निस्वार्थता हमें दूसरों के प्रति संवेदनशील बनाती है, और बुद्धि हमें सही मार्ग दिखाती है। हनुमान जी का जीवन हमें यह भी सिखाता है कि हमें अपने अंदर की शक्ति को पहचानना चाहिए। जैसे जामवंत ने हनुमान जी को उनकी शक्ति का अहसास कराया, वैसे ही हमें भी अपने आसपास के लोगों और परिस्थितियों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए।

चाहे वह व्यक्तिगत जीवन हो, सामाजिक जिम्मेदारियाँ हों, या कैरियर की चुनौतियाँ—हनुमान जी की शिक्षाएँ हर क्षेत्र में हमारा मार्गदर्शन कर सकती हैं। हनुमान जी एक ऐसे व्यक्तित्व हैं जो हमें जीवन जीने की कला सिखाते हैं। उनकी निष्ठा, नम्रता, साहस, निस्वार्थता और बुद्धि हमें यह समझाती है कि एक सार्थक जीवन कैसे जिया जा सकता है। वे हमें बताते हैं कि शक्ति का असली मतलब दूसरों की भलाई में है, और साहस का मतलब अपने डर को हराने में है।

## कविता

### "झूमता बसन्त है"

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव

# प्राइवेट सिस्टम का खेल: आम आदमी की जेब पर हमला

**डॉ सत्यवान सौरभ**

**भारत** एक ऐसा देश है जहाँ शिक्षा और स्वास्थ्य को बुनियादी अधिकार माना जाता है। लेकिन जब यही अधिकार एक व्यापार का रूप ले लें, तो आम आदमी की जिंदगी में यह अधिकार बोझ बन जाते हैं। आज के दौर में प्राइवेट स्कूल और प्राइवेट हॉस्पिटल सुविधाओं के नाम पर ऐसी व्यवस्था खड़ी कर चुके हैं जो आम नागरिक की जेब पर सीधा हमला करती है। यह हमला सिर्फ आर्थिक नहीं, मानसिक और सामाजिक भी है।

**शिक्षा या व्यापार?**

प्राइवेट स्कूलों की बात करें तो अब ये शिक्षण संस्थान कम और फाइव स्टार होटल ज्यादा लगते हैं। स्कूल में दाखिले के लिए लाखों की डोनेशन, एडमिशन फीस, एनुअल चार्जेस, ड्रेस, किताबें, जूते, बस फीसहर चीज में अलग-अलग मदों के नाम पर वसूली होती है। किताबें स्कूल के किसी अधिकृत वेंडर से ही खरीदनी होती हैं, जिनका मूल्य बाजार दर से दोगुना होता है क्योंकि उसमें स्कूल का कमीशन जुड़ा होता है। स्कूल यूनिफॉर्म भी उन्हीं से लेनी पड़ती है, जो आम बाजार में मिलती ही नहीं। यह सब इसलिए नहीं कि अभिभावक इन सुविधाओं की मांग करते हैं, बल्कि इसलिए क्योंकि स्कूलों ने इसे अनिवार्य बना दिया है। पढ़ाई नाम की चीज अब कक्षा में कम और कोचिंग संस्थानों में ज्यादा होती है झ और दिलचस्प बात ये है कि उन कोचिंग संस्थानों के मालिक भी कई बार उन्हीं स्कूल संचालकों से जुड़े होते हैं। बच्चा दिनभर स्कूल, फिर कोचिंग, फिर होमवर्क, और फिर ट्यूशन खुद के लिए ना समय, ना सोच, ना बचपन। इन सबका उद्देश्य एक ही होता है झ '99% लाओ'। और जब ये नंबर नहीं आते, तो बच्चे हीन भावना से ग्रस्त हो जाते हैं। अभिभावक दूसरों के बच्चों से तुलना करने लगते हैं, और ये पूरी प्रक्रिया मानसिक उत्पीड़न में बदल जाती है।

**स्वास्थ्य का नाम, व्यापार का काम**

अब अगर शिक्षा में ये स्थिति है, तो स्वास्थ्य क्षेत्र उससे भी भयावह है। प्राइवेट हॉस्पिटल्स का ढांचा अब इलाज से ज्यादा कमाई पर केंद्रित हो गया है। अस्पताल में घुसते ही पर्ची कटती है, फिर तरह-तरह की जाँचें, महंगी दवाइयाँ और एडवांस पेमेंट की माँग और वो भी बिना यह बताए कि मरीज की स्थिति क्या है। सामान्य सर्दी-खांसी या बुखार को भी डॉक्टर ऐसा बताते हैं मानो जीवन संकट में हो। डर दिखाकर लोगों को लंबी दवाओं और भर्ती की सलाह दी जाती है। मरीज ठीक भी हो जाए, तब भी बिल देखकर परिवार बीमार हो जाता है। जो दवा बाहर 10 रुपए में मिलती है, वही अस्पताल के बिल में 200 से 300 रुपए की होती है। यहाँ तक कि मौत के बाद भी लाश को एक-दो दिन रोककर 'मचुर्री चार्जेस', 'फ्रीजर चार्जेस'

आदि के नाम पर अंतिम सांस तक पैसा वसूला जाता है। यह एक क्रूर मजाक है उस परिवार के साथ जो पहले ही अपनों को खो चुका होता है।

## विचार

# चिकन नेक कॉरिडोर: चिकन बिरयानी बनाम टंगड़ी कबाब

**बलदेव राज भारतीय**

**भारत** चहुंओर शत्रु-देशों से घिरा हुआ है। यह बात और है कि भारत किसी भी देश को अपना शत्रु नहीं मानता और न ही किसी देश से शत्रुवत व्यवहार करता है। परन्तु फिर भी भारत के पड़ोसी देश समय समय पर उसकी सीमाओं का अतिक्रमण करने की कोशिश करते रहते हैं। उनकी संदिग्ध गतिविधियां अक्सर भारत की चिंता बढ़ाती रहती हैं। अभी हाल ही में जो भू राजनीतिक घटनाक्रम सामने आए हैं, वे न केवल चिंताजनक है, बल्कि भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता के लिए एक गंभीर चुनौती प्रस्तुत करते हैं। बांग्लादेश के लालमोनिरहाट जिले में चीन द्वारा एक एयरफील्ड तैयार करने के समाचार ने भारत को चुनाव चिंता में डाल दिया है। यह क्षेत्र भारत के उस संवेदनशील क्षेत्र से सटा हुआ है, जिसे चिकन नेक के नाम से जाना जाता है। वास्तव में यह कॉरिडोर सिलीगुड़ी कॉरिडोर है, जो मानचित्र पर देखने में एक मुर्गी की गर्दन जैसा लगता है, जिस कारण इसका नाम चिकन नेक पड़ गया। इसकी लंबाई लगभग 60 किलोमीटर और चौड़ाई 20 से 22 किलोमीटर है। यह भारत को पूर्वोत्तर के उन सात राज्यों के साथ जोड़ने का कार्य करता है, जिन्हें सेवन सिस्टर्स के नाम से भी जाना जाता है। यह संकीर्ण भौगोलिक पट्टी रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद युनूस का चीन दौरा और उस दौर के बाद बांग्लादेश के लालमोनिरहाट में चीन द्वारा एयरफील्ड तैनाती की खबर आना, सचमुच गंभीर प्रश्न खड़े करता है। यह भारत के विरुद्ध एक सुनियोजित रणनीति का हिस्सा हो सकता है। बांग्लादेश, चीन और पाकिस्तान मिलकर भारत को उसी प्रकार हराने का सपना पाल रहे हैं, जैसे अतीत में विजयनगर साम्राज्य को हराने का साहस अकेले अपने दम पर बीजापुर, बीदर, अहमदनगर, गोलकुंडा आदि राज्यों को नहीं था। इसलिए उन्होंने विजयनगर को हराने के लिए एक संघ बनाया और सन 1565 में चारों ओर से घेरकर तालिकोटा के युद्ध में विजयनगर को हरा दिया था। वह युद्ध रक्षसी टंगड़ी के नाम से प्रसिद्ध था। जिसमें युद्ध जीतने वालों ने विजयनगर को ऐसे खा लिया था, जैसे टंगड़ी कबाब खाता है। वर्तमान स्थिति उस समय से भिन्न नहीं कही जा सकती। यहां बात टंगड़ी कबाब की नहीं, चिकन नेक की है। यह चिकन नेक भारत के पूर्वोत्तर राज्यों असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा को देश के शेष हिस्से से जोड़ने वाली एकमात्र स्थलीय कड़ी है। इसके उत्तर में नेपाल और भूटान, दक्षिण में बांग्लादेश और पूर्व में चीन की सीमाएं हैं। इसकी भौगोलिक स्थिति इसे भारत के लिए बेहद संवेदनशील बनाती है। यदि इस कॉरिडोर पर किसी भी तरह का नियंत्रण या हमला होता है, तो भारत का पूर्वोत्तर क्षेत्र शेष देश से कट सकता है, जो न केवल सैन्य दृष्टिकोण से बल्कि आर्थिक और सामाजिक दृष्टिकोण से भी विनाशकारी होगा। चिकन नेक की संवेदनशीलता को देखते हुए भारत ने इस क्षेत्र की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। भारतीय वायुसेना ने हाशिमारा एयरबेस पर राफेल लड़ाकू विमानों की तैनाती की है, साथ ही ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलें और एस-400 वायु रक्षा प्रणाली जैसे उन्नत हथियारों को भी इस क्षेत्र में तैनात किया है। फिर भी, बांग्लादेश के लालमोनिरहाट में चीन की संभावित मौजूदगी भारत के लिए एक नई चुनौती प्रस्तुत करती है। लालमोनिरहाट बांग्लादेश का एक उत्तर-पश्चिमी जिला है, जो भारत के पश्चिम बंगाल के कूचबिहार और जलपाईगुड़ी जिलों से सटा हुआ है। यह क्षेत्र चिकन नेक से कुछ ही किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। कूचबिहार और जलपाईगुड़ी भारत के उन महत्वपूर्ण जिलों में शामिल हैं, जो सिलीगुड़ी कॉरिडोर के प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करते हैं। लालमोनिरहाट में किसी भी सैन्य या रणनीतिक ढांचे का निर्माण, विशेष रूप से चीन जैसे देश द्वारा, भारत के लिए सीधा खतरा उत्पन्न कर सकता है। यदि यहाँ एक एयरफील्ड बनता है, तो यह न केवल भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र की कनेक्टिविटी को प्रभावित कर सकता है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# सरकारी दफ्तर की अलादीन चिराग

**डॉ. सुरेश कुमार**

**कहते** हैं, सरकारी दफ्तर में फाइलें नहीं चलतीं, वे ठहाके लगाती हैं। बाबू के हाथ में आते ही फाइलें कबड्डी खेलने लगती हैं, टेबल से टेबल कूदती हैं और बीच-बीच में कुछ महीनों के लिए ह्यगायबह्ल होकर गुप्त साधना करने चली जाती हैं। सरकारी दफ्तर वह जगह है जहाँ काम की गुहार लगाने वाला जनता का ह्यजिन्नह्ल होता है, और बाबू ह्यअलादीनह्ल, जो चिराग रगड़वाने के बाद ही फाइल में हरकत भरता है। यह बात रामलाल को तब समझ आई, जब उसने अपने मकान के नक्शे की स्वीकृति के लिए नगर निगम में दस्तक दी। वहाँ का बाबू ऐसे टेबल पर बैठा था, जैसे कि किंग कोबरा नागमणि पर।

चाय की चुस्की लेते हुए उसने रामलाल की फाइल ऐसे उलटी-पलटी जैसे डॉक्टर मरीज की रिपोर्ट देखते हुए सोचता है कि बचाए या दाह संस्कार की सलाह दे। "अरे भैया, यह फाइल तो अधूरी है! इसमें तो आठ दस्तावेज कम हैं!" बाबू ने ऐसे कहा, जैसे माँगपत्र नहीं, अपहरण की फिरौती रख रहा हो। रामलाल ने घबराकर पूछा, "कौन-कौन से?" बाबू ने गिनाना शुरू किया, "संपत्ति कर रसीद, बिजली बिल, पानी बिल, हलफनामा, पड़ोसियों की सहमति, वास्तुशास्त्री का प्रमाणपत्र, दो फोटो और एक पंडित जी की कुंडली!" रामलाल अवाक! "कुंडली क्यों?" "अरे भाई, कहीं राहु-केतु भारी हो तो भवन निर्माण में बाधा आ सकती है!" बाबू ने ऐसा ज्ञान बघारा जैसे सरकारी दफ्तर का नया ग्रह विभाग वही हो।

रामलाल ने किसी तरह फाइल पूरी की और फिर बाबू के पास पहुँचा। "अब तो काम हो जाएगा ना?" बाबू ने ऐसे मुस्कराया जैसे ट्रैफिक सिपाही हेलमेटविहीन बाइक सवार को देखता है। "देखिए, आपके कागज तो पूरे हैं, पर इसमें अभी 'ऊर्जा' नहीं है!" रामलाल को लगा, फाइल नहीं, मोबाइल की बैटरी चार्ज करनी है। "ऊर्जा?" "अरे भाई, मतलब सेवा शुल्क! समझे कि नहीं?"

अब रामलाल समझ गया कि सरकारी दफ्तर में फाइलें तभी दौड़ती हैं जब इनके पेट में नोट रूपी ग्लूकोज जाए। आखिरकार, जब सब कुछ 'चार्ज' हो गया, तो बाबू ने अपने जादुई पेन से फाइल पर दस्तखत किए। रामलाल की आँखों में आँसू आ गए।

## सितम-ए-गर्मी

**लो** जी सुना आपने ? सुना तो जरूर होगा। अजी !अभी तो अप्रैल का महीना ही चल रहा है। लेकिन हर गुजरते दिन के साथ गर्मी दिन-ब-दिन बढ़ती ही चली जा रही है। इस भयंकर गर्मी को देखकर हमें फिल्म ह्यकुली नंबर 1ह्ल का गाना ह्यजेठ की दोपहरी में पांव जले हैं, सैय्या पांव जले हैंह्ल याद आ रहा है। नींबू पानी (शिकंजी) शरबत, ठंडाई, आइसक्रीम, कुल्फी, सोडा, शिकंजी की याद अभी से आने लगी है। अजी ! आजकल गर्मी टाइम की इतनी पाबंद और ईमानदार हो गई है कि समय से पहले ही टपक पड़ी है। सच तो यह है कि समय से पहले टपककर गर्मी किसी बेवफा प्रेमिका की तरह सताती है। खैर, जो है सो है। गर्मी आती है तो लाइट बार-बार ऐसे जाती है जैसे कहती हो कि 'जाती हूं मैं...।' और हर व्यक्ति जैसे ऐसे कहता हो कि '...जल्दी है क्या...?' सच तो यह है कि गर्मी के दिनों में बिजली को छुप्पम-छुपाई खेलने का बड़ा शौक होता है। गर्मी में आदमी 'पानी-पानी रे...' चिल्लाता रह जाता है, लेकिन नल में स्साला पानी की बूंद तक नहीं आती। हां, इतना जरूर है कि भयंकर गर्मी महसूस कर-करके आदमी के नैनों में जरूर पानी भर जाता है। लोग गर्मियों में पक्षियों के लिए (पुण्य के खातिर) पेड़ों पर पानी के परिंडे पर परिंडे जरूर बांधते हैं, लेकिन सूरज देवता की तपिश से तपते पानी(परिंडों का पानी) में चोंच मारकर पक्षी इस पानी में बर्फ डालने की गुहार लगाते नजर आते हैं। वैसे गर्मी के मौसम की आफत भी कुछ कम नहीं है। फ्रिज में पानी की बोतल रखता कोई और है,पीता कोई और है। सच तो यह है कि गर्मियां पानी की बोतलें फ्रिज में रखने के लिए झगड़ा तक करवाती है। वैसे गर्मी आदमी को हरदम व्यस्त रखती है, आदमी की पूरी एक्सरसाइज करवाती है। मसलन, फ्रिज में पानी की बोतलें रखो, एसी, कूलर को ठीक करवाओ, कूलर में सुबह-शाम पानी भरो। आंधी आ जाये तो सारा दिन झाड़ू उठाए फिरो। सोने से पहले मच्छरदानी लगाओ वगैरह वगैरह। शायर मीर अनीस कहते हैं- 'गर्मी से मुज्तरिब था जमाना जमीन पर।भुन जाता था जो गिरता था दाना जमीन पर।।' अजी !

## न्यूज फ्लैश

### दुकानदारों ने चोर को पकड़ा, चाकू लेकर घुमा रहा था

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में गोगड़ीपुर** फाटक के पास एक शोरूम में हुई चोरी के आरोपी को दुकानदारों ने वीरवार देर रात को उसी इलाके में सडक पर घूमते हुए देख लिया। फुटेज के आधार पर पहचानते ही दुकानदारों ने बिना देर किए उसे काबू कर लिया और तुरंत पुलिस को सूचित किया। सूचना के बाद सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। आरोपी ने कहा शर्म तो बहुत आती है, लेकिन करें भी क्या? पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने जब आरोपी से पूछताछ की तो उसने वारदात कबूल कर ली। आरोपी ने बताया कि वह प्रेम नगर करनाल का रहने वाला है और अपना नाम रवि बता रहा है। रवि के पास से पुलिस ने एक धारदार चाकू भी बरामद किया है। पूछने पर रवि ने कहा कि उसने यह चाकू 10 रुपए में दुकान से खरीदा था और सब्जी काटने के लिए घर ले जा रहा था। पूछताछ में आरोपी रवि ने खुलासा किया कि उसे एक लडका मिला था जिसने चोरी का प्लान बताया। उसी ने शोरूम का शीशा तोड़ा और अंदर घुसा। कुछ देर बाद उसने रवि को भी अंदर बुला लिया। रवि का कहना है कि उसने केवल थैले भरवाने में मदद की, लेकिन कोई थैला लेकर नहीं गया। उसका दावा है कि उसका साथी स्मैक पीकर आया था और उसने खुद शराब पी रखी थी। रवि ने बताया कि वह नशे का आदी है और पहले भी नशे में गलती से एक चोरी की वारदात कर चुका है। वह साढ़े तीन महीने की जेल भी काट चुका है। उसने कहा कि शर्म तो बहुत आती है, लेकिन अब करें भी क्या, 15 साल बाद यह कदम उठाया है।

### युवक पर जानलेवा हमला, धारदार हथियार से किए वार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में एक युवक** को नहर पर बुलाकर हाथापाई करने और धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। मामला 20 हजार रुपए के लेनदेन से जुड़ा हुआ है, जिसके चलते बदमाशों ने युवक पर तेजधार हथियार से कमर, बाजू सहित शरीर पर कई जगह वार किए। युवक का इलाज करनाल के निजी अस्पताल में चल रहा है। शांति नगर कॉलोनी की गली नंबर-2 निवासी अमृत साहिब सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने करण निवासी गांधी नगर को 20 हजार रुपए उधार दिए थे। जब उसने पैसे वापस मांगे, तो करण ने उसे 10 अप्रैल यानी कल देर शाम को रामनगर इलाके में नहर के पास बुलाया। वहां पहुंचते ही करण ने पहले उसके साथ झगड़ा किया और हाथापाई शुरू कर दी। अमृत के अनुसार, झगड़े के दौरान करण ने कोई धारदार चीज निकालकर उसकी बाजू पर हमला किया। इसी दौरान उसके साथ मौजूद मोहित पंडित नामक युवक ने पीछे से चाकू निकालकर उसकी कमर पर वार किया। घायल करने के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। अमृत ने तुरंत थाना रामनगर में इसकी सूचना दी।

### उपायुक्त ने ली समाधान शिविरों से संबंधित समीक्षा बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त उत्तम सिंह** ने कहा कि आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए लगाए जा रहे समाधान शिविरों से संबंधित समस्याओं का तय समय सीमा के अंदर समाधान होना चाहिए तथा उसकी रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड होनी चाहिए। उपायुक्त उत्तम सिंह शुक्रवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर से संबंधित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों से क्रमानुसार समाधान शिविरों में लंबित मामलों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार अब समाधान शिविर सोमवार और वीरवार प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक संबंधित जगहों पर आयोजित होंगे, समाधान शिविर की समीक्षा हर शुक्रवार होगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी समय-समय पर समाधान शिविर से संबंधित वीसी के माध्यम से बैठक करते हैं तथा सभी विभागों के बारे में जानकारी लेते हैं।

# सफलता पाने के लिए पढ़ाई के साथ-साथ आत्मसात भी करें: राजीव रंजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: हरियाणा श्रम विभाग** के प्रधान सचिव राजीव रंजन ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बी.सी. बाजार अम्बाला छावनी में नौंवी कक्षा से बारवीं कक्षा के विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए उन्हें जीवन में आगे बढ? के लिए प्रेरित किया। यहां पहुंचने पर एसडीएम विनेश कुमार, उप निदेशक श्रम विभाग सुरेन्द्र सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया।
श्रम विभाग के प्रधान सचिव राजीव रंजन ने विद्यार्थियों से इंटरैक्शन सैशन के तहत उन्हें कहा कि जीवन में सफल होने के लिए किताबी ज्ञान लेना ही जरूरी नहीं है बल्कि जीवन में ऐसी चीजें भी आत्मसात करनी हैं जिसमें



आप सफलता हासिल कर सकें। उन्होंने कहा कि विद्यालय में आकर हम बहुत कुछ सीखते हैं, जिसमें टीम भावना, कौशल विकास, भाषा, व्यवहार व अन्य शामिल रहते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को यह भी कहा कि हमें जो भी प्रोफैशन चुनना है उससे पहले हमें उसके बारे में पूर्ण ज्ञान होना चाहिए और जो लक्ष्य हमने चुन लिया है उससे पीछे नहीं हटना है। कड़ी मेहनत व परिश्रम करके हमें उस लक्ष्य को हासिल करना है। उन्होंने यह भी कहा कि हमें इतना सक्षम बनना है कि हम दूसरों को भी रोजगार दे सकें।
प्रधान सचिव राजीव रंजन ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया और उनके मन में जो भी प्रश्न थे उसका उन्हें जवाब दिया। उन्होंने इस मौके पर विद्यार्थियों को सोशल स्किल, फिजिकल एक्टीविटीज, खेलों के माध्यम से टीम भावना के तहत कार्य करना व अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी जानकारी दी। उन्होंने यह भी कहा कि हमें आत्मनिर्भर बनकर यानि अपने पैरों पर खड़े होकर अपने जीवन रूपी लक्ष्य को हासिल करना हे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना है। उन्होंने यह भी कहा कि हमें यह भी निर्धारित करना है कि हमें किस क्षेत्र में जाना है, क्या बनना है, उसके लिए क्या तैयारी करनी है, उसका भी ज्ञान होना चाहिए।
हमारे अंदर जो स्किल है उसको भी पहचानना है ताकि हम उस स्किल के दम पर अपने लक्ष्य को हासिल कर सकें। उन्होंने कहा कि नौंवी से 12वीं कक्षा के बीच का समय महत्वपूर्ण होता है और हमें जो भी तय करना है वह इस समयकाल में जरूर करना चाहिए।

### शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी के अवसर पर कन्या पूजन हुआ सम्पन्न



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : झांसा रोड श्याम कालोनी स्थित महंत प्रभात पुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नवरात्र चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी के अवसर पर सामूहिक कन्या पूजन व पूजा अर्चना कार्यक्रम हुआ। दीपांशु गुप्ता व उमा सचदेवा गुप्ता दंपति तथा यशंक सचदेवा ने विशेष पूजा रस्मों के साथ कन्याओं को तिलक किया। सभी बच्चों को भोजन करवाया। मिठाई वितरित की। विद्यालय प्रबंधक सुनील सचदेवा ने बताया कि हिंदू पंचांग में नवरात्र की चौदस तिथि का विशेष महत्व है। इस दिन देवी दुर्गा की पूजा व शिव की अराधना का विधान है। प्राचार्य भजन राठोर ने प्रायोजक गुप्ता व सचदेवा परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के धार्मिक अनुष्ठानों से बच्चों में अच्छे संस्कार पैदा होते हैं। पुन्य दान से मानव कल्याण होता है। इस अवसर पर सुनील सचदेवा,सीमा सचदेवा,, श्री स्थाणु सेवा मंडल के प्रधान विनोद अरोड़ा,रमेश सचदेवा, राम निवास शर्मा, उप प्राचार्य मंजुला शर्मा,सरिता शर्मा, ज्या वत्स, तमन्ना, मोनिका माटा, कुसुम शर्मा, ज्योति रानी, रेखा रानी, हैड टीचर सुशीला देवी, अनु पाहवा, सुमन धीमान, बिंदु, अनिता वालिया, पिंकी रानी,आलिषा अरोड़ा,सीमा शर्मा,अनूप शर्मा, मधु शर्मा, मनप्रीत वर्मा व दामिनी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### नीलगाय को बचाने में कार पलटी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में गोगड़ीपुर** गांव के पास वीरवार शाम एक कार नील गाय को बचाने के चक्कर में डिवाइडर से टकराकर पलट गई। कार ने दो-तीन पलटे खाए और सडक पर ही उलट गई। गनीमत रही कि एयरबैग खुल जाने के चलते कार चालक को गंभीर चोटें नहीं आईं। हादसे के वक्त कार में केवल चालक ही मौजूद था। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कार चालक हरिंद्र ने बताया कि वह करीब 60 की स्पीड से गाड़ी चला रहा था। जैसे ही वह गोगड़ीपुर के पास पहुंचा, खेतों से एक नील गाय अचानक सडक पर आ गई।

## प्रधान सचिव ने वीसी के माध्यम से दिए दिशा-निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: हरियाणा के मुख्य** सचिव अनुराग रस्तोगी व मुख्यमंत्री हरियाणा के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर ने चण्डीगढ़ से आयोजित वीसी के माध्यम से 14 अप्रैल को यमुनानगर व हिसार में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन को लेकर किए जा रहे कार्यों एवं तैयारियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने वीसी के माध्यम से उपायुक्तों व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए जिला वाईज जो बसें अलाट की गई हैं, उसके तहत बसों में एक-एक नोडल



अधिकारी लगाने बारे, पेयजल व्यवस्था बारे, फुड पैकेट बारे तथा इससे जुड़े विषयों बारे समीक्षा करते हुए कहा कि सभी बसें समयबद्ध तरीके से पहुंचना सुनिश्चित करें। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने मुख्य सचिव को अवगत करवाया कि जिला अम्बाला से 300 बसें जाएंगी तथा बसों में जलपान की व्यवस्था के साथ-साथ एक-एक नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिया गया है। वीसी में जो दिशा-निर्देश मिले हैं उसकी अनुपालना के तहत सभी कार्यों को सुनिश्चित किया जाएगा। वीसी के उपरांत उपायुक्त ने सम्बन्धित अधिकारियों की बैठक लेते हुए कहा कि जो बसें यमुनानगर के लिए अलाट की गई हैं, उनमें दोपहर तक तेल डलवाने की प्रक्रिया के साथ-साथ शाम तक सभी बसें जो-जो स्थान चिन्हित किए गए हैं उन स्थानों पर पहुंच जाएं ताकि सुबह 14 अप्रैल को सभी बसों को समयबद्ध तरीके से कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि बसों में पेयजल व्यवस्था व फुड पैकेट के लिए जिन विभागों की डयूटी तय की गई है वह बेहतर समन्वय के साथ इस कार्य को करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी बताया कि बसों के लिए आरटीए सुशील कुमार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया।

### नाबालिग की शादी कराए जाने का मामला आया सामने

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में** एक 17 वर्षीय लडकी की शादी नवंबर 2024 में कर दिए जाने का मामला सामने आया है। शिकायत गांव के एक व्यक्ति ने एसपी करनाल को दी थी। उन्होंने बताया कि लडकी ने पहले उनके बेटे के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज करवाया था, जो अदालत में लंबित है। अब उसी लडकी की नाबालिग उम्र में शादी कर दी गई, जो कानूनन अपराध है। जांच में मामला सही पाए जाने पर थाना सदर में 10 अप्रैल को चाइल्ड मैरिज एक्ट की धारा 9 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।
गांव मोहदीनपुर निवासी शिकायतकर्ता ने बताया कि उनका बेटा, गांव की ही लडकी के साथ आपसी सहमति से रिश्ते में था। लेकिन लडकी की मां ने उनके बेटे के खिलाफ थाना सदर करनाल में पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करवा दिया, जो इस समय करनाल की अदालत रेनू राणा के पास विचाराधीन है।
शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में साफ तौर पर लिखा है कि लडकी की उम्र अभी लगभग 17 साल है और इसके बावजूद उसके परिवार वालों ने नवंबर 2024 में उसकी शादी कर दी है, जो कानूनन गलत है। उन्होंने निवेदन किया कि लडकी की उम्र और शादी की जांच करवाकर बाल विवाह अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जाए।

## क्रिटिकल एवं क्रिएटिव थिंकिंग पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र: सीबीएसई द्वारा** ह्यक्रिटिकल एवं क्रिएटिव थिंकिंगह्ल पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन गुरुकुल कुरुक्षेत्र के ह्यदेवयानह्ल विद्यालय भवन स्थित मल्टीमीडिया हाउस में किया गया। कार्यक्रम में सीबीएसई की ओर से श्रीमती बिबनदीप कौर एवं श्रीमती अनीषा गूमन मुख्य वक्ता रहीं। गुरुकुल के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार एवं प्राचार्य सूबेप्रताप की उपस्थिति में वैदिक मंत्रों के



बीच मुख्य वक्ताओं द्वारा कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारम्भ किया गया। दो दिवसीय इस कार्यक्रम में गुरुकुल सहित कुरुक्षेत्र के कई विद्यालयों के शिक्षकों ने भाग लिया। डॉ. प्रवीण कुमार ने सीबीएसई से पधारीं वक्ताओं का संक्षिप्त परिचय देते हुए सभी शिक्षकों से कार्यक्रम के दौरान बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को लेकर बताए जा रहे मुख्य बिन्दुओं पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया।
कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्रीमती बिबनदीप कौर ने कहा कि हम सभी का मानना है कि बच्चों की सोच जन्मजात होती है अर्थात जन्म से ही बच्चे की बुद्धि कुशाग्र और कोमल होती है
मगर शिक्षकों ने इस सोच को गलत साबित किया है क्योंकि एक शिक्षक यदि चाहे तो एक मंदबुद्धि बच्चे की बुद्धि को भी प्रखर बना सकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच को विकसित करें, उन्हें किसी भी कठिन लगने वाले कार्य को करने के लिए प्रोत्साहित करें तो वह विद्यार्थी अवश्य ही उस कठिन कार्य को भी सरलता से कर पाएगा। कक्षा में बच्चों को अलग-अलग उदाहरण देकर विषय को समझाएं, हो सके तो उनकी रूचि के अनुसार उन्हें समझाने का प्रयास करें, यह एक सकारात्मक अधिगम माना जाएगा।

## खो-खो: हरियाणा के टीम ने चार अंक से जीता फाइनल मुकाबला

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**24 से 28 मार्च** तक जिला कुरुक्षेत्र में जूनियर नेशनल खो खो चैंपियनशिप का आयोजन हुआ इस प्रतियोगिता में हरियाणा प्रदेश की ओर से छात्र छात्राओं की टीम ने भाग लिया जिला खो खो संघ के महासचिव रवीन्द्र सिंह ने दोनों टीमों की जानकारी देते हुए बताया कि छात्र वर्ग में फाइनल मुकाबला राजस्थान से हुआ तथा हरियाणा प्रदेश की छात्रा वर्ग टीम ने एक तरफा मात देते हुए गोल्ड मेडल पर कब्जा किया वहीं छात्र वर्ग में फाइनल मुकाबला उत्तर प्रदेश से हुआ इसमें हरियाणा के टीम ने चार अंक से यह मुकाबला जीत कर गोल्ड मेडल



हासिल किया इस प्रतियोगिता में सिंगापुर खो खो फेडरेशन के अध्यक्ष विधि गौतम जी भूटान खो खो फेडरेशन के अध्यक्ष दोरे ने प्रतियोगिता में आब्जर्वर के तौर पर भाग लिया तथा विजेता टीमों को मेडल ट्रॉफी देकर सम्मानित किया इस अवसर पर खो-खो इंडिया के सुरेश शर्मा दिल्ली विनोद कुमार उत्तर प्रदेश सुमन दिल्ली बेबी दिल्ली मनीष दिल्ली सुरेश दिल्ली तथा खो खो इंडिया के महासचिव देवेंद्र सिंह एम एस वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय झांसा जिला कुरुक्षेत्र से प्राचार्य मीनू गुप्ता तथा हरियाणा खो खो संघ के वरिष्ठ उप प्रधान राजकमल ढांडा उप प्रधान मेद सिंह उप प्रधान दिनेश पूनिया कोषाध्यक्ष सतपाल दलाल टेक्निकल बोर्ड के अध्यक्ष शमशेर रैफरी बोर्ड चेयरमैन महेंद्र सिंह पानीपत व निर्णायक मंडल रूप में रविंद्र पानीपत मुकेश पानीपत ने भाग लिया।

## 18 को होगा भगवा तिरसूल यात्रा का विशाल महा आयोजन: डॉ नवीन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**अन्तरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक** परिषद द्वारा आयोजित 120 तिरसूलों की श्री श्री 1008 स्वामी दयानन्द सरस्वति जी महाराज के श्री राम कृष्ण साधना केन्द्र मुरथल आश्रम में नियमित चल रही महापूजन में सोनीपत विधायक निखिल मदान जी व अन्तरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन डॉ नवीन नैन भालसी ने शामिल होकर पूजा व जलाभिषेक किया।
इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि अन्तरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद द्वारा आयोजित यात्रा विश्व रिकॉर्ड के साथ 25 दिन में 12 ज्योतिर्लिंग,चार



धाम,12 शक्तिपीठ व 37 नदियों से होकर लगभग 13000 किलोमीटर की शुभयात्रा करें आश्रम पहुंची है। इस दौरान स्वामी दयानन्द सरस्वति जी महाराज ने बताया कि हमारे आराध्य ब्रह्मलीन सतगुरु प्रभुदत्त ब्रह्मचारी जी के आशीर्वाद से उन्ही की तपोस्थली झूसी प्रयागराज आश्रम में 144 वर्षों बाद आने वाले पावन पवित्र महाकुंभ में इस बार 108 त्रिशूलों का महापूजन 31 दिन तक करने के पश्चात एवं 12 त्रिशूलों के साथ 12 ज्योतिर्लिंग ,12 शक्तिपीठों एवं 4 धाम के दर्शन एवं महापूजा के पश्चात भगवा त्रिशूल यात्रा आपके अपने आश्रम श्री राम कृष्ण साधना केंद्र मुरथल,सोनीपत में 21 दिन के नियमित महापूजन चल रहा हैं। अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद (क्टढउ) द्वारा आयोजित भगवा त्रिशूल यात्रा के 120 त्रिशुलों का पूजन 17 अप्रैल तक नियमित चलेगा व 28 मार्च से 21 दिन तक माँ आदि शक्ति और भगवान शिव का नियमित महापूजन होगा। अन्तरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद द्वारा आयोजित यात्रा प्रयागराज के महाकुंभ में मौनी अमावस्या से आरंभ हुई थी, जहां संगम तट पर 31 दिनों तक 108 त्रिशूलों का नियमित अभिषेक किया गया, इसके पश्चात, यह यात्रा 1 मार्च से विशाल ह्लभगवा त्रिशूल यात्राह्व के तहत 120 त्रिशूलों के साथ देशभर के प्रमुख तीर्थ स्थलों से होते हुए दिल्ली होते हुए श्री राम कृष्ण राधाकृष्ण आश्रम मुरथल (सोनीपत) में पहुँची है। 18 अप्रैल 2025 को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में सुप्रसिद्ध लोक गायक कैलाश खेर व शिव भजनों के साथ भगवा त्रिशूल यात्रा अपने भव्य समापन के साथ इतिहास रचेगी। इस समारोह में धमार्चार्य, संत-महात्मा, राजनेता और हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहेंगे। इस विशेष पूजन, भजन-कीर्तन, प्रवचन और महाआरती का आयोजन किया जाएगा, जिससे सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार को और अधिक मजबूती मिलेगी।

## कोने ऐलिवेटर इंडिया ने पानीपत में नए कार्यालय के साथ हरियाणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) कोने ऐलिवेटर, ऐस्केलेटर** और ऑटोमेशन सॉल्यूशन प्रदान करने वाली अग्रणी कंपनी कोने ऐलिवेटर इंडिया ने पानीपत में एक नया कार्यालय खोलकर हरियाणा में अपनी उपस्थिति का विस्तार किया है। हरियाणा उत्तर भारत के तेजी से बढ़ते इलाकों में से एक है और इस नए दफ्तर के द्वारा कंपनी राज्य में अपनी उपस्थिति को मजबूत करते हुए उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद और सेवाएं प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को पुख्ता कर रही है। यह नया कार्यालय हरियाणा में लिफ्ट और ऐस्केलेटर सॉल्यूशंस की बढ़ती मांग को पूरा करेगा। यह दफ्तर एक ऐक्जिबिशन सेंटर के रूप में भी



काम करेगा, जिसमें कोने के उन्नत लिफ्ट डिजाइन, इनोवेटिव फीचर और अत्याधुनिक तकनीक प्रदर्शित की जाएगी। यह ऑफिस पानीपत, अम्बाला, कुरुक्षेत्र, करनाल, हिसार, कैथल, सिरसा, यमुनानगर, सोनीपत, रोहतक, भिवानी, जींद और फतेहाबाद सहित प्रमुख शहरों में कार्यरत सेल्स, इंस्टॉलेशन, सर्विस और मॉडर्नाइजेशन टीमों को सपोर्ट देगा। कोन ऐलिवेटर इंडिया ने इस क्षेत्र में प्रतिष्ठित परियोजनाओं और संस्थानों के साथ भागीदारी की है, जिनमें ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी, अशोका यूनिवर्सिटी, डॉ. बी.आर. अम्बेडकर विश्वविद्यालय, टीडीआई, आईओसीएल, पीजीआई रोहतक, सिविल अस्पताल पानीपत, नूर महल करनाल, एनआईटी यूनिवर्सिटी, महर्षि मार्कंडेश्वर विश्वविद्यालय और रामादा होटल अम्बाला शामिल हैं। कंपनी पूरे हरियाणा में रियल एस्टेट डेवलपर्स, कमर्शियल हब, अस्पतालों, आवासीय परिसरों और सरकारी प्रतिष्ठानों के साथ सहयोग बढ़ाने के लिए आशावन है। कई मौजूदा और आगामी परियोजनाओं को अब इस नए कार्यालय के जरिए सुचारु ढंग से संभाला जाएगा। नए दफ्तर के उद्घाटन के अवसर पर कोने इंडिया और दक्षिण एशिया के प्रबंध निदेशक अमित गोसाईं ने कहा, हम पानीपत में अपनी मौजूदगी का विस्तार करते हुए बहुत उत्साहित हैं - इस शहर की एक समृद्ध विरासत है और आर्थिक विकास की राह पर यह तेजी से अग्रसर है। यह नया कार्यालय हरियाणा में हमारी उपस्थिति को मजबूत करेगा, इससे हम अपने ग्राहकों के और करीब आ जाएंगे, जिससे हम उन्हें अधिक कुशलता से सेवाएं प्रदान कर पाएंगे। इस क्षेत्र के लिए अपनी प्रतिबद्धता को बढ़ाते हुए हम अत्याधुनिक इनोवेशन को पेश करने तथा स्मार्ट व सस्टेनेबल अर्बन मोबिलिटी सॉल्यूशन देने के लिए तत्पर हैं जो ज्यादा सहज, सुरक्षित एवं भविष्य के लिए बनाए गए हैं। हम हरियाणा के विधानसभा सदस्य प्रमोद कुमार हैं जिन्होंने इस नवीन कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर अपनी उपस्थिति से हमें सम्मानित किया।

## नौकरी से निकाले जाने के विरोध में कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा कौशल** रोजगार निगम के 1200 कर्मचारियों को नौकरी से निकाले जाने के विरोध में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा का गुस्सा करनाल में फूट पड़ा। सैकड़ों कर्मचारियों ने लघु सचिवालय पहुंचकर सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। उन्होंने नारेबाजी करते हुए कर्मचारियों को वापस नौकरी पर रखने की मांग की और मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। एसकेएस ने चेताया कि यदि मांगे नहीं मानी तो उग्र प्रदर्शन होगा। एसकेएस के पदाधिकारी कृष्ण कुमार ने बताया कि सरकार ने कर्मचारियों को अचानक ही नौकरी से हटा दिया, जो कि पूरी तरह गलत है। सरकार एक तरफ रोजगार देने की बात करती है और दूसरी तरफ जो काम कर रहे हैं, उन्हें ही बाहर का रास्ता दिखा रही है। यह कर्मचारियों के साथ भद्दा मजाक है। कर्मचारी नेताओं का कहना है कि सरकार टेंपरेरी आधार पर लोगों को नौकरी पर रखती है और जब चाहे तब उन्हें हटा देती है। इससे कर्मचारियों का मानसिक और आर्थिक शोषण हो रहा है। एसवीपीएस के कर्मचारियों को भी दो-तीन महीने से सैलरी नहीं मिली है, जिससे उनका गुजारा मुश्किल हो गया है। कृष्ण कुमार ने मुख्यमंत्री से तीखे सवाल करते हुए कहा कि अगर मुख्यमंत्री रोजगार नहीं दे सकते, तो कम से कम जो लोग काम कर रहे हैं, उनका रोजगार तो न छीना जाए। ऐसे मुख्यमंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए, जो जनता की बजाय सिस्टम का पक्ष ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि सत्ता कभी किसी के हाथ में स्थायी नहीं रहती। कर्मचारी सिर्फ कर्मचारी नहीं होते, उनके पीछे उनका पूरा परिवार होता है।

## न्यूज फ्लैश

### सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों को हटाने के विरोध में प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र** : हरियाणा सर्व कर्मचारी संघ ने प्रदेश के विभिन्न विभागों से हटाया गए हरियाणा कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों को वापस लेने वह भविष्य में ना हटाते हुए रेगुलर करने के चलते कुरुक्षेत्र लघु सचिवालय परिसर में धरना प्रदर्शन किया। और कुरुक्षेत्र उपायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा कुरुक्षेत्र जिला प्रधान ओमप्रकाश ने बताया हरियाणा सरकार के द्वारा अपनी आउटसोर्स पॉलिसी के तहत विभिन्न विभागों में कच्चे कर्मचारी लगाए जाते हैं जिनको लगाने के लिए अब हरियाणा कौशल रोजगार नियम बना दिया गया है इसके माध्यम से सभी विभागों में अलग-अलग पदों पर कर्मचारी लगाए जाते हैं सरकार के द्वारा इन कर्मचारियों के लिए जॉब सिक्योरिटी अधिनियम भी बनाया गया है उसके बावजूद भी हाल ही में सरकार के द्वारा विभिन्न विभागों में से ल्ड्फ्फ के माध्यम से लगे कर्मचारियों को नौकरी से हटाया गया है इन कर्मचारियों को कार्य करते हुए कई वर्ष हो चुके हैं परंतु अब इन्हें नौकरी से हटा दिया गया है जो कि गलत है उन्होंने कहा सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा द्वारा इन कर्मचारियों को हटाए जाने का विरोध करता है आज दिनांक 11 अप्रैल 2025 को प्रदेश के सभी जिला उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन के माध्यम से मांग की जाती है की हटाए गए कर्मचारियों को वापस नौकरी पर रखा जाए तथा आगे नौकरी से हटाना बंद किया जाए और सभी कर्मचारियों को पक्का किया जाए

### फिनिक्स क्लब कुरुक्षेत्र ने राजकीय माध्यमिक विद्यालय रतगल में वितरित की शिक्षण सामग्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र** : राजकीय माध्यमिक विद्यालय रतगल में फिनिक्स क्लब कुरुक्षेत्र कार्यकारिणी के सदस्य विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री जैसे रजिस्ट्र व पेन देने पहुंचे। इस अवसर पर डा राजेश वधवा अध्यक्ष फिनिक्स क्लब कुरुक्षेत्र, अमित अरोडा पूर्व अध्यक्ष फिनिक्स क्लब, नरेश सिंगला, गुरसेवक सिंह, जितेन्द्र मेहता एवं दीपक चिब उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को खूब पढ लिखकर आगे बढ़ने तथा जीवन में कुछ बनने हेतु प्रेरित किया तथा भविष्य में भी विद्यार्थियों की प्रत्येक आवश्यकता को पूर्ण करने आश्वासन दिया। इस अवसर पर विद्यालय मुखिया श्रीमती सुखवीर कौर ने फिनिक्स क्लब पदाधिकारियों का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए उनके इस कार्य की भूरी-भूरी प्रशंसा की तथा बताया कि फिनिक्स क्लब सदैव ही विभिन्न सामाजिक कार्यों में आगे रहता है तथा राजकीय माध्यमिक विद्यालय रतगल पर उनकी विशेष कृपाद्द?ष्टि है। विगत लगभग छह वर्षों से उन्होंने विद्यालय में कई कार्य करवाए है। जैसे कुर्सियों, टाट-पट्टी उपलब्ध करना, वॉटर कूलर प्रदान करना तथा प्रति वर्ष विज्ञान व गणित, प्रदर्शनी के विजेताओं व प्रतिभागियों को पुरस्कृत करना।

# दुनिया में खेती का पहला बीज धर्म भूमि कुरुक्षेत्र में बोया गया था: कृषि मंत्री

### दिल्ली पूसा संस्थान में आयोजित किसान कुंभ 2025 के समापन समारोह में बोले हरियाणा के कृषि मंत्री

**नमन किया**

**दुनिया में खेती का पहला बीज धर्म भूमि कुरुक्षेत्र में बोया गया था। भूमि पुत्रों नमन करता हूं**



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि दुनिया में खेती का पहला बीज धर्म भूमि कुरुक्षेत्र में बोया गया था। आज दिल्ली के इस सभागार में देश के किसानों से समक्ष खड़ा होकर भूमि पुत्रों नमन करता हूं। दिल्ली पूसा संस्थान में आयोजित एपी शिंदे सभागार में आईआईटी दिल्ली के उन्नत भारत अभियान के तहत आयोजित काउट्रिशन फाउंडेशन एवं एग्रीटेक इनोवेशन सोशल फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय किसान कुंभ-2025 के समापन सत्र में संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर किसान कुंभ आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार ने मुख्यातिथि एवं अन्य अतिथियों के साथ देश भर से आए किसानों और आयोजन समिति के सदस्यों का भी जताते हुए कृषि मंत्री का स्वागत किया। समापन सत्र में मुख्यातिथि कृषि मंत्री ने कहा कि मैं उस पवित्र कुरुक्षेत्र से आता हूं,जहां भगवान श्रीकृष्ण ने कर्म का संदेश गीता उपदेश में दिया और इसी भूमि पर सबसे पहले खेती के पौराणिक उल्लेख मिलते हैं। उन्होंने भारत देश अपनी धर्म संस्कृति और आचार विचार के लिए दुनियाभर में विख्यात है। ऋषि और कृषि की भूमि पर अगर किसी को संस्कृति के दर्शन करने हैं तो वह गांव में आकर देख सकता है और भारत की प्रगति को देखना है तो शहरों में देखी जा सकती है। इसी भारत देश में एक दौर वह भी था जब शासन प्रशासन गांव में आकर अचानक घरों में स्टोर किए गए अनाज की तलाशी लेने पहुंच जाते थे,जबकि यह अनाज बिक्री के लिए नहीं, बल्कि गांव के जरुरतमंद लोगों के लिए स्टोर कर रखा जाता था।लेकिन आज माहौल बदला है। अनाज भंडारण में देश के साथ सबसे बड़ा योगदान हरियाणा पंजाब में देखा जा सकता है। अब भारत अनाज को आयात करने वाला देश नहीं,बल्कि निर्यात करने वाला दुनिया में सबसे अधिक खाद्य उत्पादन करने वाला दूसरा देश बन चुका है। कृषि मंत्री ने कहा कि अब सबसे बड़ी चुनौती जमीन को बचाने की है, रसायनिक खेती से बचने की है।इसकी वजह से कैंसर जैसे भयानक रोग बढ़ रहे हैं। इसका इलाज है प्राकृतिक और जैविक खेती। इससे कृषक समाज की लागत कम होगी और आर्थिक स्थिति भी सुधरेगा। इससे देश पर भी उपकार होगा। प्राकृतिक खेती और जैविक खेती पर बताया। इस मौके पर उन्होंने किसानों कहा कि खेती के साथ जल बचाना भी हमारा लक्ष्य है। हरियाणा सरकार इसके लिए महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। राणा ने कहा कि धान की सीधी बिजाई (डीएसआर) अपनाने वाले कृषकों के लिए हरियाणा सरकार 4000 रुपए प्रति एकड़ की सब्सीडी दे रही है। उन्होंने कहा कि खेती को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा पूरे देश में यह सबसे अधिक राशि है। पारंपरिक रोपाई विधियों के विपरीत, जिसमें अत्यधिक पानी की आवश्यकता होती है।

## ज्योतिबा फुले ट्रस्ट ने पांच बेटियों का दाखिला किया: रंगा




**दाखिला किया**

**आज महात्मा फुले जी और डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के उपलक्ष में पांच बेटियों का दाखिला किया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षा विकास ट्रस्ट ने महात्मा ज्योतिबा फुले जी और डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के उपलक्ष में पांच बेटियों का दाखिला किया। ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वीटी रंगा ने कहा कि ट्रस्ट हमेशा ही शिक्षा के लिए कार्य कर रही है और आज महात्मा फुले जी और डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के उपलक्ष में पांच बेटियों का दाखिला किया। स्वीटी रंगा ने कहा कि यह बेटियां पढ़ लिखकर अपना भविष्य बनाएंगी। स्वीटी रंगा ने कहा कि हम सबको महात्मा ज्योतिबा फुले और डॉ भीमराव अंबेडकर के दिखाएं मार्ग पर चलकर शिक्षा के लिए अधिक से अधिक कार्य करने चाहिए।ट्रस्ट के चेयरमैन मिहा सिंह रंगा ने कहा कि जिन बेटियों के पिता नहीं है इन बेटियों का दाखिला समाजसेवियों में आदरणीय सुखविंदर सिंह कतलारी पीएनबी बैंक मैनेजर, गुरनाम सिंह निंबरिया बिजली विभाग में जे.ई., सेक्टर 3 कुरुक्षेत्र, संजय कुमार लाहोट मुख्याध्यापक राजकीय माध्यमिक विद्यालय भोकर माजरा, श्री गौरव कुमार भोला गांव मछरोली सी एस सी सेंटर, इन सभी वरिष्ठ समाजसेवियों ने बेटियों का दाखिला भरकर शिक्षा का आशीर्वाद दिया।

## देश के बदतर हालत लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है: लाली शर्मा टटियाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र:** देश के बदतर हालत लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है यह कहना है कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लाली शर्मा टटियाना का। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि देश का युवा बेरोजगारी, महंगाई से परेशान है। आज जिस तरह का अत्याचार और शोषण हो रहा है वैसा इतिहास में कभी नहीं हुआ ।देश में दलित, आदिवासी ,बिछड़े ,अल्पसंख्यक लोगों के साथ न्याय होना चाहिए । कांग्रेस पार्टी का अधिवेशन अहमदाबाद में रखा है उसका नाम न्याय पथ अधिवेशन है इसलिए हम महात्मा गांधी जी, नेहरु जी, सरदार पटेल जी, के रास्ते पर चलकर देश, पार्टी को नई ऊंचाई तक ले जाएंगे। कांग्रेस की आत्मा पूरे हिंदुस्तान में बसती है ,लेकिन कांग्रेस पार्टी इस अधिवेशन की शुरूआत भाजपा के घर गुजरात से करेगी और हमें सफलता मिलेगी और एक नई क्रांति का जन्म होगा।

## बंदरों के आतंक के विरोध में उपायुक्त के नाम सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**मांग**

**पूर्व मंत्री सुभाष सुधा के निवास स्थान पर उनसे मिले और इस समस्या का समाधान करने की प्रार्थना की**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** भारतीय योग संस्थान की युधिष्ठिर योग जिला प्रधान सुमन तोमर को बुधवार को प्रातः 6: 45 बजे सेक्टर 8 स्थित मथाना बैठक योग साधना केंद्र से वापस आते हुए सेक्टर 7 स्थित उपनिदेशक कृषि विभाग के कार्यालय के सामने बंदरों के समूह द्वारा घेर कर बुरी तरह जख्मी कर दिया गया था । बंदरों ने उन्हें आठ स्थानों पर काटा । अस्पताल में इलाज करवाने व टीके लगवाने के पश्चात वह आज अपनी शिकायत दर्ज करवाने उपायुक्त कार्यालय पहुंची ।बंदरों के इस आतंक के विरोध में आज नगर के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों ने भारतीय योग संस्थान, सीनियर सिटीजन फोरम सेक्टर 13, और सेक्टर 7 के निवासियों के नेतृत्व में माननीया उपायुक्त कुरुक्षेत्र के नाम सिटी मजिस्ट्रेट डॉ रमन गुप्ता को एक ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि नगर वासियों को बंदरों के आतंक से सुरक्षा प्रदान की जाए । जनप्रतिनिधियों ने नगराधीश महोदय को बताया कि सभी सैक्टरों विशेषकर सै. 7 में बंदर घरों व क्यारियों में घुसकर जान माल का नुकसान करते हैं । बच्चे बंदरों के आतंक के कारण पार्कों में खेलने नहीं जाते और डर से घरों में ही दुबके रहते हैं । इस हालत में उनका विकास कैसे हो पाएगा और प्रदेश खेलों में अव्वल कैसे बन पाएगा । उन्होंने बताया कि पूर्व में भी ऐसी बहुत सी घटनायें हो चुकी हैं परन्तु प्रशासन कोई समाधान नहीं निकाल पाया । बंदरों के आतंक से पीड़ित एक बच्चे का परिवार तो कुरुक्षेत्र से ही पलायन कर गया ।डॉ रमन गुप्ता ने आश्वासन दिया कि इस शिकायत पर जिला प्रशासन शीघ्र उचित कार्रवाई करेगा। इसके पश्चात सभी मिलकर पूर्व मंत्री सुभाष सुधा के निवास स्थान पर उनसे मिले और इस समस्या का समाधान करने की प्रार्थना की। उन्होंने भी कहा कि वह जिला प्रशासन को इस बारे में शीघ्र कार्रवाई करने के लिए कहेंगे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल मे बैसाखी पर्व हर्षोल्लास से मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**प्रस्तुति**

**दसवीं की छात्रा ने वैसाखी व जालियां वाला बाग पर सुन्दर कविता की प्रस्तुति की**

**अम्बाला:** डी ए वी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, अम्बाला शहर के प्रांगण मे वैसाखी पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। हैरिटेज क्लब की इंचार्ज पूनम व हरजीत कौर ने ओउम पट पहनाकर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ आर आर सूरी जी का स्वागत किया। कार्यक्रम का आरम्भ आठवीं कक्षा के एक छात्र ने कविता पाठन से हुआ, दसवीं की छात्रा ने वैसाखी व जालियां वाला बाग पर एक सुन्दर कविता की प्रस्तुति की। विद्यालय के तीसरी कक्षा के छात्र ने स्वयं ढोल बजाकर पर्व का समा बांध दिया। ढोल की ताल पर सभी झूम उठे, पांचवीं तथा छठी कक्षा के छात्रों द्वारा एक समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया, दसवीं कक्षा की दो छात्राओं ने शास्त्रीय संगीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। ग्यारहवीं कक्षा की दो छात्राओं ने पंजाबी गीत प्रस्तुत कर समा बांध दिया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने पंजाबी वस्त्र पहनकर पंजाबी संस्कृति को दशार्या, कक्षा तीसरी व चौथी के छात्रों का वैसाखी के उपलक्ष्य मे कविता पाठ प्रतियोगिता कराई गई, जिसका विषय वैसाखी, फसलों का उत्सव लिया गया।

पूरे विद्यालय मे मानो वैसाखी मनाने को एक उमंग सी जागृत हो गई। प्रधानाचार्य डॉ सूरी ने छात्रों को वैसाखी की ढेर सारी बधाइयां दी व सत्र के आरम्भ से ही बड़े लगन व मेहनत से अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया।

## आहार संबंधी जानकारी किशोरावस्था की मुख्य जरूरत: प्राचार्य शीशपाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र** : भगवान परशुराम कॉलेज कुरुक्षेत्र में शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा भोजन एवं पोषण का 30 घंटे का सर्टिफिकेट कोर्स करवाया गया। यह कोर्स 17 मार्च 2025 से शुरू होकर 4 अप्रैल 2025 तक चला। इस कोर्स में 20 छात्र छात्राओं ने भाग लिया । कोर्स को करवाने का मुख्य उद्देश्य पोषण संबंधी आवश्यकताएं, भोजन का वर्गीकरण, पोषक तत्वों की जानकारी, खाद्य पदार्थों को कैसे संभाल कर रखा जाए तथा खाद्य पदार्थों में मिलावट और मिलावट का शरीर पर पड़ने वाला प्रभाव और मिलावट के रोकने के उपाय के बारे में विस्तार से बताया गया। यह शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा लगातार तीसरे वर्ष भी पाठ्यक्रम करवाया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य फास्ट फूड से दूर रहकर आहार व्यवहार की अच्छी आदतों को पुन स्थापित करना है। महाविद्यालय के प्राचार्य ने कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया और इस प्रकार के जागरूकता अभियानों की सराहना की।

### चोरों ने तीन मोटरसाइकिलों पर किया हाथ साफ

**पानीपत।** पानीपत में चोरी की घटनाएं दिनों दिन बढ़ती जा रही हैं। गुरुवार की रात चोरों ने अलग-अलग जगहों से तीन मोटर साइकिलें चुरा ली। पहली चोरी थाना चांदनी बाग क्षेत्र में हुई। थाना चांदनी बाग में दी शिकायत में गौरव पुत्र नरेश निवासी भारत नगर ने बताया कि उसने अपनी नई स्पलेंडर 2025 मॉडल आनंद अस्पताल के सामने खड़ी की थी। बाहर आकर देखा तो मेरी मोटरसाईकिल नहीं मिली। दूसरी घटना में थाना चांदनी बाग में दी शिकायत में राहुल पुत्र धर्म सिंह निवासी अशोक विहार कालोनी ने बताया कि वह अपनी स्पैलण्डर प्लस लेकर फैन फेयर मेला सैक्टर 25 पानीपत आया था।

## सीएम ने जनता के लिए खोले संत कबीर कुटीर के दरवाजे: सुमन सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/बाबैन / लाडवा:** महिला बाल कल्याण विभाग की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता व आम आदमी के लिए संत कबीर कुटीर के दरवाजे 24 घंटे के लिए खोले हुए हैं। प्रदेश का कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या, शिकायत या परेशानी लेकर किसी भी समय मुख्यमंत्री से मिल सकता है। प्रदेश के लोगों को चंडीगढ़ का चक्कर न लगाना पड़े, इसके लिए जिला स्तर व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश में सभी क्षेत्रों का समान विकास करवाया जा रहा है।



**जनहित**

**कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या, शिकायत या परेशानी लेकर किसी भी समय मुख्यमंत्री से मिल सकता है**

महिला बाल कल्याण विभाग की उपाध्यक्ष सुमन सैनी शुक्रवार को गांव भैणी, खिडकी वीरान और मंगोली में आयोजित जनसभाओं को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को 14 अप्रैल को यमुनानगर पहुंचने का निमंत्रण दिया। मौके पर ग्रामीणों की शिकायतों को भी सुना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को प्रदेश के लोगों को बड़ी सौगात देने हरियाणा पहुंच रहे हैं।

प्रधानमंत्री इस दिन यमुनानगर में 800 मैगावाट क्षमता की थर्मल यूनिट का शिलान्यास और हिसार में एयरपोर्ट का उद्घाटन व नए टर्मिनल का शिलान्यास करेंगे। इन विकास कार्यों के जरिए प्रधानमंत्री विकसित भारत व विकसित हरियाणा की महत्वपूर्ण कड़ी को जोडने.का कार्य करेंगे।

इस कार्यक्रम को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में ऐतिहासिक और यादगार बनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता यमुनानगर में पहुंचेंगे।

## भाजपा सदस्यों के संघर्ष से ही प्रदेश में बनी ट्रिपल इंजन की सरकार: सुभाष

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**खाका तैयार**

**प्रदेश सरकार द्वारा पूरा खाका भी तैयार कर लिया गया है। हर व्यक्ति को खुशहाल बनाने की सोच लेकर सरकार आगे बढ़ रही है**

**कुरुक्षेत्र** : पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि भाजपा के सक्रिय सदस्यों के संघर्ष से ही प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार बनी है। यह सरकार अब आम जन के उत्थान और उनको खुशहाल बनाने की नीतियों पर फोकस रखकर योजनाएं तैयार कर रही है। इन योजनाओं को सक्रिय सदस्यों के सहयोग से अमलीजामा पहनाया जाएगा। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा पंचायत भवन के सभागार में भाजपा की तरफ से थानेसर हल्का के सक्रिय कार्यकताओं के सम्मेलन में बोल रहे थे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, भाजपा के जिला अध्यक्ष तजेन्द्र सिंह गोल्डी, नगर परिषद की चेयरमैन माफी ढांडा, पूर्व जिला अध्यक्ष सुशील राणा, चेयरमैन जय सिंह पाल, महामंत्री जसविन्द्र सिंह ने दीप शिखा प्रज्वलित करके विधिवत रूप से सक्रिय सदस्यता सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस सक्रिय सदस्यता सम्मेलन में ज्योतिसर मंडल, थानेसर मंडल, कुरुक्षेत्र मंडल और अभिमन्युपुर मंडल के सैंकडों सक्रिय कार्यकर्ता शामिल हुए। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने सक्रिय कार्यकताओं के समक्ष केन्द्र और राज्य सरकार की 10 सालों की छोटी और बडी परियोजनाओं और तमाम उपलब्धियों को रखते हुए कहा कि सरकार की एक-एक योजना समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सक्रिय कार्यकर्ता का मुख्य दायित्व है। इस प्रदेश में जिस प्रकार भाजपा कार्यकताओं ने अपने संघर्ष से ट्रिपल इंजन की सरकार को बनाया है,ठीक उसी प्रकार इस ट्रिपल इंजन की सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के लिए सक्रिय कार्यकर्ता अपनी अहम भूमिका अदा करेंगे।

पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सबका साथ सबका विकास और हरियाणा एक हरियाणवी एक की नीति को आधार बना कर ट्रिपल इंजन की सरकार तीन गुणा तेज गति के साथ विकास कार्य करवाएंगी। इस प्रदेश के सभी हल्कों में छोटी और बड़ी परियोजनाओं को अमलीजामा पहनाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा पूरा खाका भी तैयार कर लिया गया है। इस प्रदेश के हर व्यक्ति को खुशहाल बनाने की सोच लेकर सरकार आगे बढ़ रही है। इसके साथ ही आमजन की एक-एक समस्या को तब्बजो देकर सरकार समाधान कर रही है।

## अपराध की नीयत से हथियारों के साथ घुम रहे दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र** : कुरुक्षेत्र पुलिस मुस्तैदी ने काम करते हुए अपराध की नीयत से हथियारों के साथ घुम रहे दो आरोपियों को किया गिरफ्तार। जिला अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने मुस्तैदी से काम करते हुए अपराध की नीयत से हथियारों के साथ घुम रहे 2 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों से 1 देसी पिस्टल 32 बोर, 1 देसी कट्टा 315 बोर तथा कुल 13 जिन्दा रौंद बरामद किये गये।

जानकारी देते हुए अपराध अन्वेषण शाखा-1 प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना प्रभारियों को नाकाबंदी करके चैकिंग करने व अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के आदेश दिए थे। आदेशों की पालना करते हुए 10/11 अप्रैल की रात्रि को अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम गस्त पर थी। पुलिस टीम को सूचना मिली कि नैशनल हाईवे-44 पर शाहबाद एरिया में एक मोटरसाईकिल पर दो युवक घुम रहें हैं जिनके पास हथियार हैं और किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना पर अपराध अन्वेषण शाखा-1 प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार, उप निरीक्षक शरनजीत, सहायक उप निरीक्षक संदीप कुमार व हवलदार प्रवेश की टीम शरीफगढ़ के पास से आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# कुवि के विकास में पूर्व छात्र निभा सकते हैं महत्वपूर्ण भूमिकाः प्रो. सोमनाथ सचदेवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय** के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विकास में पूर्व छात्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। 1956 में कुवि की स्थापना एक संस्कृत विश्वविद्यालय के रूप में हुई थी। समय के साथ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने बहु-विषयक संस्थान के रूप में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। हरियाणा की पहली ए-प्लस-प्लस ग्रेड यूनिवर्सिटी बनकर व एनईपी-2020 को सर्वप्रथम सबसे पहले पूरे भारत में लागू कर कुवि ने हरियाणा राज्य में ही नहीं राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति पाई है। वे शुक्रवार को कमेटी रूम में जूलोजी विभाग के 1975 से 1977 बैच के पूर्व छात्रों डॉ. अनिता शर्मा, रागिनी वाडिया, भूषण भाटिया, रमेश मदान, मुलखराज कामरा, शैलेन्द्र वर्मा, सुरेन्द्र भाटिया व रवि शंकर से बातचीत करते हुए बोल रहे थे। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमारे पुरातन छात्र कुवि के ध्वजवाहक है। हमें अपने पुरातन छात्रों पर गर्व है। किसी भी संस्थान के विकास और गुणवत्ता प्रचार में पुरातन छात्रों का अहम योगदान होता है। कुवि ने खेलों, शोध व संस्कृति के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। कुवि ने शोध के क्षेत्र में 63 पेंटेट दर्ज कर नए आयाम स्थापित किए हैं। एनईपी-2020 के तहत 70 से अधिक रोजगारपरक कोर्स कुवि ने लागू किए है। उन्होंने पूर्व छात्रों से विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप, कृषि क्षेत्र, उद्योग व अन्य क्षेत्रों में सहयोग का आह्वान किया। कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने कहा कि पुरातन छात्रों को एक मंच देना कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। पुरातन छात्रों के सहयोग से हम विश्वविद्यालय के चहुंमुखी विकास में निरंतर योगदान कर सकते हैं। जूलोजी विभाग की अध्यक्ष प्रो. अनिता भटनागर ने कहा कि हमारे एल्यूमनी विश्वविद्यालय की ताकत है। पूर्व छात्रों ने कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा का आभार प्रकट किया और कहा कि वह विश्वविद्यालय हित में अपना सहयोग देने के लिए हमेशा तत्पर हैं। पूर्व छात्रों ने जूलोजी विभाग का भी दौरा किया व विभाग के विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव सांझा किए और उनको भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



# लिटिल मिलेनियम और किड्स प्लेनेट में बैसाखी हर्षोल्लास पूर्वक मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : लिटिल मिलेनियम** और किड्स प्लेनेट सेकटर 3 में बैसाखी का पर्व अत्यंत हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को बैसाखी पर्व, खालसा सृजना दिवस और जलियांवाला बाग हत्याकांड की अलग थीम पर सजाया गया जिसमे साझें पंजाब की झलक, साफ दिखाई दी। मौसम की थीम पर सजाया गया, जिसमें पंजाबी संस्कृति की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी।छात्र रंग-बिरंगे पंजाबी पारंपरिक परिधानों में सजे हुए अत्यंत मनोहारी लग रहे थे। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय में विशेष सभा से हुई, जिसके बाद बच्चों ने भांगड़ा, गिद्धा, नाटक और गीतों के माध्यम से पंजाब की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवंत कर दिया। 'पंच प्यारे' की अगुवाई में छात्रों को श्रद्धापूर्वक गुरुद्वारा ले जाया गया, स्कूल स्टाफ व बच्चो ने देश मे भाई चारे, सुख समृदि शान्ति के अरदास की! बच्चो व स्टाफ ने मूल मंत्र व वाहेगुर सतनाम का सिमरन किया। बैसाखी कार्यक्रम की थीम 'खालसा पंथ की स्थापना' रखी गई। कार्यक्रम में बच्चो को बताया गया कि खालसा पंथ की स्थापना 1699 में गुरु गोबिंद सिंह जी द्वारा की गई थी, जो साहस, सच्चाई और धार्मिक स्वतंत्रता के प्रतीक हैं।



## न्यूज फ्लैश

### छात्राओं के लिए स्वास्थ्य एवं निजी स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**पानीपत, (कमाल हुसैन ) महिला** प्रकोष्ठ एवं गृह विज्ञान विभाग आईबी पीजी कॉलेज तथा रोटरी क्लब पानीपत रेनबो के संयुक्त तत्वावधान में छात्राओं के लिए स्वास्थ्य एवं मेन्स्टुअल स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पाहुजा हॉस्पिटल से डॉ.वंदना पाहुजा मुख्य वक्ता थी। उन्होंने छात्राओं को निजी जीवन में शारीरिक स्वच्छता, स्वास्थ्य, मेन्स्टुअल स्वच्छता तथा खानपान जैसे ज्वलंत विषयों पर जागरूक किया। प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक ने कहा कि एक स्वस्थ नारी ही स्वस्थ समाज की नींव है। उप प्राचार्या डॉ.किरण मदान, महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ.सीमा, डॉ.सुनीता ढाँडा, डॉ.नीलम दहिया तथा रोटरी क्लब पानीपत के अध्यक्ष सचिन अग्रवाल तथा सचिव मनमोहन मित्तल ने पौधा भेंट कर तथा शॉल ओढ़ाकर डॉ.वंदना का स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ.पूनम मदान, कनक शर्मा, डॉ. मोनिका सोनी, डॉ.नेहा, सोनल, रेखा, अंशिका, पूजा, डॉ.नीतू मनोचा, प्रिया बरेजा, प्रिया सदाना, आकांक्षा आदि उपस्थित रहे।




### कांग्रेस के पूर्व विधायक का भाजपा पर तंज

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। कांग्रेस के 84वें अधिवेशन** में हिस्सा लेने के बाद असंध के पूर्व विधायक शमशेर सिंह गोगी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अब 36 बिरादरी को साथ लेकर चलेगी और निष्क्रिय लोगों को किनारे किया जाएगा। वहीं, प्राइवेट स्कूलों को लेकर उन्होंने कहा कि बीजेपी राज में स्कूलों का सिंडिकेट बन चुका है, जहां ब्लैकमेलिंग और लूट मची हुई है। किताबें, वर्दी और फीस के नाम पर गरीबों को लूटा जा रहा है। फार्म-6 की जांच हो जाए तो कई स्कूल संचालक जेल में होंगे। गैस सिलेंडर के रेट बढ? पर तंज कसते हुए पूर्व विधायक बोले कि जहां 500 रुपए देने का वादा किया गया था, वहीं अब सरकार ने 50 रुपए रेट बढ़ा दिए हैं। शमशेर सिंह गोगी ने कहा कि हाल ही में हुए 84वें कांग्रेस अधिवेशन में पूरे देश से 1800 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस अधिवेशन में बड़ा फैसला लेते हुए पार्टी ने समानता के अधिकार पर काम करने की बात कही है। कांग्रेस अब 36 बिरादरी को साथ लेकर संगठन को मजबूत करने का काम करेगी। अधिवेशन में यह भी तय किया गया कि पार्टी में निष्क्रिय लोगों को कोई भूमिका नहीं दी जाएगी, जबकि नए और ऊजार्वान चेहरों को काम सौंपा जाएगा। जिला अध्यक्षों को अब पहले से ज्यादा पावर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने स्पष्ट रूप से कहा है कि नफरत फैलाने वाली पार्टियों जैसे आरएसएस और बीजेपी को जड़ से उखाड? का काम कांग्रेस करेगी। यही बात स्टेट के वरिष्ठ नेताओं ने भी दोहराई। उन्होंने बताया कि हरियाणा की जिम्मेदारी इस अधिवेशन में रणदीप सिंह सुरजेवाला को दी गई थी, जो प्रदेश के लिए गर्व की बात है।

### हकीवि पितृपुरुष ने की छात्र-छात्राओं से मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। हरियाणा सेंट्रल** यूनिवर्सिटी (हकेवि), महेंद्रगढ़ के पितृ पक्ष प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विश्वविद्यालय के छात्र-आचार्यों से मुलाकात की। छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय द्वारा आयोजित इस बैठक में पैलर्स ने छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर विश्वविद्यालय के समग्र विकास पर चर्चा की। यह अवसर विश्वविद्यालय के समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा भी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के अभिभावक प्रो. टंकेशवर कुमार ने छात्र-छात्राओं के लिए आवेदकों के सुझावों को अमल में लाने के लिए सुझाव दिए। बैठक के अंत में विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने सभी को धन्यवाद दिया।



# प्रधानमंत्री के यमुनानगर शिलान्यास कार्यक्रम में

पानीपत, ( कमाल हुसैन ) हरियाणा केमुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी और मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हिसार व यमुनानगर के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारी को लेकर प्रदेश भर के सभी उपायुक्तो और पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम में किसी तरह की कोर कसर बाकी नहीं रहनी चाहिए। अधिकारियों को इस कार्यक्रम को लेकर जिम्मेदारी में ईमानदारी से कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि सभी उपायुक्त 13 अप्रैल को तैयारी की पूरी सूचना की जानकारी देंगे। अतिरिक्त उपायुक्त डॉक्टर पंकज ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद अधिकारियों के साथ बैठक की व कार्यक्रम की तैयारी को लेकर परिवहन विभाग, सेल्फ हेल्प ग्रुप, जिला परिषद सीईओ के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि यमुनानगर आधारशिला कार्यक्रम के लिए जिले से 2 22 के करीब बसे जाएंगी। इसको लेकर रूट तय कर लिए गए है। कार्यक्रम मे 82 बसे परिवहन विभाग की होगी व शेष बसे आरटीओ द्वारा भेजी जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी यह सुनिश्चित कर ले की कार्यक्रम में पहुंचने वाले किसी भी व्यक्ति को किसी तरह की पानी, खाने से संबंधित समस्या न आए। खाना वेस्ट न हो सभी कार्यक्रम स्थल पर समय पर पहुंचे। अतिरिक्त उपायुक्त ने निर्देश दिए की परिवहन विभाग व आरटीए यह सुनिश्चित कर ले की सभी बस संचालकों का 13 अप्रैल को रात्रि ठहराव गांव में हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की बसों को ले जाने वाले सभी ड्राइवर को लोकेशन शेयर कर दे। विभाग की बसों में एक जिम्मेदारी अधिकारी की ड्यूटी भी लगानासुनिश्चित करें। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि कार्यक्रम में पहुंचने वालों के लिए पैकेट में पानी की विशेष व्यवस्था




# व्यापारी बकायाकर भुगतान की ओटीएस-2025 योजना का उठाएं लाभः उपायुक्त

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) उपायुक्त वीरेन्द्र कुमार** दहिया ने जिले के व्यापारियों से आह्द्वान किया कि वे जीएसटी विभाग की एकमुश्त निपटान योजना-2025 का लाभ उठाएं। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने व्यापारियों विशेषकर छोटे व्यापारियों के हित को देखते हुए यह योजना शुरू की है। ओटीएस-2025 करदाताओं को पुराने वित्तीय बोझ से मुक्ति दिलाकर नई शुरूआत करने का अवसर देगी। उन्होंने योजना के बारें में विस्तार से बताते हुए बताया कि एकमुश्त निपटान योजना-2025 में व्यापारियों को कर पर लगाये गए ब्याज और जुमार्ने की छूट मिलेंगी। प्रथम स्लैब में 10 लाख रुपए तक के बकायेदार को एक लाख रूपए की कर छूट है। कोई ब्याज और जुमार्ना नहीं देना होगा। शेष कर राशि का 40 प्रतिशत ही जमा करके निपटारा हो जाएगा। दूसरे स्लैब में 10 लाख से 10 करोड़ रुपए तक के बकायेदार को ब्याज और जुमार्ना नही देना होगा। शेष कर राशि का 50 प्रतिशत ही एकमुश्त या फिर 2 किस्तों में भुगतान कर सकते है। तीसरे स्लैब के अनुसार, 10 करोड़ रुपए से अधिक के बकायेदार को सिर्फ कर राशि ही जमा करवानी है, तथा ब्याज व जुमार्ने में 100 प्रतिशत की छूट दी गई है। यह स्कीम 6 माह तक चलेगी।

# फर्जी जमानत करवाने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः पुलिस अधीक्षक** अम्बाला सुरेन्द्र सिहँ भोरिया के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम व आपराधिक मामलों में वाछिंत आरोपियों के खिलाफ चलाए गए अभियान के दौरान थाना अम्बाला शहर में दर्ज फर्जी जमानत देने के मामले में 10 अप्रैल 2025 को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी मनमोहन सिहँ निवासी भानोखेड़ी थाना अम्बाला सदर जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मामले में संलिप्त एक आरोपी को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है।
इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता न्यायालय रीडर अम्बाला शहर ने 24 मार्च 2025 को थाना अम्बाला शहर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 24 मार्च 2025 को आरोपी संदीप कुमार व अन्य ने माननीय न्यायालय में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर थाना महेशनगर में दर्ज नशा तस्करी के मामले में गिरफ्तार आरोपी विकास की जमानत देने की धोखाधड़ी करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी।

# एस.डी. स्कूल में बैसाखी पर कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
एस.डी. सीनियर सेकेंडरी स्कूल,जी टी रोड ,पानीपत में वैसाखी पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रिंसिपल रेखा शर्मा ने की! कार्यक्रम में बच्चों को बैसाखी त्योहार के बारे में संपूर्ण जानकारी दी गई !तान्या मैम और हिमप्रीत मैम ने सभी बच्चों को बताया कि ये फसल कटाई व नव वर्ष की शुरूआत का प्रतीक माना जाता है । पंजाब और हरियाणा में इसे विशेष रूप से मनाया जाता है । इस अवसर पर विद्यालय में बच्चों ने अलग-अलग भाषण नृत्य आदि की प्रस्तुतियां दी। सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। नोशी, परी,अनुष्का, लवली,तनवीर, कुणाल,सिम्मी ,मानसी,वंश सभी बच्चों ने नृत्य तथा भाषणका प्रस्तुत किया! !स्कूल की प्रिंसिपल रेखा शर्मा ने बताया इस दिन सिखों के दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी, जिससे यह दिन सिख धर्म के लिए और भी अधिक महत्वपूर्ण बन जाता है। यह त्योहार न केवल धार्मिक, बल्कि सामाजिक दृष्टिकोण से भी बेहद खास है। यह भाईचारे, एकता और सौहार्द का प्रतीक है, जिसे सभी जाति, धर्म और लिंग के लोग मिल-जुलकर मनाते हैं। बैसाखी के दिन, जलियांवाला बाग में एक सभा आयोजित की गई थी। सभा में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे, जिनमें हिंदू, सिख, मुस्लिम और ईसाई शामिल थे। ब्रिगेडियर जनरल रेजीनॉल्ड डायर 90 ब्रिटिश सैनिकों के साथ वहां पहुंचे और उन्होंने भीड़ पर गोलियां चलाने का आदेश दे दिया । लगभग 1650 राउंड गोलियां चलाई गईं, जिससे 400 से अधिक लोगों की मौत हो गई और 3,500 से अधिक लोग घायल हुए। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों तथा अध्यापकों ने 2 मिनट का मौन रखकर जलियांवाला बाग में शाहिद हुए सभी व्यक्तियों को श्रद्धांजलि दी।



# 'भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्रहित के लिए काम करता है'

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) आज पानीपत ग्रामीण विधानसभा** क्षेत्र के सैक्टर-6 स्थित कबीर छात्रावास में भारतीय जनता पार्टी का सक्रिय सदस्यता सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने शिरकत की। सम्मेलन में बड़ी संख्या में भाजपा के सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे। अपने जोशीले संबोधन में ढांडा ने भाजपा कार्यकर्ताओं की निष्ठा, मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि आज केंद्र और हरियाणा में तीसरी बार भाजपा सरकार का बनना सिर्फ और सिर्फ भाजपा के समर्पित कार्यकर्ताओं की बदौलत संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्रहित के लिए काम करता है और यही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि भाजपा ने हमेशा उन मुद्दों को प्राथमिकता दी है जो दशकों से राजनीतिक दलों द्वारा सिर्फ वोट बैंक की राजनीति के लिए लटकाए जाते रहे। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि धारा 370 का हटाया जाना, ट्रिपल तलाक जैसे सामाजिक सुधार, अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण और वक्फ संशोधन बिल जैसे साहसिक निर्णय भाजपा सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति और स्पष्ट नीति के प्रतीक हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आज जनता का भरोसा भाजपा पर इसलिए है क्योंकि पार्टी केवल घोषणा नहीं करती, बल्कि उन पर अमल भी करती है। महीपाल ढांडा ने कहा कि आने वाले समय में हर कार्यकर्ता को और अधिक समर्पण भाव से जनसेवा में जुट जाना चाहिए ताकि संगठन को और अधिक मजबूती मिल सके और हर घर तक भाजपा की विचारधारा पहुंचे। सम्मेलन के दौरान मंच पर पूर्व मेयर अवनीत कौर, भाजपा नेता सुलेख डिडवाड़ा, कृष्ण आर्य, रघुनाथ तंवर कश्यप, सभी मंडल अध्यक्ष एवं पार्टी के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन सुनियोजित और उत्साहपूर्वक किया गया।



# खिलाड़ियों ने चेस प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर नाम रोशन किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) आर्य** पीजी कॉलेज के खिलाड़ियों ने इन्टर कॉलेज वुमन चेस प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर कॉलेज का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने विजेता खिलाड़ियों का कॉलेज प्रांगण पहुँचने पर स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के नवनियुक्त विभागध्याक्ष डॉ.राजेश टूर्ण व उनकी पूरी टीम को जीत के लिए बधाई दी। महाविद्यालय की प्रबंधक समिति के प्रधान सुरेन्द्र शिंगला ने कहा आर्य कॉलेज के विद्यार्थी आज हर क्षेत्र में कॉलेज का नाम रोशन कर रहे हैं। गत तीन वर्षों में कॉलेज के लगभग 50 खिलाड़ी खेल कोटे से सरकारी नौकरी प्राप्त कर चुके हैं। प्राचार्य डॉ.गुप्ता ने बताया कि कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी, कुरुक्षेत्र में आयोजित इन्टर कॉलेज वुमन चेस प्रतियोगिता में आर्य कॉलेज की महिला खिलाड़ी पूजा, तन्नु, काजल, मृदुल और सृष्टि ने गोल्ड मेडल जीतकर कॉलेज का नाम रोशन किया है। इन खिलाड़ियों का चयन ऑल इंडिया इन्टर यूनिवर्सिटी के कोचिंग कैम्प के लिए हुआ। इस अवसर पर प्राध्यापक राजेंद्र देशवाल, राजा तोमर, सुनील पहल व प्राध्यापिका रजनी मौजूद रहे।

# विधायक अशोक अरोड़ा ने खोली गेहूं खरीद के सरकारी दावों की पोल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : थानेसर के** विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक अरोड़ा ने थानेसर की अनाज मंडी का दौरा करके गेहूं खरीद के प्रबंधों का जायजा लिया। इस अवसर पर उनके साथ माया राम चंद्रभानपुरा, ओमप्रकाश पलवल, सुनील राणा, सौरभ गर्ग, संजय कौशल, सुशील गुप्ता, राहुल सहित अनेक आढ़ती व किसान भी मौजूद रहे।अरोड़ा ने गेहूं खरीद के लिए सरकार द्वारा किए गए दावों की पोल खोलते हुए कहा कि गेहूं खरीद शुरू हुए 11 दिन हो गए है, लेकिन आज तक अनाज मंडी में लिफ्टिंग का ठेका नहीं हुआ है और न ही बारदाना पहुंचा है, जिस कारण गेहूं का उठान न होने से आढ़ती और किसानों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। अरोड़ा ने इस मामले को लेकर मंडी से ही हरियाणा के खाद्य एवं आपूर्ति राज्य मंत्री राजेश नागर से फोन पर बातचीत की, जिस पर नागर ने अरोड़ा को जानकारी दी कि आज ही थानेसर की अनाज मंडी का लिफ्टिंग के लिए टेंडर खोल दिया गया है। गेहूं खरीद के प्रबंधों को लेकर उन्होंने अतिरिक्त उपायुक्त तथा एसडीएम से भी बात करके गेहूं उठाने के प्रबंध तुरंत करने को कहा और बारदाना पहुंचाने के निर्देश दिए।अरोड़ा ने कहा कि जो कार्य गेहूं खरीद शुरू होने से 1 महीना पहले किए जाने चाहिए थे, वह गेहूं खरीद शुरू होने के 11 दिन बीत जाने पर भी नहीं किए गए है। इससे सरकार के किसान हितैषी होने के दावे की पोल खुलती है। मंडी में किसानों के लिए पीने का स्वच्छ जल उपलब्ध करवाने के लिए उन्होंने मार्किट कमेटी के सचिव को एक्वागार्ड लगाने के निर्देश दिए। साथ ही मंडी की सफाई व्यवस्था और बंद हुए सीवरेज को खुलवाने के बारे में भी कहा। उन्होंने मार्केट कार्यालय में जाकर सभी प्रबंधों का जायजा लिया और फिर मंडी में घुमकर किसानों और आढ़तियों से बातचीत की।



**बिगड़ी कानून व्यवस्था पर अशोक अरोड़ा ने जताई चिंता**

इसके पश्चात केडीबी रोड स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों से वातार्लाप करते हुए अशोक अरोड़ा ने बिगड़ती कानून व्यवस्था पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज सीएम सिटी कुरुक्षेत्र जिले के शाहाबाद, लाडवा और थानेसर में आईलेट्स सेंटरों पर बदमाशों द्वारा गोलियां बरसाई जाती है और फिरौती लेने के लिए दहशत फैलाई जा रही है। व्यापारियों से फिरौती मांगी जा रही है। लूट और चोरी की घटनाएं प्रतिदिन बढ़ रही है। आज तड़के ही शाहाबाद के निकट जीटी रोड पर पुलिस मुकाबले में 2 बदमाश घायल हुए है।

# रैडक्रास समिति द्वारा चलाए जा रहा रक्त बैंक मरीजों को लिए बना वरदान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) शुक्रवार को भारतीय** रेडक्रॉस सोसाइटी हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ के महासचिव डॉ मुकेश अग्रवाल रेडक्रॉस सोसाइटी पानीपत द्वारा चलाए जा रहे रक्त बैंक का जायजा लेने विशेष तौर पर पहुंचे। इस दौरान उन्होनें रैडक्रास भवन में रक्त सैंटर, सेंट जॉन गतिविधियां, कम्प्यूटर सैंटर, टी.आई. प्रोजैक्ट व दिव्यांगजनों को उपलब्ध करवाई जा सुविधाओं की जानकारी हासिल की। डॉ मुकेश अग्रवाल ने रक्त बैंक की गतिविधियों का आकलन करने उपरांत तारीफ करते हुए कहा की जरूरतमंद मरीजों के लिए रेडक्रॉस रक्त बैंक वरदान साबित हो रहा है जैसा कि इस वर्ष के दौरान 146 रक्तदान शिविरों का आयोजन करके 7400 से अधिक यूनिट रक्त एकत्रित किया गया है जो कि काबिले तारीफ है रक्त बैंक के माध्यम से थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को भी रक्त उपलब्ध करवाया जा रहा है।



# क्षेत्र में विकास को लेकर निरंतर प्रयास जारी: गुलाब सिंह राठौर





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बुराडी विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले मुकुंदपुर वार्ड से निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर अपने वार्ड में विकास को लेकर निरंतर प्रयास कर रहे है। इसी कडी में पार्षद राठौर द्वारा वार्ड स्थित 25 फुटा सोम बाजार रोड़ मुकुंदपुर पार्ट दो की तमाम बंद पड़ी नालियों को निगम की आधुनिक वेक्ट्रा मशीन द्वारा नालियों की सफाई करवाई गई। इसके साथ ही 60 फूटा ऑर्थोरिटी रोड़ प्रगति इंकलेव पार्ट में भी वेक्ट्रा मशीनों द्वारा सफाई करवाई गई। इस मौके पर पार्षद राठौर ने कहा कि क्षेत्र में साफ-सफाई बनाएं रखने की जिम्मेदारी मेरी है जिसके निवारण के लिए मैं हमेशा ही जागरूक रहता हूं। इसी कडी में पार्षद गुलाब सिंह राठौर ने अपने कार्यालय में जन सुनवाई कार्यक्रम का भी आयोजन किया और इस मौके पर क्षेत्र की कई महिलाओं ने अपनी-अपनी समस्याएं पार्षद के समक्ष रखी, पार्षद राठौर ने लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और कई लोगों की समस्याओं को तत्काल प्रभाव से निस्तारण भी किया और कुछ लोगों की समस्याओं को देखते हुए उनकी भी समस्याओं के निस्तारण के लिए उनकों आश्वासन भी दिया।

## भाजपा सरकार स्कूलों की मनमानी पर लगाम लगाए: यादव



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि किसी भी स्कूल द्वारा स्कूल के छात्रों को बंधक बनाना आपराधिक गतिविधि है, जिसकी जांच के दौरान साउथ वेस्ट डीएम को भी डीपीएस द्वारका की लाईब्रेरी में बच्चे बंद मिले।
उन्होंने कहा कि भाजपा की दिल्ली सरकार प्राईवेट स्कूलों की मनमानी पर लगाम लगानी चाहिए और शिक्षा निदेशक द्वारा अप्रूव फीस को ही प्राईवेट स्कूल के छात्रों से लेने का अधिकार है। क्या प्राईवेट स्कूल दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग के नियमों को मानने के लिए बाध्य नहीं है जो मनमानी फीस वसूल रही है।
देवेन्द्र यादव ने कहा कि फीस बढ़ोत्तरी की समीक्षा के लिए भाजपा की दिल्ली सरकार कमेटी बनाकर सिर्फ अपना पल्ला झाड़ना चाहती है लेकिन पिछले दरवाजे से भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार प्राईवेट स्कूलों के पीछे खड़ी है। जिसके कारण प्राईवेट स्कूल मनमाने तौर पर फीस बढ़ोत्तरी कर रही है। उन्होंने कहा कि बच्चों को बंद करने के लिए दिल्ली सरकार और शिक्षा निदेशालय आश्वासन देने की जगह स्कूल के खिलाफ ठोस कार्यवाही करें।
राष्ट्रीय/राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की निष्क्रियता और अधिकारियों की कर्तव्यहीनता के लिए जवाबदेही तय हो और बच्चों के अधिकारों की रक्षा में विफल अधिकारियों को आवश्यक रुप से इस्तीफा देना चाहिए।
प्राईवेट स्कूलों द्वारा फीस बढ़ोत्तरी के खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका दायर है, लेकिन शिक्षा निदेशालय फीस बढ़ोत्तरी के खिलाफ कोई कार्यवाही करने को तैयार नहीं है। भाजपा सरकार निजी स्कूलों में फीस बढ़ोतरी में मददगार बनकर प्राईवेट स्कूलों में पढ़ने वाले गरीब और मध्यम वर्ग के बच्चो से गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा को छीनने का काम कर रही है। प्राईवेट स्कूलों में फीस न देने के कारण बच्चों को प्रताड़ित करना और मनमानी फीस बढ़ाने से गरीब व मध्यम वर्ग के बच्चों की शिक्षा प्रभावित होगी।

## विकास को लेकर टकटकी लगाए बैठी बुराड़ी की जनता, लेकिन कोसों दूर है विकास: श्याम सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बुराडी विधानसभा क्षेत्र के लोग सालों से विकास को लेकर सरकार व उनके नुमाइंदों की ओर टकटकी लगाए बैठे है लेकिन न तो सरकार को लोगों की चिंता और न ही जनप्रतिनिधियों को क्षेत्रीय लोगों की कोई चिंता है। उक्त कहना है मुकुंदपुर में रहने वाले कांग्रेस के पूर्व निगम प्रत्याशी श्याम सिंह का। इसके साथ ही श्याम सिंह ने कहा कि वैसे तो बुराडी का इंतिहास प्राचनीकाल से जुडा हुआ है, बावजूद इसके क्षेत्र में विकास तो कोसो दूर तक नजर नहीं आता है, विकास तो मानो धरातल पर कभी उतरा ही न हो और कागजों मे ही सिमट कर रह गया हो।
उन्होंने कहा कि मुकुंदपुर में एक कूडाघर तक नहीं है, जिससे की लोगों को कूडा फैंकने में परेशानी होती है, इसके साथ ही कोई भी सार्वजनिक शोचालय तक नहीं है जिसके चलते मार्किट के दुकानदारों व बाहरी लोगों को खासा परेशानी होती है। श्याम ने कहा कि क्षेत्रीय पार्षद गुलाब सिंह राठौर पार्षद बनने के बाद से ही क्षेत्र में नजर नहीं आए है, और न ही कोई सफाई कर्मचारी हमारे इलाके में सफाई के लिए आता है और कभी आ भी जाए तो सफाई केवल खानापूर्ति के लिए की जाती है। उन्होंने कहा कि राठौर ने विकास को लेकर जो भी कार्य किए वह अपने कार्यालय के आस पास ही किया है, हम क्षेत्रीय लोगों के साथ तो सौतेला व्यवहार ही किया है। श्याम ने कहा कि विधायक संजीव झा पिछले 4 बार से लगातार विधायक रह चुके है बावजूद इसके विधायक संजीव झा विकास को लेकर क्षेत्र में कोई ऐसी योजना तक नहीं ला पाए है जिससे क्षेत्र के लोगों को सुविधा भी मिली हो। श्याम ने कहा कि आम आदमी पार्टी और भाजपा की आपसी टकरार के चलते दिल्ली की जनता को काफी परेशानीयां झेलनी पड रही है।
उन्होंने कहा कि आप शासित निगम में धांधली के चलते क्षेत्र में सफाई व्यवस्था तक लचर हो गई और भाजपा की दिल्ली सरकार भी अपनी गारंटीयों को लेकर झूठी साबित हुई है।

# जी.बी.पंत अस्पताल सभागार में मनाई गई बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** संविधान रचयिता, पिछड़ी जाति के दबे-कुचले, गरीबों और महिलाओं के उत्थान के लिए जीवन भर संघर्षरत रहे बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के 134वें जन्म दिवस दिल्ली के जी.बी.पंत अस्पताल के सभागार में मनाया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में स्वास्थ्य कर्मचारी ने बाबा साहब को श्रद्धा के फूल अर्पण करते हुए नारो से जयघोष किया कि बाबा भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर अमर रहे।
इस प्रोग्राम में अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर अनिल अग्रवाल, सुप्रीम कोर्ट के सीनियर अधिवक्ता और लीगल एडवाइजर एस.सी.एसटी एसोसिएशन भानु प्रताप, संजय गहलोत (अध्यक्ष) दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग, दिनेश गोदियाल, के नागेश्वर राव नेशनल प्रेसिडेंट आल इंडिया एसी.एस.टी नेशनल फेडरेशन, एनपीएचए के अध्यक्ष विजय कुमार शामिल हुए सभी ने बाबा साहब पर फूल और श्रद्धा सुमन अर्पण करते हुए बाबा साहब द्वारा किए कार्य पर प्रकाश डाला। साथी अस्पताल कर्मचारियों को उनके अच्छे कार्य और दक्षता के लिए सर्टिफिकेट भी दिए गए। जी.बी पंत अस्पताल पैरामेडिकल टेक्निकल एम्पलाइज यूनियन के चेयरमैन भारतवीर के द्वारा मंच संचालन किया गया। उन्होंने अपने वक्तव्य में जनता के मौलिक अधिकार शिक्षा स्वास्थ्य सेवा को मजबूत बनाने और स्वास्थ्य कर्मियों की कार्य स्थितियों को बेहतर बनाने के लिए बेहद जरूरी है। स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत और सुदृढ़ बनाते हुए सरकारी तौर पर स्वास्थ्य सेवाओं को विस्तारित किया जाए और बजट बढ़ाया जाए। जनता को अच्छी सुविधाएं प्रदान की जाए। भारतवीर ने कहा कि ऐसे समय पर जब हम अपने देश की आजादी के 77वें वर्ष में आजादी का पर्व मना रहे हैं, हम समझते हैं कि देश के नागरिकों को बेहतरीन और गारंटी सुदा स्वास्थ्य सेवाएं देने का समय आ गया है। यह दुख का विषय है कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी का ये संविधान में दिया मौलिक अधिकार सरकार निजी हाथों में सौंपा जा रहा है, इस पर रोक लगनी चाहिए आज भी केंद्रीय बजट से स्वास्थ्य क्षेत्र पर 2 प्रतिशत से भी कम खर्च किया जाता है। जबकि हमारे से बहुत छोटी अर्थव्यवस्था वाले कई मुल्क हमारे देश से कहीं ज्यादा पैसा अपने स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च करते हैं और अपने देश के नागरिकों को स्वास्थ सेवाओं की गारंटी प्रदान कर रहे हैं।

## वजीरपुर विधानसभा: धूमधाम से मनाया गया कमल कुमार का जन्मदिन



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** वजीरपुर के समाजसेवी श्याम सुन्दर ने जानकारी देते हुए बताया कि कमल कुमार का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विधायक पूनम भारद्वाज, भाजपा नेता अशोक भारद्वाज सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर जिला केशवपुरम भाजपा एससी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष श्याम सुन्दर ने कहा कि मैं कमल कुमार को जन्मदिन की बधाई देता हूं और उनकी दीद्यार्यु की कामना करता हूं। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी मिस्टर कमल को जन्मदिन की बधाई दी।

## सनातन के लिए आंदोलन चलाना चाहिए: महाराज

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सनातन परंपरा में किसी का प्रतिरोध नहीं है। यह सदमार्ग है, उस प्रयास का जिसमें कोई भेदभाव नहीं है। इसमें मानव जाति का वर्गीकरण नहीं है। मेरा मानना है कि सनातन परंपरा, भारत की प्राचीनतम संस्कृति और धर्म है। इसे हिन्दू धर्म या वैदिक धर्म भी कहा जाता है।
सनातन धर्म को दुनिया का सबसे पुराना धर्म माना जाता है। सनातन धर्म की परंपरा में ईमानदारी, सद्भावना, दया, धैर्य, सहनशीलता, आत्म-संयम, उदारता, और तप जैसे गुण शामिल हैं। दिल्ली में एक कार्यक्रम में आए स्वामी श्री आनंद स्वरुप महाराज ने कहा कि तीन तरह की सत्ता गुरुसत्ता, लोकसत्ता और यमसत्ता के बीच हम सनातनियों को सैनिक की आवश्यकता पर बल दिया जाना चाहिए।
अपने पथ के प्रचार को सनातन की सीमा में बरकरार रखते हुए जो हमले हमारे उपर सनातन द्रोही के हाथों हो रहे हैं उसके बचाव के लिए सक्षम सेना बनाने की आवश्यकता है। गोस्वामी तुलसीदास जी ने रामचरितमानस में लिखी 'परहित सरिस धर्म नहीं भाई' मतलब दूसरों की भलाई करने से बड़ा कोई धर्म नहीं है।

## दिल्ली-एनसीआर में धूल भरी आंधी के बाद हुई बारिश, ओलावृष्टि की आशंका

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार शाम को अचानक मौसम में बदलाव देखने को मिला। धूल भरी आंधी और तेज हवाएं शहर में चलीं। इसके बाद बारिश शुरू हो गई। मौसम विभाग ने आने वाले घंटों में प्रतिकूल मौसम की स्थिति की चेतावनी दी और दिल्ली-एनसीआर के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, धूल भरी आंधी के बाद गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश, बिजली चमकने और 40-80 किमी प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी कि तेज हवाएं और ओले बागानों, बागवानी और खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। खुले इलाकों में लोगों और मवेशियों के घायल होने, कमजोर संरचनाओं को आंशिक नुकसान, कच्चे घरों और झोपड़ियों को मामूली नुकसान और ढीली वस्तुओं के उड़ जाने की संभावना भी है। ऑरेंज अलर्ट से संकेत मिलता है कि निवासियों को तैयार रहना चाहिए और आईएमडी की सलाह के अनुसार काम करना चाहिए। आईएमडी ने लोगों को घर के अंदर रहने, खिड़कियों और दरवाजों को सुरक्षित रखने और अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है। पेड़ों के नीचे नहीं, बल्कि सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने और कंक्रीट की सतहों के संपर्क से बचने की भी सिफारिश की है। लोगों से बिजली के उपकरणों को बंद करने, जल निकायों से तुरंत बाहर निकलने और बिजली का संचालन करने वाली वस्तुओं से दूर रहने का आग्रह किया गया है।
15 से अधिक उड़ानों को डायवर्ट किया गया: जानकारी के अनुसार, इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट (आईजीआईए) पर 15 से अधिक उड़ानों को डायवर्ट किया गया।

# धूमधाम से मनाया गया एडवोकेट रंजन कुमार का जन्मदिन, राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया ने दी बधाई





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के तीस हजारी इलाके में एडवोकेट रंजन कुमार का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष और दिल्ली के समाजसेवी खन्ना ढिकोलिया सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।
इस मौके पर खन्ना ढिकोलिया ने बताया कि रंजन कुमार बड़े ही अच्छे व्यक्ति हैं और अगर किसी को कानूनी सलाह और किसी प्रकार की सहायता देने के लिए हमेशा ही रंजन कुमार आगे रहते हैं और समाज के विकास की बात पर हमेशा ही जोर देते हैं। मैं उनको तहेदिल से जन्मदिन की बधाई देता हूं और उनकी दीघार्यु की कामना करता हूं। इस मौके पर ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर कुनाल, दीपक ढिकोलिया, वीनू, रवि कुमार, रवीन कश्यप, ज्योति कश्यप, निश्चल खन्ना, जय प्रकाश नारायण, विकास तोमर, साहिल हुसैन, कौशल कुमार, संजय दहिया, गौरी शंकर शर्मा, विपिन कुमार, शशि शर्मा, वीर सिंह, वीर बंधु, अनिल कुमार, नरेश कुमार, दीपक बग्गा, जगदीश, दीपक, मनीष पार्चा और अर्जुन कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# ओलंपिक मेडल के लिए मोदी का काशी से संदेश– "नौजवानों आपको अभी से तैयारी करनी होगी

**आह्वान**

**⏩ पीएम मोदी ने युवाओं को ओलंपिक खेलों में देश का नाम रोशन करने का आह्वान किया।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**वाराणसी: प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वाराणसी के राजातालाब मेहदीगंज में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए काशी के युवाओं को ओलंपिक खेलों में देश का नाम रोशन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 2036 में ओलंपिक भारत में हो, हम इसके लिए लगे हुए हैं। ओलंपिक में मेडल चमकाने के लिए मेरे काशी के नौजवानों आपको अभी से तैयारी करनी होगी। सभा में प्रधानमंत्री मोदी ने खास तौर पर वाराणसी में बने नए स्पोर्ट कॉम्प्लेक्स का उल्लेख करते हुए बताया कि यहां सैकड़ों युवा खिलाड़ी निरंतर प्रशिक्षण ले रहे हैं। उन्होंने कहा, "बनारस में आधुनिक स्टेडियम बन रहे हैं, युवाओं के लिए बेहतरीन सुविधाएं तैयार की जा रही हैं। हमारी सरकार का बहुत जोर इस पर भी है कि काशी के युवाओं को स्पोर्ट्स में आगे बढ़ने के लगातार मौके मिलें। प्रधानमंत्री मोदी ने काशी सांसद खेल प्रतियोगिता का भी जिक्र किया और कहा कि इससे खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का शानदार मंच मिला है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले कुछ महीनों में जैसे ही विकास परियोजनाएं पूरी होंगी, बनारस में आवाजाही आसान हो जाएगी, रफ्तार बढ़ेगी और कारोबार को भी नई उड़ान मिलेगी।
प्रधानमंत्री ने यह भी बताया कि काशी में सिटी रोपवे का ट्रायल शुरू हो गया है, बनारस अब दुनिया के चुनिंदा ऐसे शहरों में होगा, जहां ऐसी सुविधा होगी।

# हाईकोर्ट ने कहा, पुलिस बताए चार्जशीट दाखिल करने में लगभग सात साल क्यों लगे ?



**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रयागराज: इलाहाबाद** हाईकोर्ट ने दहेज उत्पीड़न के एक मामले में 16 दिसम्बर 2014 को एफआईआर दर्ज होने के बावजूद, पुलिस द्वारा आरोप पत्र लगभग सात साल बाद 24 जून 2021 को दायर करने पर पुलिस की कार्यशैली को लेकर गम्भीर टिप्पणी की है।
हाईकोर्ट ने दहेज उत्पीड़न के एक मामले में कृष्ण कुमार एवं अन्य की तरफ से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि आरोप पत्र दाखिल करने में लगभग सात वर्षों की अत्यधिक देरी तथा कोर्ट के संज्ञान लेने में अतिरिक्त तीन वर्षों की देरी पुलिस और निचली अदालत दोनों की ह्लसरासर लापरवाहीह्ल को दशार्ती है। यह मामला 2014 में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 498 ए, 323, 504, 506 और दहेज निषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत प्रयागराज जिले के थरवई पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर से संबंधित है। 16 दिसंबर, 2014 को एफआईआर दर्ज होने के बावजूद, आरोप पत्र 24 जून, 2021 को दाखिल किया गया। चार्जशीट लगभग सात साल बाद दाखिल की गई। देरी को और बढ़ाते हुए मजिस्ट्रेट ने आरोप पत्र दाखिल होने के लगभग तीन साल बाद 12 मार्च, 2024 को संज्ञान लिया। न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की कोर्ट ने कहा, ह्लयह तथ्य पुलिस के साथ-साथ संबंधित अदालत की ओर से घोर लापरवाही दर्शाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### सीबीएम इंडिया द्वारा दिल्ली में विकलांग बच्चों के लिए प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** सीबीएम इंडिया ट्रस्ट ने अपने एकसहभागीनिगमित(कॉपोरेट) की सीएसआरपहल के अंतर्गत दिल्ली में एक प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र (अर्ली इंटरवेंशन हब) की स्थापना की है। यह केंद्र 0 से 10 वर्ष की आयु के ऑटिज्म और बौद्धिक विकलांगता वाले बच्चों का समर्थन करेगा और अन्य प्रकार की विकलांगताओं वाले बच्चों के लिए भी सहयोग प्रदान करेगा, जिससे उन्हें आजीवन सीखने, बेहतर जीवन गुणवत्ता और समाज में पूर्ण भागीदारी की मजबूत नींव मिले। सीबीएम इंडिया के कार्यकारी निदेशक, श्री सोनी थॉमस ने कहा, बचपन के शुरूआती वर्षों से बच्चे का भविष्य आकार लेता है ।सीबीएम इंडिया में, हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि विकलांगता वाले बच्चों को वह समर्थन मिले, जिसकी उन्हें सबसे अधिक आवश्यकता है ।हमारा नया प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र तीन मुख्य सिद्धांतों पर कार्य करता है—समुदाय स्तर पर प्रारंभिक पहचान, हमारे केंद्र में बहु–विषयक टीम (मल्टी–डिसिप्लिनरी टीम) द्वारा पेशेवर सेवाओं की उपलब्धता, औरघरघर तक पहुँचने वाले माता–पिता सशक्तिकरण कार्यक्रम। इस समग्र दृष्टिकोण का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को मुख्यधारा की शिक्षा में सम्मिलित होने और समाज में पूर्ण भागीदारी के लिए तैयार करना है।



इस अवसर पर उपस्थित दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीटी) सरकार के पूर्व विकलांगता आयुक्त एवं भारत सरकार के पूर्व उप–आयुक्त (डिप्टी कमिश्नर) श्री टी. डी. धारियाल ने व्यक्तकिया,अक्सर, विकासात्मक विलंब और विकलांगता की पहचान तब होती है जब पहले ही बहुमूल्य समय व्यर्थ हो चुका होता है। इसलिए, प्रारंभिक पहचान अत्यंत आवश्यक है ।जितनी जल्दी हम किसी बच्चे की आवश्यकताओं को समझेंगे, उतनी ही प्रभावी रूप से हम उन्हें सही हस्तक्षेप (इंटरवेंशन) प्रदान कर सकते हैं। इसके साथ ही, परिवारों को सही संसाधन और ज्ञान देना भी उतना ही महत्वपूर्ण है, जिससे वे अपने बच्चे की पूर्ण क्षमता को प्राप्त करने में मदद कर सकें। मैं सीबीएम इंडिया ट्रस्ट को इस महत्वपूर्ण पहल के लिए बधाई देता हूँ, जो समुदाय में बच्चों और उनके परिवारों की वास्तविक आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करेगा। प्रारंभिक बचपन हस्तक्षेप (अर्ली चाइल्डहुड इंटरवेंशन) विकलांगता वाले बच्चों के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि इससे सीखने की क्षमता और जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हो सकता है। इस केंद्र के माध्यम से स्थानीय अस्पतालों और आंगनवाड़ी केंद्रों के सहयोग से नियमित जांच शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिससे विकलांगता औरविकासात्मक विलंब (डेवलपमेंटल डिले) की शीघ्र पहचान हो सकेगी। पहचान होने के बाद, प्रत्येक बच्चे को व्यापक मूल्यांकन प्राप्त होगा, जिससे उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं को समझकर उनके लिए व्यक्तिगत हस्तक्षेप योजना (इंडिविजुअलाइज्ड इंटरवेंशन प्लान) तैयार की जाएगी ।इस योजना को कार्यान्वित करने के लिए अनुभवी विशेषज्ञों सहित व्यावसायिक चिकित्सक (ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट), विशेष शिक्षक (स्पेशल एजुकेटर्स), भौतिकचिकित्सक (फिजियोथेरेपिस्ट) और वाणीऔरभाषाचिकित्सक (स्पीच और लैंग्वेज थेरेपिस्ट) मौजूद रहेंगे। इसके अतिरिक्त, यह केंद्र माता–पिता को परामर्श (काउंसलिंग) और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से सशक्त बनाएगा, जिससे वे अपने बच्चों के विकास में घर पर ही सक्रिय भूमिका निभा सकें। दक्षिणपुरी में स्थित सीबीएम इंडिया का यह प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र उन क्षेत्रों में मुफ्त सेवाएँ प्रदान करेगा, जहाँ विशेष देखभाल की लागत आमतौर पर परिवारों की पहुँच से बाहर रही है। इस पहल का लक्ष्य विकलांगता वाले बच्चों को उनके विकास के महत्वपूर्ण वर्षों में सहायता प्रदान करना है, जिससे वे सीखने, संवाद करने, अपने परिवेश के साथ जुड़ने और समग्र रूप से अपने स्वास्थ्य और कल्याण में सुधार कर सकें।

### नई दिल्ली के अरूण जेटली स्टेडियम में वी 5G हुआ लाईव

**गुरुग्राम।** देश भर में टी20 क्रिकेट का जोश अपने चरम पर है, इस बीच वी नई दिल्ली के अरूण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में लेकर आए हैं अपनी 5ऋसर्विसेज। अब नई दिल्ली के क्रिकेट प्रशंसक अल्ट्रा–फास्ट स्पीड पर लाईव क्रिकेट के रोमांच का लुत्फ उठा सकते हैं। इस पहल के साथ वी ने स्टेडियम में सहज 5ऋकनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए अपने नेटवर्क इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बना लिया है। अरूण जेटली स्टेडियम में लाईव एक्शन के लिए इकट्ठा हुए हजारों दर्शकों को हाई–स्पीड कनेक्टिविटी का अनुभव प्रदान करने के लिए वी ने अतिरिक्त 5ऋनेटवर्क साईट्स तैनात की हैं तथा बीटीएस और मैसिव एमटीएमओ जैसे तकनीकों के साथ अपने नेटवर्क को मजबूत बनाया है। दर्शकों को सर्वश्रेष्ठ डिजिटल अनुभव प्रदान करने के लिए नेटवर्क में विस्तार किया गया है, ताकि वे भीड़–भाड़ से भरे स्टेडियम में तेज और भरोसेमंद कनेक्टिविटी का लाभ उठा सकें। आप लाईव–स्ट्रीमिंग करना चाहते हैं, रील्स अपलोड करना चाहते हैं या अपने दोस्तों के साथ जुड़े रहना चाहते हैं– वी की 5ऋसर्विसेज मैच के दिन आपको बेहतरीन अनुभव प्रदान करने के लिए तैयार हैं। वी के उपभोक्ता जिनके पास 5ऋइनेबल्ड हैंडसैट है, वे इन स्टेडियमों में बिना किसी लागत के अनलिमिटेड वी 5ऋका अनुभव पा सकते हैं, इसके लिए उन्हें अपनी मोबाइल सेटिंग में जाकर 5ऋयूसेज पर स्विच करना होगा। क्रिकेट प्रशंसकों को देश भर के 11 स्टेडयमों में वी 5ऋका प्रीव्यू प्रदान करने के लिए अरूण जेटली स्टेडियम में यह 5ऋरोल–आउट किया गया है। इनमें शामिल हैं– ईडन गार्डन्स (कोलकाता), नरेन्द्र मोदी स्टेडियम (अहमदाबाद), एम चिन्नास्वामी स्टेडियम (बैंगलुरू), महाराजा यदविंदर सिंह क्रिकेट स्टेडियम (चण्डीगढ़), एमए चिदम्बरम स्टेडियम (चेन्नई), अरूण जेटली स्टेडियम (दिल्ली), राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम (हैदराबाद), सवाई मानसिंह स्टेडियम (जयपुर), एकाना स्टेडियम (लखनऊ), वानखेड़े स्टेडियम (मुंबई) और डॉ वायएसआर एसीए–वीडीसीए स्टेडियम (विशाखापटनम)। वी ने स्टेडियम के आस–पास सफलतापूर्वक कुल 53 साईट्स इंस्टॉल की हैं, 44 साईट्स की क्षमता बढ़ाई है और 9 सैल ऑन व्हील्स तैनात किए है।

### कम्पनी बाग वेंडिंग जोन स्वाद संगम को मिला भारत सरकार का ईट राइट प्रमाण पत्र

**मुरादाबाद: मुरादाबाद** स्मार्ट सिटी योजना के तहत नगर निगम क्षेत्र के कम्पनी बाग स्थित वेंडिंग जोन स्वाद संगम को भारत सरकार का ईट राइट प्रमाण पत्र शुक्रवार को मिल गया। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने बताया कि यह हब प्रमाण पत्र 28 मार्च 2025 से 27 मार्च 2027 तक के लिए आधिकारिक रूप से प्रभावी रहेगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में नगर निगम मुरादाबाद प्रशासन क्षेत्र में और भी नई ऊंचाइयों को छूने की दिशा में कार्य करता रहेगा?। प्रमाण पत्र स्वाद संगम को कॉर्पोरेट लेन-देन सलाह के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मान्यता के लिए प्रदान किया गया है जो वित्तीय परामर्श व्यावसायिक क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रही हैं।

# ग्रामीण युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर के कौशल से जोड़ेगी योगी सरकार

## ग्रामीण युवाओं को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रशिक्षण देकर उच्च वेतन वाली नौकरियों का मौका मिलेगा

**पहल**

**⏩ कदम उत्तर प्रदेश को कौशल विकास के वैश्विक मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में एक अनूठी पहल है**

**टीम एक्श इंडिया**
**लखनऊ: मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने दीन दयाल उपाध्याय-ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई) को एक नए वैश्विक दृष्टिकोण के साथ पुनर्जनित करने की शुरूआत कर दी है। योगी सरकार ग्रामीण युवाओं, विशेष रूप से महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रशिक्षण देकर उन्हें उच्च वेतन वाली नौकरियों से जोड़ने की दिशा में आगे बढ़ रही है। विभाग इसके लिए आगामी वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना इसी महीने तैयार कर लेगा। योगी सरकार का यह कदम उत्तर प्रदेश को कौशल विकास के वैश्विक मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में एक अनूठी पहल है। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि योगी सरकार इस योजना के तहत कम से कम 75 प्रतिशत प्रशिक्षुओं को न्यूनतम 12,000 रुपये मासिक वेतन वाली नौकरियां दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। खास तौर पर ग्रामीण महिलाओं को इसमें शामिल करने पर जोर है, ताकि वे आर्थिक रूप से सशक्त होकर परिवार और समाज को मजबूत करें। ग्रामीण युवाओं कोवैश्विक उद्योगों के लिए तैयार कर के न केवल स्थानीय रोजगार को बढ़ाने पर जोर दे रही है, बल्कि राज्य को कुशल कार्यबल का केंद्र बनाने की दिशा में भी आगे बढ़रही है। योगी सरकार ने मिशन की सफलता के लिए अधिकारियों और परियोजना कार्यान्वयन एजेंसियों की क्षमता वृद्धि पर विशेष ध्यान दे रही है। अप्रैल 2025 में कार्यशालाओं का आयोजन और परियोजना कार्यान्वयन एजेंसियों के साथ नियमित संवाद से प्रशिक्षण प्रणाली को और प्रभावी बनाया जाएगा। यह युवाओं को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने में मदद करेगा, जो वैश्विक बाजार की मांगों को पूरा कर सके। सरकार ने अन्य देशों और राज्यों की उन्नत कार्यप्रणालियों का अध्ययन शुरू किया है, ताकि उत्तर प्रदेश की कौशल विकास प्रणाली को विश्वस्तरीय बनाया जा सके। साथ ही, उद्योगों के साथ दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित कर प्रशिक्षित युवाओं को शत-प्रतिशत रोजगार दिलाने की योजना है। यह कदम ग्रामीण युवाओं को वैश्विक उद्यमों के लिए तैयार करेगा।
इसके लिए उत्तर प्रदेश कौशल विकास विभाग इस महीने कार्ययोजना तैयार कर लेगी। बीते दिनों हुए विभाग की समीक्षा बैठक में इस योजना पर गहनता से चर्चा की गई और इस वित्तीय वर्ष के लिए विभाग की कार्ययोजना जल्द बनाने के निर्देश दिए गए।

# दिल्ली के युवक की हत्या में होटल कर्मी समेत दो गिरफ्तार

**वारदात**

**⏩ पुत्र दीपक का शव 9 अप्रैल को घिटौरा जंगल के गड्ढों में पड़ा मिला था**

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद: दिल्ली** के युवक की हत्या का मामला पुलिस ने शुक्रवार को सुलझा लिया है। पुलिस ने हत्या करने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया है और उनकी निशानदेही पर आलाकत्ल पौना ईंट, मृतक का मोबाइल फोन व सिर की कैप ,पैरों की हवाई चप्पल व मृतक की स्पलैन्डर मोटरसाइकिल बरामद की है। आरोपितों ने बताया उन्होंने मृतक के मोबाइल व रुपये लूट लिए थे। दीपक ने पुलिस में शिकायत करने की धमकी दी थी।।जिसके बाद इन्होंने फंसने के डर से दीपक की हत्या कर दी। डीसीपी एसएन तिवारी ने बताया कि 10 अप्रैल को कोमल प्रसाद शर्मा निवासी गली नं.-1 कमल विहार थाना करावल नगर दिल्ली ने सूचना अंकित करायी कि 6अप्रैल को उसका पुत्र दीपक अपने घर करावल नगर दिल्ली से सायं 5 बजे अपने काम के सिलसिले में गया हुआ था। जो वापस नहीं आया था। उसके बेटे दीपक का मोबाइल 7अप्रैल के दोपहर के बाद स्विच आफ होने के कारण कोई सम्पर्क नहीं हो पा रहा था । उसके पुत्र दीपक का शव 9 अप्रैल को घिटौरा जंगल के गड्ढों में पड़ा मिला था। तहरीर के आधार पर थाना ट्रोनिका सिटी में अभियोग पंजीकृत किया गया तथा घटना के अनावरण हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया । अभिषेक व रवि उर्फ कतरू कश्यप निवासी राजधानी एन्क्लेव निशान्त कॉलोनी पावी थाना ट्रोनिका सिटी गाजियाबाद को रंजीत गेट के पास से गिरफ्तार किया गया ।

# रिटायर्ड फौजी ने गोली मारकर की खुदकुशी

**जालौन: कैलिया** थाना क्षेत्र के ग्राम खैरी में रिटायर्ड फौजी सीता राम ने शुक्रवार को तमंचे से गोली मारकर खुदकुशी कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सेना से सेवानिवृत्त सीताराम (74) वर्तमान में सरकारी राशन की दुकान चला रहे थे। आज उन्होंने अपने घर में तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने सीता राम का शव खून से लथपथ देखा और सूचना पुलिस को दी। मौके पर कैलिया थानाध्यक्ष अतुल कुमार और कोंच क्षेत्राधिकारी डॉ देवेंद्र पचौरी फोर्स और फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

# कोन ऐलिवेटर इंडिया ने पानीपत में नए कार्यालय के साथ हरियाणा में अपनी उपस्थिति मजबूत की



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत।** ऐलिवेटर, ऐस्केलेटर और ऑटोमेशन सॉल्यूशन प्रदान करने वाली अग्रणी कंपनी KONE ऐलिवेटर इंडिया ने पानीपत में एक नया कार्यालय खोलकर हरियाणा में अपनी उपस्थिति का विस्तार किया है। हरियाणा उत्तर भारत के तेजी से बढ़ते इलाकों में से एक है और इस नए दफ्तर के द्वारा कंपनी राज्य में अपनी उपस्थिति को मजबूत करते हुए उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद और सेवाएं प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को पुख्ता कर रही है। यह नया कार्यालय हरियाणा में लिफ्ट और ऐस्केलेटर सॉल्यूशंस की बढ़ती मांग को पूरा करेगा।
यह दफ्तर एक ऐक्जिबिशन सेंटर के रूप में भी काम करेगा, जिसमें KONE के उन्नत लिफ्ट डिजाइन, इनोवेटिव फीचर और अत्याधुनिक तकनीक प्रदर्शित की जाएगी। यह ऑफिस पानीपत, अम्बाला, कुरुक्षेत्र, करनाल, हिसार, कैथल, सिरसा, यमुनानगर, सोनीपत, रोहतक, भिवानी, जींद और फतेहाबाद सहित प्रमुख शहरों में कार्यरत सेल्स, इंस्टॉलेशन, सर्विस और मॉडर्नाइजेशन टीमों को सपोर्ट देगा। नए दफ्तर के उद्घाटन के अवसर पर KONE इंडिया और दक्षिण एशिया के प्रबंध निदेशक अमित गोसाईं ने कहा, हम पानीपत में अपनी मौजूदगी का विस्तार करते हुए बहुत उत्साहित हैं - इस शहर की एक समृद्ध विरासत है और आर्थिक विकास की राह पर यह तेजी से अग्रसर है। यह नया कार्यालय हरियाणा में हमारी उपस्थिति को मजबूत करेगा, इससे हम अपने ग्राहकों के और करीब आ जाएंगे, जिससे हम उन्हें अधिक कुशलता से सेवाएं प्रदान कर पाएंगे। इस क्षेत्र के लिए अपनी प्रतिबद्धता को बढ़ाते हुए हम अत्याधुनिक इनोवेशन को पेश करने तथा स्मार्ट व सस्टेनेबल अर्बन मोबिलिटी सॉल्यूशन देने के लिए तत्पर हैं जो ज्यादा सहज, सुरक्षित एवं भविष्य के लिए बनाए गए हैं। हम हरियाणा के विधानसभा सदस्य प्रमोद कुमार विज का हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं।

# मोदी ने वाराणसी दौरे का अर्धशतक लगाया

## मेंहदीगंज में प्रधानमंत्री एक बार फिर विकास की नई इबारत लिखेंगे, 3884 करोड़ रुपए की 44 परियोजनाओं का तोहफा दिया

**दौरा**

**⏩ देश में आजादी के बाद किसी भी प्रधानमंत्री ने वाराणसी का इतना दौरा नही किया है।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**वाराणसी: प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को अपनी काशी में एक बा?र फिर विकास की नई इबारत लिखेंगे। इसी के साथ वे 11 वर्षो के अपने कार्यकाल में वाराणसी दौरे का अर्धशतक भी लगाएंगे। देश में आजादी के बाद किसी भी प्रधानमंत्री ने वाराणसी का इतना दौरा नही किया है।
प्रधानमंत्री ने वाराणसी में विकास और वाराणसी दौरे की बड़ी लकीर खींच दी है। इस ऐतिहासिक मौके पर प्रधानमंत्री मोदी मेहंदीगंज राजातालाब में आयोजित जनसभा स्थल के मंच से 3884 करोड़ रुपये की लागत वाली 44 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं में रिंग रोड और सारनाथ के बीच सड़क पुल, भिखारीपुर व मंडुवाडीह क्रॉसिंग पर फ्लाईओवर, और बाबतपुर में एनएच-31 पर अंडरपास सुरंग का शिलान्यास शामिल है। जनसभा के पहले प्रधानमंत्री मोदी 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को पहली बार आयुष्मान वय वंदना कार्ड भी बाटेंगे। इसके अलावा वे फूलपुर करखियांव स्थित बनास (अमूल) डेयरी से जुड़े प्रदेश के 2.70 लाख किसानों को 106 करोड़ रुपये का बोनस डीबीटी के जरिए ट्रांसफर करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के 50 वें काशी दौरे को लेकर भाजपा कार्यकर्ता और काशी वासी बेहद उत्साहित है। पीएम मोदी के मेहंदीगंज आगमन पर उनका हर हर महादेव के उद्घोष के साथ स्वागत होगा। प्रधानमंत्री की मेहंदीगंज में होने वाली जनसभा के लिए भाजपा ने जोरदार तैयारियां की हैं। काशी क्षेत्र के भाजपा अध्यक्ष दिलीप पटेल ने बताया कि जनसभा स्थल को 17 व्यवस्थागत सेक्टर और 20 बैठने के ब्लॉक में विभाजित किया गया है। विशेष व्यवस्था अतिविशिष्ट व्यक्तियों, प्रबुद्धजनों, महिलाओं, दिव्यांगों और मीडिया प्रतिनिधियों के लिए की गई है।

# सीएम की मॉनीटरिंग से तेजी से निस्तारित हो रहे राजस्व संबंधी वाद

## प्रदेश के 18 मंडलों में सबसे अधिक आगरा मंडल ने निस्तारित किये 3,381 मामले

**समाधान**

**⏩ गोरखपुर मंडल ने 3,222 मामलों और वाराणसी मंडल ने 2,897 मामलों का समाधान किया**



**टीमि एक्शन इंडिया**
**लखनऊ: मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की सख्त मॉनीटरिंग और दूरदर्शी सोच से प्रदेश में दर्ज होने वाले राजस्व संबंधी मामलों में गिरावट दर्ज की गयी है जबकि इन मामलों के निपटारे में उल्लेखनीय प्रगति देखी गयी है। इससे जहां एक ओर प्रदेश के अन्नदाताओं को त्वरित न्याय और राहत मिल रही है, वहीं दूसरी ओर प्रशासन में पारदर्शिता बढ़ी है। प्रदेश में राजस्व संबंधी मामलों के निस्तारण में यही रफ्तार रही, तो प्रदेश के अन्नदाताओं समेत आमजन बड़ी राहत मिलेगी और उत्तर प्रदेश सशक्त प्रदेश बनकर उभरेगा। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 की तुलना में 2024-25 में प्रदेशभर के सभी मंडलीय न्यायालयों में राजस्व संबंधी विचाराधीन वादों की संख्या में गिरावट देखी गई है। 1 अप्रैल 2024 तक मंडलीय न्यायालयों में जहां कुल 1,29,296 वाद विचाराधीन थे, वहीं 1 अप्रैल 2025 तक यह संख्या घटकर 1,15,319 पर आ गई। यह आकंड़ा दशार्ता है कि प्रदेश में पिछले एक वर्ष में 13,977 राजस्व संबंधी विचाराधीन मामले कम हुए हैं। वहीं 3 वर्ष से अधिक 5 वर्ष से कम अवधि के लंबित वादों की संख्या जहां वर्ष-24 में 13,797 थी, वहीं यह संख्या घटकर अप्रैल-25 में 8,832 हो गयी है। इसी तरह 5 वर्ष से अधिक अवधि के लंबित वादों की संख्या वर्ष-24 में 70,336 थी, जो घटकर अप्रैल-25 में 51,473 हो गयी है। यह योगी सरकार की पारदर्शिता और योजनाओं को ही असर है कि प्रदेश में लगातार राजस्व संबंधी वादों में कमी आ रही है। प्रदेश के 18 मंडलों में से आगरा मंडल ने सबसे अधिक 3,381 मामलों का निस्तारण किया, जो कि प्रदेश में सर्वाधिक है। इसके बाद गोरखपुर मंडल ने 3,222 मामलों और वाराणसी मंडल ने 2,897 मामलों का समाधान किया। ये आंकड़े दशार्ते हैं कि सरकार की प्राथमिकता सूची में किसान सबसे ऊपर हैं।

# झांसी परिक्षेत्र में रोडवेज बसों के विस्तार के साथ महिला परिचालकों की होगी भर्ती

**शांति**

~~⏩ मुख्यमंत्री के प्रयास का सकारात्मक असर देखने को मिला और कहीं भी सड़क पर नमाज नहीं हुई~~

**झांसी**
**योगी** सरकार प्रदेश के शहरी क्षेत्रों के अलावा ग्रामीण इलाकों के यात्रियों के सुगम सफर के लिए लगातार काम कर रही है। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम बुंदेलखण्ड के सुदूर इलाकों की कनेक्टीविटी को बढ़ाने और शहरों तक पहुंचने के लिए अपने बेड़े को मजबूत करने में जुटी है। यात्रियों के लिए सुविधा युक्त सफर मुहैया कराने को लेकर झांसी क्षेत्र को आने वाले दिनों में 82 नई बसें मिलने जा रही हैं। नई बसों के आने की तैयारी के साथ ही उनके संचालन को लेकर महिला परिचालकों की भर्ती की तैयारी भी शुरू कर दी गई है। झांसी में रोडवेज के क्षेत्रीय कार्यालय पर आने वाली 15 अप्रैल को संविदा पर महिला परिचालकों की भर्ती के लिए रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। रोडवेज विभाग आने वाले दिनों में बसों की बढ़ने वाली संभावित संख्या को देखते हुए महिला संविदा परिचालकों की भर्ती कर उनकी भागीदारी को बढ़ाने पर जोर दे रहा है। इन महिला परिचालकों की भर्ती झांसी, ललितपुर और जालौन जिलों के लिए की जाएगी।
क्षेत्रीय प्रबंधक संतोष कुमार ने बताया कि रोडवेज झांसी को आने वाले दिनों में नई बसें मिलने जा रही हैं। इसके लिए विभागीय स्तर पर तैयारी की जा रही है। महिला संविदा परिचालकों की भर्ती के लिए रोडवेज के क्षेत्रीय कार्यालय

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



# आनंदपुर धाम आकर मन अभिभूत है : मोदी

**जिस भूमि का कण-कण संतों की तपस्या से सींचा गया हो, जहां परमार्थ परंपरा बन गया हो, वो धरती साधारण नहीं है : मोदी**

**परमार्थ**

● हम स्वामी अद्वैतानंद महाराज जी के जीवन में भी इसकी झलक देख सकते हैं : पीएम मोदी





**टीम एक्शन इंडिया**
**अशोकनगर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने क**हा कि हमारा भारत ऋषियों, मनीषियों और संतों की धरती है। आनंदपुर धाम में आकर मन अभिभूत है। हृदय आनंद से भर गया। जिस भूमि का कण-कण संतों की तपस्या से सींचा गया हो, जहां परमार्थ परंपरा बन गया हो। वो धरती साधारण नहीं है। हमारे संतों ने अशोकनगर के बारे में कहा था कि यहां शोक आने से डरता है। प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को मध्य प्रदेश के प्रवास के दौरान अशोकनगर जिले के ईसागढ़ तहसील स्थित श्री आनंदपुर धाम में सत्संग कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी के साथ राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आए अनुयायी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब-जब हमारा भारत, हमारा समाज किसी मुश्किल दौर से गुजरता है, कोई न कोई ऋषि, मनीषी इस धरती पर अवतरित होकर समाज को नई दिशा देता है। हम स्वामी अद्वैतानंद महाराज जी के जीवन में भी इसकी झलक देख सकते हैं। एक समय था, जब आदि शंकराचार्य जैसे आचार्यों ने अद्वैत दर्शन के गहरे ज्ञान की व्यख्या की थी। इसी परंपरा में अद्वैतानंद जी महाराज ने भारत के जन सामान्य तक इसे पहुंचाने का बीड़ा उठाया। महाराज जी ने अद्वैत के ज्ञान को हम सभी के लिए और सरल बनाया, उसे सामान्य मानवी के लिए और सुलभ कर दिया। उन्होंने कहा कि दुनिया में भौतिक उन्नति के बीच मानवता के लिए युद्ध, संघर्ष और मानवीय मूल्यों से जुड़ी कई चिंताएं हमारे सामने हैं। इनकी जड़ में क्या है। इनकी जड़ में अपने और पराए की मानसिकता है। ये मानसिकता मानव से मानव को दूर करती है। आज विश्व भी सोच रहा है इनका समाधान कहां मिलेगा। इनका समाधान अद्वैत के विचार में मिलेगा। अद्वैत यानी यहां कोई द्वैत नहीं है। उन्होंने कहा कि अशोकनगर और आनंदपुर धाम ने देश को बहुत कुछ दिया है। इनका विकास भी हमारी जिम्मेदारी है। इस क्षेत्र को कला संस्कृति और प्राकृतिक सौंदर्य का वरदान प्राप्त है। यहां विकास और विरासत की असीम संभावनाएं है। इसलिए हम हम प्रदेश और अशोकनगर में तेजी से विकास कर रहे हैं। मध्य प्रदेश सरकार अभी से ही उज्जैन के सिंहस्थ की तैयारियों में जुटी है। उन्होंने कहा कि गरीब और वंचित के उत्थान का संकल्प, सबका साथ सबका विकास का मंत्र, सेवा की भावना सरकार की नीति है। निष्ठा भी है। सेवा की भावना हमारे व्यक्तित्व को भी निखारती है। सेवा हमें व्यक्तिगत दायरे से निकालकर मानवता के बड़े उद्देश्य से जोड़ती है। सेवा की भावना हमारी सरकार के हर प्रयास के केंद्र में है। आज हर जरूरतमंद प्रधानमंत्री अन्न योजना के चलते खाने की चिंता से मुक्त हैं। हर गरीब-बुजुर्ग आयुष्मान योजना के कारण इलाज की चिंता से मुक्त है। पीएम आवास योजना के कारण पक्के घर की चिंता से मुक्त हो रहा है। जल जीवन मिशन के कारण गांव-गांव में जल समस्या खत्म हो रही है। इससे पहले प्रधानमंत्री ने आनंदपुर धाम पहुंचकर परमहंस अद्वैत मत के मंदिरों में दर्शन किए। उन्होंने यहां गुरुजी महाराज मंदिर में पूजा-अर्चना की।

# उत्तर प्रदेश के 21 उत्पादों को मिला जीआई टैग प्रमाण पत्र



**प्रमाणपत्र**

● बनारसी तबला और भरवा मिर्च भी शामिल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी दौरे पर किया 21 जीआई टैग प्रमाण पत्रों का वितरण, जीआई टैग में अग्रणी है उत्तर प्रदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**वाराणसी। उ**त्तर प्रदेश की सांस्कृतिक और शिल्प विरासत को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को अपने वाराणसी दौरे के दौरान प्रदेश के 21 पारंपरिक उत्पादों को भौगोलिक संकेतक टैग का प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस कार्यक्रम ने न सिर्फ प्रदेश की विविधताओं को एक नई उड़ान दी, बल्कि योगी सरकार की एक जिला, एक उत्पाद नीति की सफलता को भी रेखांकित किया। बनारसी तबला और भरवा मिर्च जैसे खास व्यंजन और कारीगरी अब वैश्विक मंच पर अपनी विशिष्ट पहचान के साथ चमक बिखेरेंगे। उल्लेखनीय है कि 77 जीआई उत्पादों के साथ उत्तर प्रदेश भारत में पहले स्थान पर है। इसमें भी अकेले 32 जीआई के साथ काशी क्षेत्र दुनिया का जीआई हब है। बनारसी तबला और भरवा मिर्च को मिली खास पहचान वाराणसी की दो विशिष्ट पहचानें बनारसी तबला और भरवा मिर्च अब जीआई टैग प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त उत्पाद बन गए हैं। संगीतप्रेमियों के लिए बनारसी तबला वर्षों से एक खास स्थान रखता है, वहीं बनारसी भरवा मिर्च अपने अनूठे स्वाद और पारंपरिक विधि के कारण हमेशा चर्चा में रहती है।

**प्रदेश की पारंपरिक कारीगरी को अंतर्राष्ट्रीय मंच**

वाराणसी के ही अन्य उत्पाद जैसे शहनाई, मेटल कास्टिंग क्राफ्ट, म्यूरल पेंटिंग, लाल पेड़ा, ठंडाई, तिरंगी बर्फी और चिरईगांव का करौंदा को भी जीआई टैग प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। ये सभी न केवल सांस्कृतिक धरोहर हैं, बल्कि इनसे जुड़े हजारों कारीगरों को अब वैश्विक बाजार में अपने हुनर को दिखाने का अवसर मिलेगा। पद्मश्री से सम्मानित जीआई विशेषज्ञ डॉ रजनीकांत के अनुसार, काशी क्षेत्र दुनिया का जीआई हब है। 32 जीआई टैग के साथ लगभग 20 लाख लोगों के जुड़ाव और 25500 करोड़ के वार्षिक कारोबार अकेले काशी क्षेत्र से है। इस जीआई सूची में बरेली का फर्नीचर, जरी जरदोजी और टेराकोटा, मथुरा की सांझी क्राफ्ट, बुंदेलखंड का काठिया गेहूं और पीलीभीत की बांसुरी भी शामिल हैं। ये सभी उत्पाद अपने-अपने क्षेत्रों की सांस्कृतिक पहचान हैं।

# उत्तराखण्ड में अतिवृष्टि का पूवार्नुमान, सर्तक रहने के निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून।** मौसम विज्ञान विभाग ने राज्य के कई जिलों में तेज मौसम परिवर्तन की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार, उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, टिहरी, पिथौरागढ़, बागेश्वर और अल्मोड़ा जनपदों में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने, ओलावृष्टि और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है। वहीं, देहरादून, पौड़ी, चम्पावत, नैनीताल और ऊधमसिंहनगर में 50 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झक्कड़ चलने की संभावना के साथ-साथ ओलावृष्टि और आकाशीय बिजली की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग की चेतावनी के बाद राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने सभी जिलों के जिलाधिकरियों को पत्र जारी कर सावधान व सर्तक मोड पर रहने के निर्देश जारी किए हैं। उपनिरीक्षक, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी अपने क्षेत्रों में बने रहने, समस्त चौकी व थानों को आपदा सम्बन्धी उपकरणों एवं वायरलैस सहित हाई अलर्ट में रहने के निर्देश दिए हैं।

# सुहेलदेव का स्मारक भारत की विजय का प्रतीक : सीएम



**विजय पताका**

● मंत्री ओमप्रकाश राजभर की माता की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में सम्मिलित हुए

**टीम एक्शन इंडिया**
**वाराणसी/लखनऊ :** महाराज सुहेलदेव ने 1000 साल पहले विदेशी आक्रांता सालार मसूद को तीन लाख की सेना सहित पराजित कर भारत की विजय पताका फहराई थी। लेकिन गुलामी की मानसिकता ने उनके गौरवशाली इतिहास को भुला दिया। कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने समाज के सामने उस गौरव को फिर से जीवित किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ये बातें शुक्रवार को वाराणसी में पिंडरा ब्लॉक के फतेपुर में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर की पूज्यनीय माता स्वर्गीय जितना देवी राजभर की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कहीं।

**यह स्मारक देश को बांटने और गद्दारी करने की साजिश रचने वालों के लिए चेतावनी**

सीएम योगी ने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि आज ऐसी पुण्य भूमि पर हूं, जो चक्रवर्ती सम्राट सुहेलदेव के पराक्रम की भूमि है। उन्होंने कहा कि महाराज सुहेलदेव ने 1000 साल पहले बहराइच की धरती पर विदेशी आक्रांता सालार मसूद को पराजित कर भारत की विजय पताका फहराई थी। आज महाराज सुहेलदेव का स्मारक बनकर तैयार हो चुका है, जो भारत की विजय और विदेशी आक्रांताओं के लिए एक चुनौती का प्रतीक है। यह स्मारक उन लोगों के लिए भी चेतावनी है, जो आज भी देश को बांटने और गद्दारी करने की साजिश रच रहे हैं।

# सीएम ने बिलासपुर को दी आठ विकास परियोजनाओं की सौगात



**रोजगार**

● न केवल पर्यटन को बल मिलेगा, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से जिला बिलासपुर के लिए आठ महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इन योजनाओं से न केवल पर्यटन को बल मिलेगा, बल्कि हरित ऊर्जा और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। मुख्यमंत्री ने बिलासपुर उपायुक्त कार्यालय में 70 लाख रुपये की लागत से बने 110 किलोवाट क्षमता के सौर ऊर्जा चालित रूफटॉप प्लांट का उद्घाटन किया। यह हिमाचल का पहला हरित उपायुक्त कार्यालय बन गया है, जिससे हर माह 13,200 यूनिट बिजली का उत्पादन होगा और लगभग 10 लाख रुपये की सालाना बचत होगी। इसके साथ ही 4.5 करोड़ रुपये की लागत से बने शहरी आजीविका केंद्र, 40 लाख रुपये की लागत से निर्मित चार स्पैस लैब, और 2.5 करोड़ रुपये की लागत से तैयार मॉडल करियर सेंटर का लोकार्पण भी किया गया। मुख्यमंत्री ने कोल डैम क्षेत्र में जल क्रीड़ा गतिविधियों का शुभारंभ करते हुए कहा कि इससे बिलासपुर को पर्यटन के नक्शे पर नई पहचान मिलेगी और स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने राज्य में 2400 करोड़ रुपये की लागत से नए पर्यटन स्थलों के विकास का निर्णय लिया है।

# मंडियों में बरसात की भेंट चढ़ी गेहूं की फसल

**नुकसान**

● बरसात व ओलावृष्टि से गेहूं, सरसों व चने की फसल को काफी नुकसान होने का अनुमान है

**टीमम एक्शन इंडिया**
**सिरसा।** सिरसा जिला में शुक्रवार को हुई बरसात व ओलावृष्टि से गेहूं, सरसों व चने की फसल को काफी नुकसान होने का अनुमान है। मंडियों में आई फसल बरसात की भेंट चढ़ गई है। जानकारी के अनुसार जिला की मंडियों व खरीद केंद्रों पर लाखों क्विंटल सरसों व गेहूं की फसल खुले में पड़ी थी जो बारिश में भीग गई। सिरसा, डबवाली, रानियां, कालांवाली व नाथूसरी चोपटा सहित अन्य खरीद केंद्रों में गेहू भिगने का समाचार है। सिरसा में 16 एमएम बरसात हुई। तेज आंधी के साथ हुई बरसात से खेतों में खड़ी फसल को भी नुकसान होने का अंदेशा है।किसानों ने बताया कि गेहूं व सरसों की फसल मंडियो में बिकने के लिए जा रही है तथा खेतों में भी अभी गेहूं व सरसों की फसल कटनी अभी बाकी है। खेतों में खड़ी फसलों को भी काफी नुकसान होने का अंदेशा है। वहीं मंडियों में आई गेहूं- सरसों की फसल को बरसात से बचाने के लिए प्रशासन व आढ़तियों की ओर से कोई पुखता इंतजाम नहीं किया गया है, जिसके कारण मंडी में पड़ी किसानो की गेहूं व सरसों की ढेरियां भीग गई है। मंडियों मं आई गेहूं व सरसों का उठान धीमा होने के कारण खुले में पड़ी फसल की ढेरियों को काफी नुकसान हुआ है। मार्केट कमेटी के ओक्शन रिकॉर्डर प्रमोद कुमार ने बताया कि नाथूसरी चोपटा अनाज मंडी में अभी तक 22000 क्विंटल गेहूं की आवक हुई है और उठान शुरू नहीं हुआ है।

# लाहौल-स्पीति में बर्फबारी से ठंड बढ़ी

**टीम एक्शन इंडिया**
**कुल्लू।** जनजातीय जिला लाहौल स्पीति में शुक्रवार को एक बार फिर से बर्फबारी शुरू हो गई है। बर्फबारी के कारण कई स्थानों पर भूस्खलन भी हो रहा है। जिसकारण दुर्घटना का अंदेशा बना हुआ है। बर्फबारी और निचले क्षेत्रों में हो रही हल्की बारिश के कारण एक बार फिर से ठंड बढ़ गई है। अटल टनल रोहतांग के नॉर्थ पोर्टल में दोपहर बाद बर्फबारी शुरू हो गई है तो अटल टनल के साउथ पोर्टल में हल्की बर्फबारी हो रही है।

**भव्य आयोजन** नशामुक्त हिमाचल अभियान के तहत किया गया, जिसमें देश-विदेश से आए धावकों ने भाग लिया

# राज्यपाल ने 'सिल्क रूट अल्ट्रा ट्रेल रन' को दिखाई हरी झंडी




**अनूठा माध्यम**

● खेल प्रतियोगिता नहीं बल्कि हिमाचल की संस्कृति, प्रकृति और परंपराओं से जुड़ने का एक अनूठा माध्यम है

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला।** शिमला जिला के नारकंडा में 5वीं सिल्क रूट अल्ट्रा ट्रेल रन का भव्य आयोजन हुआ, जिसे राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह आयोजन हिमालयन एक्सपीडिशन द्वारा नशामुक्त हिमाचल अभियान के तहत किया गया, जिसमें देश-विदेश से आए धावकों ने भाग लिया। राज्यपाल ने अपने संबोधन में युवाओं को देश का वर्तमान और भविष्य बताते हुए कहा कि उन्हें सकारात्मक दिशा देना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि यह दौड़ केवल खेल प्रतियोगिता नहीं बल्कि हिमाचल की संस्कृति, प्रकृति और परंपराओं से जुड़ने का एक अनूठा माध्यम है। उन्होंने इसे इको पर्यटन को बढ़ावा देने और ऐतिहासिक सिल्क रूट की पहचान को पुनर्जीवित करने की दिशा में एक प्रभावशाली पहल बताया। इस आयोजन में भारत के विभिन्न राज्यों के 250 से अधिक धावकों के साथ-साथ फ्रांस और जर्मनी से आए तीन अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों ने भी हिस्सा लिया। 102 किलोमीटर लंबी यह ट्रेल रन नारकंडा से सराहन तक हिमालय की खूबसूरत वादियों में आयोजित की गई, जिसे चार वर्गों में विभाजित किया गया था। राज्यपाल ने नशामुक्त हिमाचल के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि नशे की रोकथाम केवल सरकार का काम नहीं, बल्कि समाज के हर व्यक्ति की भागीदारी जरूरी है।

